● सीधी, सिंगरौली, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 95, पृष्ठ : 08, सीधी, रविवार, 12 मई 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



मोदी की गारंटी बनेगी हार का कारण: गहलोत 5

चेन्नई सुपरकिंग को प्लेआफ के पड़े लाले 6

## घमंडिया गठबंधन की करारी हार होगी : डॉ. यादव

**इंदौर।** सीएम मोहन यादव ने इंदौर में भाजपा प्रत्याशी शंकर लालवानी के प्रचार के लिए रोड शो और सभा की। सीएम ने सुबह देपालपुर में आयोजित सभा में भाग लिया और कहा कि घमंडिया गठबंधन की करारी हार होगी। यहां पर वे कांग्रेस, आप और अन्य दलों से बने गठबंधन पर जमकर बरसे। इसके बाद वे इंदौर में हुए रोड शो में शामिल हुए। रोड शो में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय समेत इंदौर के सभी विधायक शामिल हुए।

शनिवार को इंदौर में चुनाव प्रचार का अंतिम दिन है और आज शाम को छह बजे प्रचार थम जाएगा। इंदौर में एक किमी लंबा रोड शो नृसिंह बाजार से शुरू हुआ है जो सीतला माता बाजार मंदिर पर समाप्त होगा। मुख्यमंत्री ने विशेष रथ पर सवार होकर शाम 4.30 बजे नृसिंह मंदिर से रोड शो शुरू किया। मारोठिया, सराफा, लोधीपुरा,



इतवारिया बाजार, बर्तन बाजार, पीपली बाजार, शकर बाजार, सीतला माता बाजार होते हुए वापस मंदिर पर ही समाप्त होगा। यहीं पर मुख्यमंत्री शाम 6 बजे से पहले सभा को संबोधित करेंगे। पूरे मार्ग को पोस्टर, बैनर, झंडों से सजाया गया है और सभी व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर भी भगवा झंडे लगाए गए हैं। रोड शो के लिए भाजपा के कार्यकर्ताओं ने मध्य क्षेत्र के सभी बाजारों को भगवामय कर दिया है।

इसके पूर्व मतदान के अंतिम चरण का चुनावी प्रचार की समाप्ति से पहले प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इंदौर में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस को जिताने के लिए पाकिस्तान से मदद मिल रही है। उन्होंने कहा कि हम भगवान की बात करते है तो कांग्रेस की नींद उड़ जाती है। हम यहां नहीं तो क्या पाकिस्तान में भगवान की बात करेंगे। पता नहीं कांग्रेस का पाकिस्तान से क्या संबंध है। कांग्रेस के लिए कोई समर्थन की बात नहीं कर रहा, लेकिन पाकिस्तान के नेतागणों के बयान आ रहे है कि कांग्रेस की जीत होना चाहिए। कांग्रेस को जिताने के लिए पाकिस्तान मदद कर रहा है, इससे बड़ी दुभार्ग्य की बात क्या होगी।

सभा में जब मुख्यमंत्री यादव भाषण दे रहे थे तो माइक कुछ देर के लिए बंद हो गया। दूसरे माइक की व्यवस्था के बाद मुख्यमंत्री ने चुटकी लेते हुए कहा कि कांग्रेस का नाम लिया तो माइक की भी हवा निकल गई। मुझे पता नहीं था कि कांग्रेस के इतने बुरे दिन आ गए।

मुख्यमंत्री ने इंडिया गणबंधन की तुलना नाम लिए बगैर रावण से की और कहा कि घमंडिया गठबंधन के लोग भगवान राम के जमाने में भी सोने की लंका लेकर अत्याचार करने के लिए पैदा हुए। दस-दस मुंह से वादे करते थे। अक्ल का दिवालियापन ऐसा था कि माता सीता के अपहरण के लिए भी भगवा पहन कर गए थे। माता सीता ने लक्ष्मण रेखा पार करने की गलती कर दी थी, लेकिन इंदौर वालों ध्यान रखना किसी भी हालत में लक्ष्मण रेखा पार मत करना। कांग्रेस कह रही है कि नोटा दबाना है। कांग्रेस अपने प्रत्याशी के साथ मैदान से भाग गई और जनता को गलत रास्ता बता रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस भीतर से खोखली हो चुकी है। उनके प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी को विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी मधु वर्मा ने धोबी पछाड़ दांव मारा था। अब तक उन्हें सूझ नहीं पड़ रही है कि कैसे हार हुई। हारने के बाद वे इतना डर गए कि लोकसभा चुनाव में खड़े नहीं हुए। उनसे कहा गया कि भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष चुनाव लड़ रहे है। आप भी चुनाव लड़ लो।

## एनडीए गठबंधन आंध्र प्रदेश में एकतरफा जीत हासिल करेगा: मोदी

**विशाखापत्तनम।** पीएम मोदी को उम्मीद है कि भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए गठबंधन आंध्र प्रदेश में एकतरफा जीत हासिल करेगा। प्रधानमंत्री ने ये भी कहा कि उन्होंने कभी भी सीएम जगनमोहन रेड्डी को सहयोगी नहीं माना। एक तेलुगु न्यूज चैनल को दिए इंटरव्यू में पीएम मोदी ने ये बात कही। प्रधानमंत्री ने कहा कि सत्ताधारी वाईएसआरसीपी की राज्य की सत्ता में वापसी नहीं होगी।

आंध्र प्रदेश में भाजपा, चंद्रबाबू नायडू की टीडीपी और पवन कल्याण की पार्टी जनसेना के साथ मिलकर लोकसभा और विधानसभा का चुनाव लड़ रही है। पीएम मोदी ने इंटरव्यू के दौरान कहा कि %मुझे नहीं लगता कि आंध्र प्रदेश की मौजूदा सरकार सत्ता में वापस आएगी। राज्य की आर्थिक स्थिति खराब है। हमने कभी भी जगन रेड्डी को अपना सहयोगी नहीं माना



हालांकि वाईएसआरसीपी ने कई मुद्दों पर संसद में हमारा सहयोग जरूर किया। पीएम मोदी ने जगन मोहन रेड्डी की पार्टी वाईएसआरसीपी को लेकर कहा हम पहले भी विरोधी की तरह एक दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ चुके हैं और हमने कभी भी साथ मिलकर चुनाव नहीं लड़ा है। मेरे पास संवैधानिक पद है और मैं चाहता हूं कि सभी राज्य मजबूत बनें, फिर चाहे वहां सत्ता में कोई भी हो। मैं दूसरे राज्यों की तरह ही आंध्र प्रदेश को विकसित देखना चाहता हूं और ये मेरी संवैधानिक जिम्मेदारी भी है। क्षेत्रीय पार्टियों के साथ गठबंधन पर पीएम मोदी ने कहा मेरा मानना है कि राष्ट्रीय पार्टियों को क्षेत्रीय पार्टियों का आकांक्षाओं का भी सम्मान करना चाहिए। अगर क्षेत्रीय पार्टियां हमारे साथ हैं तो लोगों की आकांक्षाओं का पूरा करना हमारे लिए आसान हो जाता है। आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में हम चाहते हैं कि और पार्टियां हमारे साथ जुड़ें। हम अपने क्षेत्रीय सहयोगियों को साथ लेकर चलेंगे और उनके लक्ष्यों और आकांक्षाओं को पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश और तेलंगाना की सरकारों के पास विकास का कोई विजन नहीं है। छत्तीसगढ़ का गठन कुछ समय पहले ही हुआ, हमें राज्य की सेवा का मौका मिला। आज छत्तीसगढ़ एक बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है। आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के पास भी समान अवसर थे, लेकिन इसके नेता या तो आपस में लड़ते रहे या फिर केंद्र सरकार के साथ लड़ाई में ही व्यस्त रहे।

## आंध्र प्रदेश में विपक्ष पर भड़के राहुल गांधी

**कडप्पा।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शनिवार को आंध्र प्रदेश के कडप्पा में चुनाव प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी और अन्य विपक्षी पार्टियों पर जमकर निशाना साधा। कांग्रेस नेता ने इस दौरान भाजपा को भी घेरा। उन्होंने कहा कि भाजपा का मतलब बाबू (टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू), जगन और पवन (जनसेना संस्थापक पवन कल्याण) है। रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि तीनों नेताओं



का रिमोर्ट कंट्रोल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पास है।

पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस राजशेखर रेड्डी का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि पूरे आंध्र प्रदेश में राजशेखर रेड्डी की पदयात्रा उनकी भारत जोड़ो यात्रा के लिए प्रेरणा थी। कांग्रेस नेता ने कहा, आज आंध्र प्रदेश को भाजपा की बी टीम चला रही है। भाजपा की बी टीम का मतलब बी से बाबू, जे से जगन और पी से पवन है। इन तीनों लोगों का रिमोर्ट कंट्रोल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पास है।

राहुल गांधी ने आगे कहा कि ये तीनों नेता पीएम मोदी के नियंत्रण में हैं, क्योंकि उनके पास सीबीआई और ईडी जैसी एजेंसियां हैं। कांग्रेस नेता ने बताया कि राजशेखर रेड्डी उनके पिता के लिए भाई समान थे।

## उत्पीड़न के आरोपों पर सीएम ममता हमलावर

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आज हुगली में टीएमसी प्रत्याशी रचना बनर्जी के लिए चुनाव प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल सीवी आनंद बोस पर लगे छेड़छाड़ के आरोपों को लेकर उनकी आलोचना भी की। सीएम ने कहा कि उन्हें (आनंद बोस) यह समझाना चाहिए कि वह इस्तीफा क्यों नहीं देंगे। ममता बनर्जी ने आगे कहा कि जब तक सीवी आनंद बोस राज्यपाल रहेंगे, वह राजभवन में कदम नहीं रखेंगी। चुनाव प्रचार के दौरान ममता बनर्जी ने कहा, राज्यपाल कहते हैं कि दीदीगिरी को बरदाश्त नहीं किया जाएगा।

## पाकिस्तान की गोलियों का जवाब तोप से देंगे: शाह

**हैदराबाद।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को तेलंगाना में हुंकार भरी। यहां एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के पास परमाणु बम है, इसके डर से कांग्रेस पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) पर भारत का अधिकार छोड़ना चाहती है।

रैली को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर के बयान पर पलटवार किया। उन्होंने कहा, कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर कहते



हैं कि पाकिस्तान के पास परमाणु बम है, इसलिए भारत को पीओके के बारे में बात नहीं करनी चाहिए। परमाणु बम के डर से वे पीओके पर भारत का अधिकार छोड़ना चाहते हैं। लेकिन आपको चिंता करने की जरूरत नहीं है। नरेंद्र मोदी फिर एक बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं और इस बार पाकिस्तान की गोलियों का जवाब तोप से दिया जाएगा।

अमित शाह ने इस दौरान तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को भी घेरा। भाजपा नेता ने सर्जिकल स्ट्राइक को लेकर रेवंत रेड्डी की टिप्पणी पर पलटवार किया। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सर्जिकल स्ट्राइक की और आतंकवादियों को खत्म किया।

बता दें कि रेवंत रेड्डी ने शुक्रवार को पुलवामा हमले को रोकने में खुफिया विफलता का दावा किया था। उन्होंने आगे कहा, पुलवामा घटना के बाद सर्जिकल स्ट्राइक से पीएम मोदी ने राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश की। मोदी जी से मेरा एक सवाल है, वह क्या कर रहे हैं?

## 7 दिन बाद सेना को मिलेगा पहला हर्मीस-900 स्टारलाइनर

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान से लगी भारतीय सीमा पर निगरानी को बढ़ाने में मददगार हर्मीस-900 स्टारलाइनर ड्रोन 18 मई को हैदराबाद में भारतीय सेना को मिलेगा। यह सेना को मिलने वाला पहला ड्रोन है। हालांकि, सबसे पहला हर्मीस-900 जनवरी में भारतीय नौसेना को सौंपा गया था। दूसरा ड्रोन सेना ले जा रही है। भारतीय सेना अपने बठिंडा बेस पर दृष्टि-10 ड्रोन को तैनात करेगी जहां से वह पाकिस्तान के साथ पूरी पश्चिमी सीमा पर नजर रख सकेगी।

## आज शाम से थम गया चौथे चरण का चुनावी शोर

**खंडवा।** देश भर में चल रहे लोकसभा चुनाव के चौथे चरण का चुनावी शोर नियम अनुसार मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व शनिवार शाम 6 बजे से थम गया। इस अवधि के बाद चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार या राजनैतिक दल अपने चुनावी प्रचार के लिए न तो जुलूस और न आम सभाएं आयोजित कर सकेंगे। साथ ही लाउड स्पीकर का उपयोग भी नहीं किया सकेगा। इन 48 घंटों के दौरान उम्मीदवार केवल घर-घर जाकर ही मतदाताओं से संपर्क कर सकेंगे। बता दें कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के मुताबिक मतदान के बंद होने के ठीक पूर्व के 48 घंटों के दौरान सार्वजनिक सभाओं, लाउड स्पीकर और जुलूस पर प्रतिबंध रहेगा। इस समय अवधि के दौरान उम्मीदवारों द्वारा निर्वाचन के संबंध में कोई जुलूस और सार्वजनिक सभा आयोजित नहीं की जा सकेगी और न ही इस तरह की किसी सभा या जुलूस में वो शामिल हो सकेगा। इस दौरान टीवी, सिनेमा या अन्य किसी संशाधनों के माध्यम से भी निर्वाचन संबंधी मामले का जनसाधारण में प्रदर्शन प्रतिबंधित रहेगा। इसके साथ ही निर्वाचन आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि मतदान समाप्त होने के पूर्व के 48 घंटों के दौरान उम्मीदवारों या राजनैतिक दलों द्वारा जनसाधारण को आकर्षित करने की दृष्टि से किसी संगीत गोष्ठी, नाट्यअभिनय या अन्य मनोरंजन आमोद-प्रमोद का आयोजन करके या आयोजन की व्यवस्था करके निर्वाचन संबंधी मामले का प्रचार नहीं किया जा सकेगा।

## दिल्ली में धूल भरी आंधी, दो लोगों की मौत, 23 घायल

**नई दिल्ली।** दिल्ली एनसीआर में भीषण गर्मी के बीच शुक्रवार की रात धूल भरी आंधी के साथ हल्की बारिश हुई। इस दौरान पेड़ गिरने से 2 लोगों की मौत हो गई। तेज आंधी से कई इमारतों को भी नुकसान पहुंचा है। तूफान के कारण अलग-अलग हादसों में कुल 23 लोग घायल हुए हैं। हवा की रफ्तार 50 से 70 किमी प्रति घंटा के बीच दर्ज की गई।

दिल्ली एयरपोर्ट के सूत्रों ने बताया कि खराब मौसम के कारण 9 फ्लाइट्स को जयपुर डायवर्ट किया गया है। सड़कों पर पेड़ गिरने से दिल्ली और आसपास के इलाकों में यातायात भी प्रभावित हुआ है। पुलिस ने बताया कि उन्हें पेड़ गिरने से जुड़े 152, इमारतों को नुकसान पहुंचने से जुड़े 55 और पावर कट से जुड़े 202 कॉल रिसीव हुए हैं।

आंधी और बारिश के बाद दिल्ली एनसीआर में बढ़ते तापमान से लोगों को राहत मिली है। शनिवार सुबह से मौसम सुहाना बना हुआ है। कुछ जगहों पर रुक-रुककर हल्की बूंदाबांदी भी जारी है।मौसम विभाग ने अगले 2 दिन बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। उत्तराखंड में बारिश से दो मौतें, बद्रीनाथ-ऋषिकेश हाईवे बंद बारिश के कारण उत्तराखंड में भी तबाही हुई है। राज्य के पहाड़ी इलाकों और बद्रीनाथ हाईवे पर पीपल कोठी के पास भारी बारिश के कारण बारिश में दो लोगों की मौत हो गई। छह लोग घायल हो गए। इमारतों को नुकसान पहुंचने से 17 लोग घायल हैं।

सिरोबगड़ के पास सड़क पर मलबा जमा हो जाने से बद्रीनाथ-ऋषिकेश हाईवे बंद हो गया है। इसके कारण बद्रीनाथ और केदारनाथ जाने वाले यात्रियों को श्रीकोट-श्रीनगर और कलियासौड़ में रोका गया है। सिरोबगड़ में पहाड़ से लगातार मलबा और पत्थर गिरने से सड़क नहीं खुल पा रही है।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने शनिवार को देश के 13 राज्यों में बारिश, गरज और बिजली गिरने का अलर्ट जारी किया है। इनमें दिल्ली, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के अलावा उत्तराखंड, तमिलनाडु, दक्षिणी पंजाब, हरियाणा, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, कर्नाटक और केरल शामिल हैं।

आईएमडी के मुताबिक, महाराष्ट्र के अलग-अलग जगहों में आज 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। उत्तराखंड और मध्य प्रदेश में 50-60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी और ओलावृष्टि की संभावना है।

## केंद्र की नीतियों पर बरसे मल्लिकार्जुन खरगे

**नई दिल्ली।** चौथे चरण के मतदान से पहले कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बिहार के समस्तीपुर में चुनाव प्रचार किया। इस दौरान कांग्रेस नेता ने केंद्र पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी भारत के प्रधानमंत्री केवल इसलिए बन सके क्योंकि कांग्रेस ने इसकी आजादी के लिए लड़ाई लड़ी। उन्होंने बताया कि भारत की एकता के लिए इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने अपना जीवन त्याग दिया। खरगे ने कहा कि अगर अदाणी-अंबानी कांग्रेस को काला धन भेज रहे थे, तो मोदी सरकार ने इसके खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं की? बता दें कि चुनाव आयोग ने देशभर में जारी लोकसभा चुनाव में बाधा डालने के लिए कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को फटकार लगाई है। आयोग ने लाइव चुनाव अभियानों में उनके बयानों को आक्रमक बताया है। इसे लेकर मीडिया ने खरगे से सवाल किया, तो वह तिलमिला गए। उन्होंने गुस्से में कहा, मैं अस्वीकृति का कारण पूछने के लिए एक चिट्ठी लिखने वाला हूं, लेकिन जबतक यह चुनाव आयोग के पास पहुंच नहीं जाता, तब तक मैं इसे प्रेस के सामने जारी नहीं करूंगा। बता दें कि मल्लिकार्जुन खरगे ने इंडी गठबंधन नेताओं को पत्र लिखकर चुनाव आयोग द्वारा जारी किए गए मतदान के आंकड़ों पर सवाल उठाए हैं और कथित धांधली का आरोप लगाया है।

## झरोखा




## सरकार की आलोचना के कारण शायद वरुण का टिकट कटा: मेनका

**सुल्तानपुर।** भाजपा नेता और सुल्तानपुर सांसद मेनका गांधी ने अपने बेटे के लोकसभा टिकट कटने के कारण का खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि वरुण गांधी कभी-कभी सरकार की आलोचना करते थे, शायद यही वजह होगी कि उन्हें इस बार टिकट नहीं मिल पाया। हालांकि. यह जरूर है कि वे बिना इसके भी बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि वरुण सुलतानपुर आना चाहते हैं और मेरे लिए प्रचार करना चाहते हैं लेकिन अभी तक इसपर कोई निर्णय नहीं लिया गया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी ने शनिवार को एक साक्षात्कार दिया। उन्होंने कहा कि मैं अपने चुनावों में सिर्फ स्थानीय मुद्दों पर बात करती हूं। मैं उन काम का जिक्र करती हूं, जिन्हें मैंने किया है और जिन्हें में भविष्य में पूरा करूंगी। यकीन मानिए, लोगों को राष्ट्रीय मुद्दों से कहीं अधिक रूचि स्थानीय मुद्दों में है। राम मंदिर के सवाल पर उन्होंने कहा कि राम मंदिर को लेकर लोग बहुत खुश हैं। लेकिन चुनाव में यह नहीं है। राम लोगों के दिल में हैं। मेनका गांधी ने विरासत कर का मुद्दा उठाने के लिए कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह अनुचित था। मैं पूरी तरीके से विरासत कर के खिलाफ हूं। गांधी ने कहा कि मोदी कार्यकाल में कई योजनाएं हैं, जिससे जमीनी स्तर पर फर्क पड़ा है। राशन देने से निश्चित रूप से मदद मिली है। लोगों को पक्के घर मिल रहे हैं। इससे बहुत प्रभाव पड़ा है। क्या एनडीए 400 से अधिक सीटें जीतेगी, इस पर उन्होंने कहा कि हां ऐसा लगता है। एनडीए सत्ता में आई तो क्या वे फिर से मंत्री बनेंगी, इस पर गांधी ने कहा कि मुझे कोई अंदाजा नहीं है।

## मेरे खून का एक-एक कतरा देश के लिए है: केजरीवाल

**नई दिल्ली।** केजरीवाल ने कहा, भाजपा सरकार ने मुझे गिरफ्तार कर लिया। मुझे आश्चर्य होता था कि मेरी गलती क्या थी, मैं एक छोटा आदमी हूं और हमारी एक छोटी सी पार्टी है, जिसकी दो राज्यों (दिल्ली और पंजाब) में सरकारें हैं। हालांकि, वे बहुत शक्तिशाली हैं। मैंने दिल्ली के लोगों के लिए गुणवत्तापूर्ण स्कूल और मोहल्ला क्लिनिक बनाए, क्या यह मेरी गलती थी? मैं मधुमेह का मरीज हूं, लेकिन जब मैं तिहाड़ जेल में था तो उन्होंने मेरी दवाएं बंद कर दीं।

सीएम केजरीवाल ने कहा, वे दिल्ली सरकार को पंगु बनाने के लिए सब कुछ बंद करना चाहते हैं, मैं तानाशाही के खिलाफ लड़ रहा हूं। मेरी गलती यह है कि मैंने दिल्ली के लोगों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान कीं और उन्होंने जेल में 15 दिनों के लिए मेरा इंसुलिन बंद कर



दिया। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा, भाजपा ने सोचा कि अगर आप अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसौदिया और संजय सिंह को जेल में डाल देंगे तो आम आदमी पार्टी टूट जाएगी। हालांकि, वे नहीं जानते थे कि आप एक विचार है, और आप एक विचार को समाप्त नहीं कर सकते। केजरीवाल ने कहा, मैंने दिल्ली के लिए बहुत काम किया। मैंने 24 घंटे बिजली दी। आप को कुचलने में पीएम मोदी ने कोई कसर नहीं छोड़ी। देश के बड़े भ्रष्टाचारी भाजपा में शामिल हैं। भाजपा जीती तो उद्धव और ममता भी जेल में होंगी। केजरीवाल को सीएम पद का लालच नहीं हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ आप दक्षिणी दिल्ली लोकसभा उम्मीदवार सहीराम पहलवान के समर्थन में महरौली में रोड शो किया। दिल्ली की सभी 7 संसदीय सीटों पर 25 मई को मतदान होना है।

दिल्ली के मंत्री और आप नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा, जेल से वापस आने के बाद आज अरविंद केजरीवाल का पहला रोड शो है। लोग बड़ी संख्या में उनका समर्थन करने और उन्हें अपना प्यार देने के लिए सामने आ रहे हैं।

शुक्रवार शाम तिहाड़ जेल से बाहर आने के बाद सीएम केजरीवाल का कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से केजरीवाल का स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने 'जेल के ताले टूट गए, केजरीवाल छूट गए, अरविंद केजरीवाल जिंदाबाद' समेत तमाम नारे लगाए। इस दौरान कार्यकर्ता एक दूसरे को बधाई भी देते दिखे। कार्यकर्ता पटाखे भी लेकर आए थे। जैसे ही केजरीवाल जेल से बाहर निकले, कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी शुरू कर दी। काफी देर तक आतिशबाजी का दौर चलता रहा। पुलिस ने भी सुरक्षा कड़ी की हुई थी। ढोल बजाते हुए लोगों ने काफी देर तक नारे लगाए। केजरीवाल ने कार की छत खोलकर सभी का अभिवादन किया।

केजरीवाल ने कहा कि हमारा देश 4000 हजार साल पुराना है। जब भी देश में किसी ने तानाशाही की कोशिश की है। जनता ने उसे बाहर कर दिया। मैं उनके खिलाफ लड़ रहा हूं। देश के 140 करोड़ लोगों से भीख मांग रहा हूं। देश को बचा लो। सुप्रीम कोर्ट ने 21 दिन दिए हैं। मैं पूरे देश में घूमूंगा। मेरे खून का एक-एक कतरा देश के लिए है।

# कल्याण मंडप जयंत में हुआ भगवान परशुराम के भव्य मंदिर का भूमि पूजन

## हर्ष व उल्लास भरे माहौल में मनाया गया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

**सिंगरौली।** जयंत परियोजना अन्तर्गत कल्याण मंडप के पास भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर उनके भव्य मंदिर का भूमि पूजन हुआ उसके उपरांत आयोजित सम्मेलन में अखिल भारतीय ब्राम्हण एकता परिषद सिंगरौली के तत्वाधान में सभा संपन्न हुई जिसके मुख्य अतिथि बाल ब्यास श्री मद भागवत ज्ञान कथा के मर्मज्ञ बृंदावन धाम से पधारे मानस तिवारी रहे।?कार्यक्रम की अध्यक्षता रिटायर्ड सहायक संचालक कृषि ज्योति स्वरूप दुबे ने किया। प्रमुख अतिथियों के रूप में रूपेश चन्द्र पाण्डेय संरक्षक अखिल भारतीय ब्राम्हण एकता परिषद तथा देवेश पाण्डेय अध्यक्ष नगर पालिक निगम सिंगरौली, वरिष्ठ इंटक नेता सुरेश दुबे, मां ज्वाला मुखी मंदिर के प्रधान पुजारी



पंडित श्लोकी मिश्रा, भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष बिनोद चौबे के साथ कई अन्य अथिति उपस्थित रहे । कार्यक्रम में भगवान परशुराम जी के जीवन के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया तथा उनके आदर्शों पर चलने तथा समाज के अंदर ब्राम्हण समाज के भूमिका, दशा दिशा पर चर्चा करते हुए समाज को सभी का कल्याण करने, ज्ञान शिक्षा प्रदान करने वाला अग्रणी संवाहक बताया गया।सभा को सम्बोधित करते हुये रूपेश चन्द्र पाण्डेय ने कहा कि ब्राम्हण कभी भी जातिवादी नही रहा।?ब्राम्हण सभी को साथ में लेकर चलने वाला एक अगुआ के रूप में रहा है तथा कहा कि समाज के अंदर सभी ब्राम्हण परिवारों को अपने अपने बच्चो को नैतिक शिक्षा के साथ साथ अध्यात्म धर्म तथा भगवान परशुराम जी के सम्पूर्ण जीवन को आगे आकर आत्मसात करने हेतु प्रेरित किया । उक्त अवसर पर कार्यक्रम में नगर पालिक निगम सिंगरौली की महापौर श्रीमती रानी अग्रवाल पूर्व महापौर वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्रीमती रेनू शाह, प्रदेश कांग्रेस के सचिव राघवेंद्र श्रीवास्तव पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक शाह, जिला कांग्रेस के महामंत्री प्रवीण सिंह चौहान, प्रवीण तिवारी, हीरामणि शुक्ला, राकेश दिवेदी, विवेक पाण्डेय विनय पांडेय उपस्थित रहे। कार्यक्रम का बेहतरीन आयोजन परिषद के कर्मठ जिलाध्यक्ष प्रवीण शुक्ला, प्रदेश सचिव जितेंद्र दिवेदी, राजेश दुबे, आनंद पांडेय, अनंत चतुर्वेदी, विनय पांडेय के नेतृत्व में उनकी टीम द्वारा किया गया।? कार्यक्रम का सफल संचालन कमल शुक्ला ने किया । कार्यक्रम में बिमल म्यूजिकल ग्रुप के संचालक तथा आकाशवाणी कलाकार गायक अशोक पांडेय बिमल की टीम ने बेहतरीन प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया।?कार्यक्रम का आभार भाजपा नेता प्रवीण तिवारी ने किया। इस दौरान हर वर्ग के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा बालिका सशक्तीकरण अभियान के आयोजन हेतु किया गया बेस लाइन सर्वे

**सिंगरौली।** विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी एनटीपीसी विंध्याचल के मानव संसाधन सीएसआर अनुभाग द्वारा बालिका सशक्तीकरण अभियान 2024 का आयोजन दिनांक 19 मई से सिंगरौली जिले की 21 शासकीय विद्यालयों की 120 बालिकाओं हेतु आयोजित किया जाना है। इसी कड़ी में दिनांक 11.05.2024 को परियोजना के क्षेत्रीय ज्ञानार्जन संस्थान में कार्यशाला प्रारंभ होने से पूर्व 120 बालिकाओ में से 55 बालिकाओं के लिए बेस लाइन सर्वे का अयोजन किया गया। इस बेस लाइन सर्वे के आयोजन का मुख्य उदेश्य बालिकाओ की प्रारंभिक शिक्षा की जानकारी का आकलन करना है। इस अवसर पर उप महप्रबंधक (मानव संसाधन) प्रणव वर्मा, उप महाप्रबंधक(सीएसआर) महताब आलम, कार्यपालक (सीएसआर) निखिल जायसवाल, एजेंसी की टीम के साथ-साथ बालिका सशक्तिकरण अभियान में शामिल होने वाली बच्चियाँ एवं उनके अभिवावकगण उपस्थित रहें।

# कक्षा 5वीं व 8वीं के परीक्षार्थियों को बड़ी राहत, परिणाम से असंतुष्ट हैं तो करा सकेंगे पुनर्मूल्यांकन

## राज्य शिक्षा केंद्र की ओर से जारी किया गया आदेश

**सिंगरौली।** कक्षा 5वीं और 8वीं के रिजल्ट से असंतुष्ट परीक्षार्थियों के लिए राहत भरी खबर है। राज्य शिक्षा केंद्र ऐसे छात्र-छात्राओं को पुनर्मूल्यांकन की सुविधा देने जा रहा है। इस बावत शिक्षा केंद्र की ओर से आदेश भी जारी कर दिया गया है। शासन स्तर से जारी आदेश के मुताबिक वार्षिक लिखित परीक्षा में अनुत्तीर्ण अथवा परीक्षा में सम्मिलित होने के बावजूद भी मूल्यांकन केंद्र द्वारा अनुपस्थित दर्शाए जाने के कारण अनुत्तीर्ण घोषित होने वाले परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा पोर्टल पर पुनर्मूल्यांकन का प्रावधान किया गया है। जिला शिक्षा केंद्र के शिक्षा अधिकारियों के मुताबिक परीक्षा पोर्टल पर लॉगिन कर पुनर्मूल्यांकन विंडो को ओपन कर कक्षा 5 और 8 का चयन करेंगे। कक्षा चयन उपरांत चयनित कक्षा में उस विद्यालय के सभी अनुत्तीर्ण छात्रों की सूची प्रदर्शित होगी। प्रदर्शित सूची में से जिन छात्रों की उत्तर पुस्तिकाओं का पुनर्मूल्यांकन कराया जाना है, उनका छात्रवार चयन किया जाएगा। जिन विषयों की उत्तर पुस्तिकाओं का पुनर्मूल्यांकन किया जाना है। उनका चयन करते हुए आवेदन शामिल कर दिया जाएगा।परीक्षा पोर्टल पर एक छात्र के लिए पुनर्मूल्यांकन का आवेदन जमा करने के लिए केवल एक ही अवसर मिलेगा। इस तरह से पहली बार में ही छात्र-छात्राओं के पुनर्मूल्यांकित किए जाने वाले विषयों का सावधानी पूर्वक चयन कर आवेदन सबमिट करना होगा।

पुनर्मूल्यांकन की सुविधा केवल अनुत्तीर्ण परीक्षार्थियों को दी जा रही है। परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्र अपने परिणाम सुधार के संबंध में आवेदन नहीं कर सकेंगे। उन छात्रों के लिए भी सुविधा दी गई है जो परीक्षा में समलित हुए थे, लेकिन उन्हें अनुपस्थित दर्शा दिया गया हो। असंतुष्टि परीक्षार्थियों को पुनर्मूल्यांकन के लिए अपनी शाला में आवेदन करना होगा। शाला के शिक्षक भी विद्यार्थियों के आकलन के आधार पर स्वयं पोर्टल पर आवेदन कर सकेंगे। छात्रों को 13 मई को विद्यालय समय तक आवेदन का अवसर होगा। जबकि संबंधित शाला के शिक्षक इसी दिनांक यानी 13 मई को रात 12 बजे तक पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

13 मई को रात 12 बजे तक शाला द्वारा पोर्टल पर ऑनलाइल आवेदन सबमिट किए जा सकेंगे। 15 मई तक मूल्यांकन केंद्र अधिकारी को उत्तर पुस्तिकाओं का पैकेट बीआरसीसी को उपलब्ध कराना है।16 मई तक बीआरसीसी द्वारा समस्त उत्तर पुस्तिकाएं कक्षावार एवं विषयवार व्यवस्थित कर जिला परियोजना समन्वयक को उपलब्ध कराना होगा।22 मई तक उत्तर पुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन की प्रक्रिया जिला परियोजना समन्वयक एवं प्राचार्य डाइट के समन्वय से पूर्ण करना है।22 मई के पश्चात विद्यालय द्वारा उत्तरपुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन के लिए सबमिट किए गए स्टेटस को परीक्षा पोर्टल पर देखा जा सकेगा।

## जियावन थाना क्षेत्र में अवैध रेत, ड्रग्स के कारोबारियों की चांदी

# पुलिस की सरपरस्ती में बेखौफ संचालित हो रहे है जरायम धंधे

**सिंगरौली।** जियावन थाना क्षेत्र इन दिनों अवैध कारोबारियों के लिए एक मुफीद स्थान बन गया है। पुलिस की सरपरस्ती में इन दिनों अवैध रेत का कारोबार बेखौफ संचालित हो रहा है। जिला मुख्यालय से लगभग पचास किलोमीटर दूर उक्त थाना क्षेत्र में आला अधिकारियों की नजर नहीं पहुंचती जिसका फायदा जियावन पुलिस बखूबी उठा रही है। सूत्रों की मानें तो जियावन थाना क्षेत्र में हेरोईन जैसे मादक पदार्थ की चपेट में युवा आ रहे हैं। ड्रग्स के कारोबारियों द्वारा बेखौफ होकर युवाओं को नशे का आदी बनाया जा रहा है। वहीं अवैध गांजा भी खुलेआम बिक्री हो रहा है। जियावन थाना क्षेत्र के छोटी मोटी गुमतियों के साथ किराना की दुकानों




में अवैध गांजा तथा अवैध शराब खुलेआम बिक रही है। थाना क्षेत्र में जो भी जरायम धंधे संचालित हैं उन धंधेबाजों से जियावन पुलिस बकायदे हर हमीने नजराना भी ले रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जियावन थाना क्षेत्र में संचालित अवैध शराब, ड्रग्स व अवैध रेत के कारोबारियों से बकायदे हर महीने सुविधा शुल्क की वसूली एक रजिस्टर बनाकर किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जियावन पुलिस की लचर पुलिस व्यवस्था के कारण पूरा थाना क्षेत्र अवैध धंधों के लिए विख्यात होता जा रहा है परन्तु आला अधिकारियों की इस क्षेत्र पर नजर नहीं पड़ रही है।

# राष्ट्रीय राजमार्ग में तीव्र गति से जारी है सर्वे का कार्य,निर्माण कार्य में लगा विराम

## आधे से अधिक कार्यों का किया जा चुका है सर्वे का कार्य

**सिंगरौली।** हाल ही में सिंगरौली जिले के चितरंगी विधायक विकासखंड अंतर्गत अभ्यारण क्षेत्र इकाई बगदरा से लेकर मोरवा तक राष्ट्रीय राजमार्ग में मकान निर्माण की आंधी तीव्र गति से चल रही थी परंतु जैसे ही भू अर्जन अधिकारी द्वारा निर्माण कार्य को लेकर अधिसूचना जारी गई वैसे ही धीरे-धीरे निर्माण कार्य रुकता चला गया ।तथा सर्वेक्षण टीम द्वारा निर्माण कर्ताओं से मिलकर के यह बराबर समझाइए दी जा रही है की अधिसूचना आदेश के उपरांत यदि किसी भी तरह से आप लोग निर्माण कार्य करेंगे तो आपको मुआवजा नहीं मिलेगा तथा अनावश्यक अपनी पूंजी एन फंसाए। बताते चलें की प्रयागराज से सिंगरौली राष्ट्रीय मार्ग 135 सी



को लेकर भू अर्जन अधिकारी द्वारा सर्वे के लिए1मई 2024 को दल बनाकर सर्वे का कार्य प्रारंभ कराया गया ।राष्ट्रीय राजमार्ग 135 सी के सर्वे के लिए पहले दो इंजिनियरो की ड्यूटी संभाग स्तर से लगाई गई थी परन्तु जैसे ही सर्वे का कार्य प्रारंभ हुआ,अविलम्ब मकानों का तेज गति से निर्माण कार्य भी चालू हो गया। जिसको देखते ही भू अर्जन अधिकारी द्वारा कलेक्टर जिला सिंगरौली को जानकारी देते हुए हुए तत्काल संभाग स्तर से पत्र जारी कर 2और इंजीनियरों की मांग की गई,जिससे सर्वे का काम कम समय और तय समय में पूर्ण हो सके। इतने पर भी 2 इंजीनियर की जगह सिर्फ 1 इंजीनियर मिलने के बाद 3 टीम बनाकर सर्वे का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने के लिए एड़ी से चोटी का जोर जारी है ।फ्लस्वरुप वर्तमान स्थिति में इतने लंबे एरिया का सर्वे का कार्य लगभग 65 फीसदी पूर्ण कर लिया गया है। सोचने वाली बात तो यह है कि विधानसभा चितरंगी में भू-अर्जन का कार्य अनवरत चल रहा है, सचमुच में देखा जाय तो अधिकाधिक धन अर्जित करने के लालच में निर्माण कार्य करने में जुटे हुए थे परंतु अभी हाल ही में हुए मामलों की बात की जाए तो कोल माइंस का भू अर्जन जैसे चटका,धिरौली,बंधा का भू अर्जन गतिमान है,उन जगहों पर नजर पैमाइश की जाए तो पैर रखने के लिए जगह तक नही बची है । लेकिन भू अर्जन अधिकारी की सूझबूझ का नतीजा है कि आज सर्वे का कार्य धीरे-धीरे लक्ष्य और समापन की ओर बढ़ रहा है। जानकारों की माने तो अनुमान यह भी लगाया जा रहा है कि लगभग 6 दिन के अंदर सर्वे का कार्य 100 फीसदी पूर्ण कर लिया जाएगा ।सर्वे का कार्य बिलकुल पूरी तरह से पारदर्शी हो रहा है। जिसमे एक-एक मकान का शासन द्वारा जारी निर्देश प्रारूप के के अनुसार विधिवत फोटो लैटिट्यूड, लॉन्गिट्यूड, डेट समय के साथ पूरा डाटा अपने पास रखा जा रहा है ,जिससे कोई आपत्ती प्रस्तुत करे तो उसका निराकरण आसानी से किया जा सके।

# बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान

## दर्जनो लोगो ने सरई बिजली ऑफिस पहुंचकर सहायक अभियंता के नाम दिया पत्र

**सिंगरौली**

भाजपा सरकार में ग्रामीण जनता बिजली कटौती को लेकर परेशान है। सरकार ने दावा किया था कि ग्रामीण क्षेत्र में भी ग्रामीणों की सुविधाओं को देखते हुए 24 घंटे बिजली देने का सरकार ने वायदा किया था। लेकिन अब धीरे-धीरे भाजपा सरकार पोल खुलती हुई नजर आ रही है। बिजली कटौती को लेकर ग्रामीण जनता व किसान परेशान है। सरकार की 24 घंटे बिजली देने का वादा अब हवा हवाई साबित हो रहा

### ग्रामीणो ने 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराने की है मांग

है। सरई तहसील क्षेत्र के ग्राम लोहराडोल व अमराडण्डी बरका के ग्रामीणो ने सहायक अभियंता के नाम पत्र लिखकर 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराए जाने की मांग की है। ग्रामीणो ने पत्र के माध्यम से मांग किया है कि सरई तहसील क्षेत्र के बरका लोहराडोल व अमराडण्डी के ट्रांसफार्मरो की बिजली में कटौती कर रात्रि के 1 बजे से 5 तक किए जाने पर हम कनेक्शनधारियों को बिजली की काफी समस्या होती है। इस गर्मी के मौसम में शाम को विभिन्न प्रकार के जहरीले जीव जन्तु व कीड़ मकौड़े,सांप बिच्छूओ से खतरा बना रहता है। इन जहरीले जीवों से यदि कोई अनहोनी होने पर इसका जिम्मेदार कौन होगा। सरकार ने वादा किया है कि हर घर कनेक्शधारियों को 24 घंटे बिजली मुहैया कराया जाएगा। लेकिन हम ग्रामीणों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। वहीं ग्रामीणो ने बिजली विभाग के अधिकारियों पर आरोप लगाया है कि सरकार ने 24 घंटे बिजली देने का वादा किया है लेकिन बिजली विभाग के अधिकारी सिर्फ हम ग्रामीणों को 10 घंटे ही बिजली उपलब्ध करा पा रहे हैं। सहायक अभियंता को दिए शिकायती पत्र में कनेक्शधारी व ग्रामीण जनता लालशाह सिंह,महावीर सिंह, नान्हू ड्क्षसह,रामलखन सिंह,जौहरी सिंह, मटुकलाल सिंह,हंसलाल प्रजापति,रंगबहादूर सिंह, मनबोद सिंह,समय लाल सिंह,दमदवन सिंह, लखनलाल यादव,सीताकली सिंह,रामलोल सिंह ,नंदकुमार सिंह एवं राम सिंह शामिल रहे।

## पेयजल आपूर्ति की कलेक्टर हर सप्ताह समीक्षा करें : कमिश्नर

**सिंगरौली।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में गूगल मीट के माध्यम से आयोजित बैठक में रीवा संभाग के कमिश्नर गोपाल चन्द्र डाड ने पेयजल व्यवस्था की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि रीवा संभाग सबसे कम औसत वर्षा वाला संभाग है। संभाग के सभी जिलों में भूजल स्तर में तेजी से गिरावट हो रही है। तापमान बढ़ने और जल स्तर घटने से कुछ स्थानों में पेयजल का संकट हो सकता है। सभी कलेक्टर हर बसाहट में 30 जून तक पेयजल आपूर्ति की कार्ययोजना तत्काल बनाकर प्रस्तुत करें।

# गोड़बहरा गांव में बीच सडक़ पर पलटा कोल वाहन

## आवागमन रहा बाधित,सरई थाना क्षेत्र की घटना

**सिंगरौली।** सरई थाना क्षेत्र अंतर्गत गोड़बहरा गांव में शनिवार को बीच सडक़ पर तेज रफ्तार एक कोयला लोड हाईवा वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। जहां इस घटना में चालक बाल-



बाल बच गया। वहीं झुरही-सरई में घंटो बाधित रहा। घटना के बाद सूचना उपरांत मौके पर पहुंची पुलिस ने कोल वाहन को काफी मशक्कत के बाद सडक़ से हटवाकर बहाल कराया। मिली जानकारी के अनुसार सुलियरी कोल माइंस से टाटा जमशेदपुर कोयला लेकर जा रही कोल वाहन सरई क्षेत्र के गोड़बहरा गांव में बीच सडक़ पर अनियंत्रित होकर पलट गया। जहां लगभग तीन घंटे तक आवागमन बाधित हो गया। जिसकी सूचना ग्रामीणो ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद किसी तरह से वाहन को सडक़ के बगल में कराकर आवागमन को बहाल कराया। बताया जा रहा है कि सरई,झुरही व पुरानी देवसर सडक़ मार्ग पर कोल वाहनों की रफ्तार धीमी नही रहती है। जिस वजह से आए दिन कोल वाहन घटना को कारित कर रहे हैं। इस घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन भी कोई ठोस पहल नही कर रहा है। जिस वजह से आए दिन घटनाएं हो रही हैं।

# रमेश शाह के सीडीआर में दफन है कई राज, अगर जांच हो तो होंगे चौंकाने वाले खुलासे

**सिंगरौली।** कोतवाली में पदस्थ निरीक्षक सुधेश तिवारी को एसपी निवेदिता गुप्ता ने निलंबित कर दिया। इसके बाद से सोशल मीडिया में लोगों ने इस कार्यवाही को थाना प्रभारी को बलि का बकरा होना बताया जा रहा है। साथ अब चर्चा यह हो रही है कि यदि आरोपित रमेश शाह के सीडीआर निकल जाए तो इसमें कई राज दफन है और इससे कई चौंकाने वाले खुलासे हो सकते हैं। लेकिन साथ ही यह कहा जा रहा है कि पुलिस सीडीआर नहीं निकालेगी नहीं तो कई चेहरे बेनकाब होंगे।

बता दें कि कोतवाली थाना प्रभारी के ऊपर किस तरह के आरोप सिद्ध हुए और वह निलंबित हो गए यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। हालांकि चर्चा है कि रेत कारोबारी के साथ उनकी चैटिंग और ऑडियो लीक होने के बाद यह कार्रवाई की गई है लेकिन अभी तक पुलिस के हवाले से कोई जानकारी साझा नहीं की गई है। लिहाजा अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगी। बताया जा रहा है कि पिछले दिनों रेत के अवैध कारोबार को रोकने के लिए कोतवाली प्रभारी ने पांच सजातीय साहूओं पर मामला दर्ज कर जेल भेज दिया था। इसके बाद से ही थाना प्रभारी पर जेल में बंद आरोपित रमेश साहू की पत्नी और उनके साथ कई लोग पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच न्याय की गुहार लगाई। जहा प्राथमिक जांच के बाद पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता ने सुदेश तिवारी को निलंबित कर दिया। अब लोग उम्मीद कर रहे हैं कि जेल में बंद रमेश साहू की सीडीआर को पुलिस निकाले और उससे जुड़े उन लोगों को भी बेनकाब करें जो इस रेत के अवैध कारोबार में शामिल थें।

# रेडक्रॉस सिंगरौली द्वारा एनटीपीसी रिहंद के कार्यरत कर्मियों को दिया प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण

## सीपीआर एक जीवनरक्षक प्राथमिक चिकित्सा प्रक्रिया है : डॉ डी के मिश्रा

**सिंगरौली।** इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी सिंगरौली द्वारा संचालित 3 दिवसीय प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण का कार्यक्रम रेडक्रॉस सोसायटी सिंगरौली के चेयरमैन एस डी सिंह के मार्गदर्शन में

फर्स्ट एड ट्रेनिंग ऑफिसर डॉ डी के मिश्रा के द्वारा एनटीपीसी रिहंद में कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारीगण को कर्मचारी विकास केंद्र में प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण की जानकारी प्रदान करने का कार्य किया गया ।प्रशिक्षण के शुरुवात करने से पूर्व रेडक्रॉस सोसायटी के कार्यों एवं इसके उत्पत्ति तथा इतिहास के बारे में भूमिका बताते हुए पूरी कार्यशैली के बारे में जानकारी दिया गया । रेड क्रॉस द्वारा संचालित विभिन्न विंग्स के बारे में भी विस्तार पूर्वक बताया गया । प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित कार्यरत कर्मचारियों को प्राथमिक उपचार(फर्स्ट एड) कैसे दिया जा सकता है और न केवल उसकी जान बचाई जा सकती है बल्कि घायल होने या बीमार पड़ने पर उसके ठीक होने में लगने वाले समय को भी कम किया जा सकता है । प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रशिक्षित अधिकारियों को आपात स्थिति/आवश्यकता के दौरान कार्यालय, साइट आदि पर प्राथमिक चिकित्सा करने के लिए सशक्त बनाना है।इसके उद्देश्य, घायल व्यक्ति को कैसे प्राथमिक उपचार प्रदान किया जाए, इस दौरान हेल्प के लिए कैसे कॉल करें, एवं सीपीआर टेक्नीक के बारे में विस्तार पूर्वक समझाया गया जिससे किसी भी व्यक्ति को पुनर्जीवित कैसे किया जा सकता है । किसी भी घायल को किस



परिस्थितियों में सी पी आर देना है उसके बारे में विस्तार पूर्वक डम्मी के माध्यम से सीपीआर देने का प्रैक्टिस भी कराया गया । इसके साथ ही रिकवरी पोजीशन, मेडिकल इमरजेंसी एवं सर्जिकल इमरजेंसी के बारे में भी बताया गया। इसके पश्चात बोंस, ज्वाइंट, मसल्स एवं फ्रैक्चर्स के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया । सिर, गर्दन और रीढ़ की हड्डी की चोट एवं अस्थिभंग होने पर उसको कैसे सपोर्ट देना चाहिए, एवं एट शेप बैंडेज, कॉलर बोन टूटने पर कैसे मैनेज करना है, स्प्लिंट्स का उपयोग के बारे में बताया गया ।इसके साथ ही किसी भी घायल व्यक्ति को स्ट्रेचर पर कैसे शिफ्ट करना है ट्रांसपोर्ट टेक्नीक्स एवं लाठी और कंबल के सहारे से स्ट्रेचर बनाने का तरीका तथा फ्रैक्चर मैनेजमेंट के बारे में एवं हार्ट, ब्लड सर्कुलेशन, ब्लीडिंग, आग लगने पर कैसे सुरक्षा प्रदान किया जाए, गैस रिसाव के दौरान सुरक्षा, कुत्ते, सांप, मधुमक्खी के काटने पर व्यक्ति को कैसे प्राथमिक उपचार प्रदान किया जाए, चोकिंग, पानी में डूबे हुए व्यक्ति को कैसे बचाए इत्यादि के बारे में विस्तार पूर्वक समझाया गया।

सीपीआर का मतलब है कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन। यह भी एक तरह की प्राथमिक चिकित्सा यानी फर्स्ट एड है। जब किसी पीड़ित को सांस लेने में दिक्कत हो या फिर वो सांस न ले पा रहा हो और बेहोश जो जाए तो सीपीआर से उसकी जान बचाई जा सकती है। बिजली का झटका लगने पर, पानी में डूबने पर और दम घुटने पर सीपीआर से पीड़ित को आराम पहुंचाया जा सकता है। हार्ट अटैक यानी दिल का दौरा पड़ने पर तो सबसे पहले और समय पर सीपीआर दे दिया जाय तो पीड़ित की जान बचाने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। अगर किसी पीड़ित को दिल का दौरा पड़ जाय तो सबसे महत्वपूर्ण है कि प्राथमिक चिकित्सा देने वाला व्यक्ति खुद ना घबराए और पूरा धैर्य रखे। किसी भी तरह की फर्स्ट एड देने से पहले एंबुलेंस को कॉल करे या फिर हॉस्पिटल को सूचित करे की आप बहुत ही कम समय में हार्ट अटैक के मरीज को लेकर वहां पहुंचने वाले हैं ।पीड़ित के हाल की जांच तुरंत करें। ये देखने की कोशिश करें कि मरीज होश में है कि नहीं। उसकी सांस चल रही है कि नहीं। अगर उसकी सांस चल रही है तो मरीज को आराम से रिकवरी पोजिशन में लेटा देना चाहिए । इस दौरान एनटीपीसी रिहंद के एच ओ पी, डॉ तनमय मिश्रा, देवाशीष नाग एवं प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी अधिकारी एक कर्मचारी इत्यादि लोग उपस्थित रहे। इस पूरे प्रशिक्षण में प्रशिक्षक के सहयोगी बतौर जय प्रकाश दुबे द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।

# नेशनल लोक अदालत में हुआ 2138 प्रकरणों का निराकरण

**सीधी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला न्यायाधीश श्री संजीव कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में दिनांक 11 मई 2024 को जिला न्यायालय सीधी एवं सिविल न्यायालय चुरहट, रामपुर नैकिन तथा मझौली में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय श्री सुधीर सिंह चौहान, विशेष न्यायाधीश एवं प्रभारी अधिकारी नेशनल लोक अदालत श्रीमती रमा जयंत मित्तल, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्री बृजेन्द्र सिंह, एवं अन्य न्यायाधीशगण द्वारा जिला न्यायालय परिसर में दीप प्रज्वलन कर किया गया।

विशेष न्यायाधीश श्रीमती रमा जयंत मित्तल ने न्यायाधीशगण एवं अधिवक्तागण से प्रकरणों का निराकरण मध्यस्थता के माध्यम से करने की अपील की एवं अभिभाषकगण से सहयोग की अपेक्षा की। प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय श्री सुधीर सिंह चौहान ने कहा कि नेशनल लोक अदालत के माध्यम से दोनों पक्षों के बीच समझौते के आधार पर निराकरण हो जाता है जिसके बाद दोनों पक्षों में आपसी वैमनस्यता समाप्त हो जाती है। श्री चौहान ने कहा कि नेशनल लोक अदालत में दोनों पक्षों की जीत होती है। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्री बृजेन्द्र सिंह ने कहा कि यह लोक अदालत इस वर्ष की दूसरी लोक अदालत है और लोक अदालत को सफल बनाने में वकीलों का अहम योगदान रहा है। समझौता एक ऐसा विकल्प है जिसमें आगे होने वाली लड़ाई समाप्त हो जाती है। श्री सिंह ने कहा कि नेशनल लोक अदालत एक कल्याणकारी योजना है जिसके माध्यम से सिविल, आपराधिक, मोटर दुर्घटना दावा, चेक बाउंस, पारिवारिक विवाद का निराकरण समझौते के आधार पर हो जाता है। एक स्वच्छ समाज की कल्पना के लिए ये एक अच्छा माध्यम है। श्री सिंह ने अभिभाषकगण को अंतिम समय तक लोक अदालत के माध्यम से प्रकरणों का



निराकरण करने हेतु बल दिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्री वीरेन्द्र जोशी ने मध्यस्थता के बारे में विस्तार से बताया तथा यह भी बताया कि मध्यस्थता के माध्यम से प्रकरणों का निराकरण जल्दी हो जाता है। श्री जोशी ने यह भी बताया कि किसी भी विषय पर दो पक्षों में विवाद उत्पन्न होने पर सर्वप्रथम उसे मध्यस्थता के माध्यम से सुलझाने के प्रयास किया जाना चाहिए। इसके साथ ही न्यायाधीशगण एवं अधिवक्तागण से मध्यस्थता के माध्यम से प्रकरणों का निराकरण करने हेतु प्रेरित किया। श्री जोशी ने नेशनल लोक अदालत के अतिरिक्त जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी। श्री जोशी ने अधिवक्तागण से प्रकरणों का मध्यस्थता के माध्यम से अंतिम समय तक निराकरण करने की अपील की एवं अभिभाषकगण से सहयोग की अपेक्षा की। जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री सिद्धार्थ शुक्ला ने शुभारंभ कार्यक्रम में उपस्थित हुये समस्त अतिथियों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन श्री रूपेन्द्र कुमार मिश्रा सहायक ग्रेड-3 जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में प्रथम जिला न्यायाधीश श्री मुकेश कुमार, द्वितीय जिला न्यायाधीश श्री राजेश कुमार श्रीवास्तव, तृतीय जिला न्यायाधीश श्री विकास चौहान, चतुर्थ जिला न्यायाधीश श्री गौतम कुमार गुजरे, तृतीय अतिरिक्त जिला न्यायाधीश सुश्री उर्मिला यादव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री लक्ष्मण डोडवे, न्यायाधीशगण सर्वश्री, सोनू जैन, श्रीमती शोभना मीणा, श्रीमती रेनू श्रीवास्तव, श्रीमती सोनम शर्मा, अभिषेक साहू, अनिरूद्ध कुमार उचाड़िया, सुशील गहलोत, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री देवेन्द्र प्रसाद मिश्रा, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री विनोद कुमार श्रीवास्तव, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री सत्यप्रकाश पाण्डेय, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री देवेन्द्र प्रसाद द्विवेदी तथा अधिवक्तागण श्री राजेन्द्र सिंह परिहार, श्री ओमप्रकाश श्रीवास्तव, श्री विद्याकांत मिश्रा सहित अन्य अधिवक्तागण तथा विद्युत विभाग, बैंक एवं नगरीय निकाय के प्रशासनिक अधिकारीगण, प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के सदस्य एवं जिला न्यायालय तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री सिद्धार्थ शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण हेतु जिला मुख्यालय सीधी में 15 खण्डपीठें, व्यवहार न्यायालय चुरहट में 03, मझौली में 02 व रामपुर नैकिन में 02 खंडपीठे गठित की जाकर कुल 22 न्यायिक खण्डपीठें गठित की गई थी। नेशनल लोक अदालत में समझौता योग्य आपराधिक, सिविल, विद्युत अधिनियम, श्रम, मोटर दुर्घटना दावा, निगोशियेबल इस्ट्रूमेन्ट एक्ट के अन्तर्गत चेक बाउंस प्रकरण, कुटुम्ब न्यायालय तथा, नगर पालिका के जलकर से संबंधित प्रकरणों के सहित विद्युत वितरण कम्पनी, समस्त बैंकों के ऋण वसूली मुकदमा पूर्व प्री-लिटिगेशन के प्रकरण इस लोक अदालत में निपटारे हेतु रखे गये।

सीधी, चुरहट, रामपुर नैकिन एवं मझौली में आयोजित हुई नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लम्बित कुल 3434 प्रकरण निराकरण हेतु रखे गये जिनमें 296 प्रकरणों का सफलतापूर्वक निराकरण किया गया। इसी प्रकार कुल 16259 प्री-लिटिगेशन प्रकरण निराकरण हेतु रखे गये जिनमें 1842 प्रकरणों का सफलतापूर्वक निराकरण किया गया। इस प्रकार नेशनल लोक अदालत में कुल 2138 प्रकरणों का निराकरण हुआ। मोटर दुर्घटना दावा के अन्तर्गत 22 क्लेम प्रकरण निराकृत किये गये जिसमें पक्षकारों को 4935000 रूपये की क्षतिपूर्ति राशि प्राप्त हुई। विद्युत अधिनियम से संबंधित एवं न्यायालय में लंबित 150 प्रकरणों का निराकरण किया गया, जिसमें 424291 रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ तथा विद्युत के 1453 प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया गया जिसमें 1738640 रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। नेशनल लोक अदालत में 8534000 रूपये के चेक बाउंस के 32 प्रकरणों का निराकरण किया गया। नेशनल लोक अदालत में 168 आपराधिक राजीनामा योग्य प्रकरणों, 15 वैवाहिक प्रकरणों, 12 सिविल प्रकरणों तथा 13 अन्य प्रकरणों का निराकरण सफलतापूर्वक किया गया। नेशनल लोक अदालत में बैंक वसूली के 87 प्रीलिटिगेशन जिसमें विभिन्न बैंकों को 5530097 रूपये की राशि प्राप्त हुई। नगरीय निकाय के अन्तर्गत, जलकर कर के 57 प्रकरणों का निराकरण किया गया, जिसमें नगरीय निकायों को लगभग 133547 रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ।

# थाना प्रभारी ने फरियादी को धमकाया, आडियो वायरल

रीवा

चाकघाट थाना प्रभारी फिर सुर्खियों में हैं। पड़री गांव के चाचा से विवाद में भतीजा रिपोर्ट दर्ज कराने थाने गया। दो दिन तक थाना पुलिस चक्कर लगवाने के बाद भी एफआइआर दर्ज नहीं की गई।

तीसरे दिन खुद थाना प्रभारी उषा सिंह सोमवंशी ने फरियादी को फोन लगा कर धमकाया और जूता मारने की धमकी दी और रिपोर्ट नहीं दर्ज की गई। पूरी घटना का आडियो वायरल हो रहा है। वहीं पूरे मामले पर फरियादी




ने त्योंथर एसडीओपी कार्यालय पहुंचकर थाना प्रभारी के विरुद्ध आवेदन दिया। साथ ही पीड़ित ने कहा थाना प्रभारी ने जूता मारने वाले शब्दों से आहत हूं, वरिष्ठ अधिकारियों से थाना प्रभारी पर कार्रवाई की मांग की है।

घटना तकरीबन 4 दिन पुरानी है जिसमें मेरे चाचा ने मुझे परिवार के साथ मिलकर पीटा था। रिपोर्ट लिखवाने थाने गया था। 2 दिन तक मेरी रिपोर्ट नहीं लिखी गई। दो-तीन बाद पुन: जब मैं निवेदन किया तो मेरे साथ थाना प्रभारी द्वारा न केवल अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया बल्कि जूता मारने की बात कही गई है।

**अभय द्विवेदी पीड़ित**

फरियादी ने मेरे कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई थी। अभी तक पत्र के आधार पर जांच को मामले में लिया गया है जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

**उदित मिश्रा**
एसडीओपी त्योंथर

# अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पर रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**सिंगरौली।** साईं नाथ स्कूल ऑफ नर्सिंग एवं इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा संचालित रेडक्रॉस ब्लड सेंटर के संयुक्त तत्वाधान में अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस एवं मॉडर्न नर्सिंग की जन्मदात्री फ्लोरेंस नाइटेंगल के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें नर्सिंग विद्यार्थियों के सहयोग से रक्तदान शिविर संपन्न हुआ । शिविर के दौरान कुल 30 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। जिसमें से 26 बालिकाओं, दो छात्र, एक महिला एवं एक पुरुष द्वारा रक्तदान किया गया । इस




रक्तदान शिविर में छात्राओं एवं युवाओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया । रेडक्रॉस चेयरमैन एस डी सिंह द्वारा बताया गया कि युवाओं को ऐसे रक्तदान शिविरों में बढ़-चढकर भाग लेना चाहिए। हमें अपने जीवन में एक बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए, क्योंकि इससे बड़ी मानव सेवा कोई नहीं है। जिससे किसी भी दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति, गर्भवति महिला, डेंगू से ग्रस्त रोगी एवं थैलेसीमिया रोगियों की जरूरत पडने पर उसका जीवन बचाया जा सकता है। यह रक्तदान शिविर डॉ शिवम सिंह के कुशल नेतृत्व, मार्गदर्शन एवं दिशानिर्देशन में संपन्न हुआ । उन्होंने रक्तदान शिविर में सम्मिलित हुए सभी रक्तदाताओं को प्रोत्साहित किया और इस शिविर में पंजीयन कराने वाले सभी छात्र छात्राओं का हीमोग्लोबिनए ब्लड ग्रुप, ब्लड प्रेशर एवं वजन किया गया । रेडक्रॉस की ओर से रक्तदान शिविर टीम में हरिशंकर गुप्ता, अरविंद विश्वकर्मा, शिवानी सिंह स्टाफ नर्स, रेशमा खातून, कृष्ण कुमार सिंह, रामकली रजक इत्यादि लोगों द्वारा शिविर को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया गया ।

# रीवा में बोन मेरो ट्रांसप्लांट यूनिट स्थापित होगी, थैलेसीमिया बीमारी से मुक्ति मिल सकेगी

**रीवा।** थैलेसीमिया बीमारी से जूझ रहे विंध्य के मरीजों के लिए राहत भरी खबर है। जल्द ही उन्हें इस आनुवांशिक बीमारी से मुक्ति मिलने वाली है। जल्द ही रीवा मेडिकल कॉलेज में बोन मेरी ट्रांसप्लांट यूनिट की शुरुआत होने वाली है। फिर इस बीमारी से जूझ रहे बच्चों का आपरेशन कम खर्च में यहीं पर हो जाएगा।

ज्ञात हो कि थैलेसीमिया एक आनुवांशिक बीमारी है। इस बीमारी से जूझ रहे बच्चों को हर महीने ब्लड की जरूरत पड़ती है। साथ ही उनमें और भी कई साइड इफेक्ट भी आ जाते हैं। इसका भी इलाज कराना पड़ता है। रीवा में थैलेसीमिया बीमारी से ग्रसित मरीजों की संख्या काफी है। यह मरीज लंबे समय से जूझ रहे हैं। इलाज महंगा होने के कारण गरीब परिवार बच्चों को इस बीमारी से मुक्ति भी नहीं दिला पा रहे हैं। ऐसे में इस बीमारी से जूझ रहे मरीजों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। संजय गांधी अस्पताल में जल्द ही बोनमेरो ट्रांसप्लांट यूनिट की स्थापना की जाएगी। इसकी प्रक्रिया शुरू हो गई है। शासन के पास प्रस्ताव भेज दिया गया है। कवायद जारी है। बोनमेरी ट्रांसप्लांट यूनिट शुरू होते ही थैलेसीमिया के मरीजों का आपरेशन यहीं पर संभव होगा और बीमारी से भी मुक्ति मिल जाएगी।

इतना आता है खर्च
थैलेसीमिया से जूझने वाले मरीजों को इस बीमारी से मुक्ति का एक ही इलाज है वह है बोनमेरो ट्रांसप्लांट। बोन मेरो ट्रांसप्लांट किए जाने के बाद इस बीमारी से उन्हें मुक्ति मिल जाती है। फिर वह इस बीमारी से सर्वाइव कर जाते हैं। इस बीमारी में सरकारी अस्पताल में बोनमेरो ट्रांसप्लांट कराने में 20 लाख रुपए तक का खर्च आता है। वहीं प्राइवेट में यह खर्च करोड़ तक पहुंच जाता है।

थैलेसीमिया से पीड़ित मरीजों की विंध्य में संख्या अधिक है। एसजीएमएच में करीब 150 मरीज रजिस्टर्ड हैं। जिन्हें अस्पताल से नि:शुल्क ब्लड उपलब्ध कराया जाता है। इन्हें हर महीने या फिर दो से तीन महीने में ब्लड की जरूरत पड़ती है। यह कष्टप्रद बीमारी है। इस बीमारी से जूझने वाले बच्चों में आवरन की भी अधिकता हो जाती है। बोन मेरो ट्रांसप्लांट यूनिट लगाने में करोड़ों रुपए का बजट खर्च होगा। इसके लिए अलग से ओटी और वार्ड तैयार किया जाता है। पूरा परिसर कीटाणुरहित बनाया जाता है।

यहां कीटाणुरहित परिसर में ही बोजमेरी का ट्रांसप्लांट किय जाता है। इस यूनिट को तैयार करने में खर्च भी अधिक होता है। भोपाल से इसके लिए अनुमति और प्रस्ताव की स्वीकृति लेनी होगी। इसके बाद ही यह प्रक्रिया आगे बढ़ पाएगी। इस यूनिट के तैयार होने से कैंसर पीड़ित मरीजों का भी इलाज संभव होगा। बोन मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट शुरू करने की योजना है।

# कमिश्नर ने मेंडियारास के बिरसा मोहल्ला के ग्रेवल रोड का किया निरीक्षण

## कमिश्नर ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**शहडोल।** कमिश्नर शहडोल संभाग शरीफ बी.एस. जामोद अनूपपुर जिले के ग्राम मेंडियारास के दूर बसाहट बिरसा मोहल्ला निर्माणाधीन ग्रेवल सड़क का निरीक्षण किया। कमिश्नर ने सड़क को समय सीमा में गुणवत्तायुक्त निर्माण कराए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान कमिश्नर ने बिरसा मोहल्ला के ग्रामीणों की समस्याएं सुनी तथा समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

इस दौरान कलेक्टर अनूपपुर श्री आशीष वशिष्ठ, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री तन्मय वशिष्ठ शर्मा, अपर कलेक्टर श्री अमन वैष्णव, संयुक्त आयुक्त विकास श्री मगन सिंह कनेश एवं सहायक कलेक्टर श्री महिपाल सिंह गुर्जर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# वार्षिक पुनरीक्षण की जानकारी जनसम्पर्क संचालनालय में जमा कराएं

**सीधी।** जनसम्पर्क संचालनालय की विज्ञापन अनुमोदित सूची में शामिल सभी दैनिक समाचार पत्रों का वर्ष 2023-24 के लिए वार्षिक पुनरीक्षण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इसके तहत एक अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 तक की जानकारी निर्धारित प्रपत्र में जनसम्पर्क संचालनालय भोपाल के विज्ञापन प्रभाग में 22 मई तक शासकीय कार्य दिवसों में जमा की जा सकती है।

# भगवान परशुराम के प्रगट उत्सव पर पूजा पार्क मे हुई भजन संध्या एवं महाआरती



सीधी

अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज सीधी द्वारा भगवान परशुराम जी की प्रगट उत्सव पर आज पूजा पार्क सीधी भजन संध्या के साथ की गई जिसमें सीधी के प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित थे जिन्हें श्री फल से सम्मानित किया गया तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। इस कार्यक्रम मे मुख्य रूप से पंडित राकेश दुबे जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज सीधी पंडित अनूप मिश्र वरिष्ठ चिकित्सक, पंडित विश्व बंधु द्विवेदी वरिष्ठ समाजसेवी पंडित अनिल पांडे वरिष्ठ समाजसेवी संदीप उपाध्याय, रंजन मिश्रा, ज्ञानेंद्र अग्निहोत्री, लव कुश, विनय मिश्रा, लव कुश तिवारी, अंबुज पांडे, रोहित मिश्र जी.प्रदीप पांडे, बृजभूषण मिश्रा, शंभू शुक्ल, राजेंद्र द्विवेदी, पुष्पेंद्र पाठक, हरीश द्विवेदी, नीलेश मिश्रा, पंडित रोहित मिश्रा, रविंद्र पांडेय, पुष्पेंद्र शुक्ला, हरीश द्विवेदी, बृजभूषण मिश्रा, शिवम, अमन दुबे श्रीमती सुमन दुबे, श्रीमती मीरा गौतम, कंचन, जानवी, लवकेश पाठक, अनिल दुबे, शिवकांत दुबे, रघु द्विवेदी, सूरज द्विवेदी, पवन मिश्रा, संजय मिश्रा, सुमित मिश्रा, अमन दुबे, रौनक दुबे, रविंद्र प्यासी एवं अन्य कई गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# नव दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ प्रारंभ

**सीधी।** सीधी भक्तजन परिवार द्वारा आयोजित नवदिवसीय संगीतमय श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ के प्रथम दिवस मुख्य यजवान के रूप में प्रभात शशि कला पांडे , कथा प्रारंभ दीप प्रज्वलन कर किया गया जहां मुख्य रूप से शैलेंद्र सिंह चौहान पूर्व सीएमओ, डॉक्टर अनूप मिश्रा , अर वि सिंह बघेल, देवेंद्र सिंह मुन्नू,पुष्पराज सिंह चंदेल भैयन, महेंद्र सराफ, यदुनाथ सिंह विक्रम सिंह प्रमोद द्विवेदी सुरेंद्र सिंह बोरा अजीत सिंह सरदार कुमुद किशोर अवधिया अर्जुन सिंह बघेल ज्ञानेंद्र द्विवेदी जितेन चंदेल राम नरेश सिंह राम प्रकाश तिवारी संध्या आरती गुड़िया पांडे, रश्मिगुप्ता, रेखा सिह उपस्थित रहे ।द्वितीय दिवस में मुख्य यजमान अर्जुन आशा सिंह, नरेश सिंह,जितेन सिंह। दीप प्रज्वलन सनत सिंह अहिरवार सुरेश त्रिपाठी सेवानिवृत्ति जिला शिक्षा



अधिकारी जगदीश गुप्ता राहुल गौतम इंद्रसेन त्रिपाठी विकासखंड जिला शिक्षा अधिकारी कर कथा प्रारंभ हुई। सर्वप्रथम मंगलाचरण के साथ अयोध्या जी से आए निलेश जी महाराज द्वारा बहुत ही सुंदर प्रस्तुति देते हुए कहा कि वशीभूत सम्पूर्ण विश्व, ब्रह्मादि देवता और असुर हैं, जिनकी सत्ता से रस्सी में सर्प के भ्रम की भाँति यह सारा दृश्य जगत् सत्य ही प्रतीत होता है और जिनके केवल चरण ही भवसागर से तरने की इच्छा वालों के लिए एकमात्र नौका हैं, उन समस्त कारणों से पर (सब कारणों के कारण और सबसे श्रेष्ठ) राम कहलाने वाले भगवान हरि की मैं वंदना करता हूँ। नानापुराणनिगमागमसम्मतं यद् रामायणे निगदितं क्वचिदन्यतोऽपि। स्वान्त: सुखाय तुलसी रघुनाथगाथा भाषानिबन्धमतिमंजुलमातनोति। अनेक पुराण, वेद और (तंत्र) शास्त्र से सम्मत तथा जो रामायण में वर्णित है और कुछ अन्यत्र से भी उपलब्ध श्री रघुनाथजी की कथा को तुलसीदास अपने अन्त:करण के सुख के लिए अत्यन्त मनोहर भाषा रचना में विस्तृत करते है। जो सुमिरत सिधि होइ गन नायक करिबर बदन।करउ अनुग्रह सोइ बुद्धि रासि सुभ गुन सदन ॥ जिन्हें स्मरण करने से सब कार्य सिद्ध होते हैं, जो गणों के स्वामी और सुंदर हाथी के मुख वाले हैं, वे ही बुद्धि के राशि और शुभ गुणों के धाम (श्री गणेशजी) मुझ पर कृपा करें। मूक होइ बाचाल पंगु चढ़इ गिरिबर गहन। जासु कृपाँ सो दयाल द्रवउ सकल कलिमल दहन। जिनकी कृपा से गूँगा बहुत सुंदर बोलने वाला हो जाता है और लँगड़ा-लूला दुर्गम पहाड़ पर चढ़ जाता है, वे कलियुग के सब पापों को जला डालने वाले दयालु (भगवान) मुझ पर द्रवित हों (दया करें) जो नीलकमल के समान श्यामवर्ण हैं, पूर्ण खिले हुए लाल कमल के समान जिनके नेत्र हैं और जो सदा क्षीरसागर पर शयन करते हैं, वे भगवान् (नारायण) मेरे हृदय में निवास जिनका कुंद के पुष्प और चन्द्रमा के समान (गौर) शरीर है, जो पार्वतीजी के प्रियतम और दया के धाम हैं और जिनका दीनों पर स्नेह है? वे कामदेव का औकरने वाले (शंकरजी) मुझ पर कृपा करें। दूसरा दिवस मेंशिव विवाह तीसरी दिवस म राम जन्मोत्सव मनाया गया। आज दिन रविवार को श्री राम केबाल लीलाओं पर प्रकाश डालेंगे आप सभी भक्तगण समय का ध्यान रखतेहुए पूजा पार्क में पहुंचकर संगीतमय श्री राम कथा का श्रवण करें।

## संपादकीय

### कठघरे में टीके

कोरोना के टीके कोविशील्ड को लेकर छिड़ा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है, तो यह स्वाभाविक ही है। इस टीके की निर्माता कंपनी एस्ट्राजेनेका ने अपने टीकों को वापस लेने की पहल की है। खासकर, टीके वैक्सजेवरिया पर सुरक्षा चिंताओं के बीच कंपनी की पहल को अलग-अलग नजरिये से देखा जा रहा है। यह कंपनी अपने टीकों की शिकायतों से परेशान है और टीके को वापस लेने से जहां उसकी चिंता घटेगी, वहीं दूसरी ओर, लोगों की शिकायतों में भी इजाफा हो सकता है। खास बात यह है कि सुप्रीम कोर्ट जल्द ही कोविशील्ड के दुर्लभ दुष्प्रभावों पर सुनवाई करने वाला है। हालांकि, सुनवाई की तारीख अभी तय नहीं है, पर यह बड़ी बात है कि प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने वैक्सीन के दुष्प्रभावों की जांच के लिए एक विशेषज्ञ पैनल की मांग वाली याचिका को स्वीकार कर लिया है। यह याचिका अधिवक्ता विशाल तिवारी ने दायर की है और इसमें शीर्ष अदालत से प्रभावित नागरिकों के लिए वैक्सीन क्षति भुगतान व्यवस्था बनाने की मांग की गई है। सर्वोच्च न्यायालय ने अगर मंजूर कर लिया, तो केंद्र सरकार को भारत में भी टीका दुष्प्रभाव क्षतिपूर्ति तंत्र बनाना पड़ेगा। महामारी के दौरान टीकाकरण अभियान के चलते गंभीर रूप से अक्षम हुए लोगों की खोज होनी चाहिए और एक विस्तृत सूची बननी चाहिए। हालांकि, यह काम आसान नहीं है। ध्यान देने की बात है, कोरोना पीड़ितों या मृतकों के परिजन को मुआवजा देने का फैसला केंद्र सरकार ने किया था। ऐसे बच्चों के लिए भी विशेष प्रबंध किए गए थे, जो कोरोना के समय अनाथ हो गए थे। अब अगर टीकों के दुष्प्रभावों से पीड़ित लोगों या मृतकों को मुआवजा मिलता है, तो यह एक कल्याणकारी राज्य (भारत) के लिए सकारात्मक फैसला होगा। भारतीयों को सतर्क रहना चाहिए, कहीं ऐसा न हो कि देश या क्षेत्र के हिसाब से एस्ट्राजेनेका पक्षपात करने लगे। अगर यूरोप में मुआवजा दिया जाता है, तो एशिया या भारत में क्यों नहीं? ध्यान देने की बात है, भारत में लोगों को कोविशील्ड की 175 करोड़ से अधिक खुराकें दी जा चुकी हैं। भारत में भी एस्ट्राजेनेका की टीका संबंधी स्वीकारोक्ति के बाद चिंता का आलम है। कंपनी ने स्वीकार किया है कि टीके से रक्त का थक्का जमने का खतरा है और इस वजह से ब्रिटेन में कंपनी को मुकदमे का सामना करना पड़ रहा है।

**विकास के दौर में बाल विवाह एक नासूर के समान है। देश में हर व्यक्ति को शिक्षित करने की मुहिम चल रही है। हर व्यक्ति को उत्तम स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे में बाल विवाह होना समाज के माथे पर एक कलंक के समान है। देश में अक्षय तृतीया (आखा तीज) पर हर वर्ष हजारों की संख्या में बाल विवाह किए जाते हैं। तमाम प्रयासों के बाबजूद हमारे देश में बाल विवाह जैसी कुप्रथा का अन्त नही हो पा रहा है। भारत में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसे अभियान के शुरू होने के बावजूद एक नाबालिग बेटी की जबर्दस्ती शादी करा दी जा रही है। बाल विवाह मनुष्य जाति के लिए एक अभिशाप है। यह जीवन का एक कड़वा सच है कि आज भी छोटे-छोटे बच्चे इस प्रथा की भेंट चढ़े जा रहे हैं।**

# विकास के दौर में नासूर बनती बाल विवाह जैसी कुप्रथा

(रमेश सर्राफ धमोरा)

10 मई 2024 को अक्षय तृतीया थी। देश में बाल विवाह के 50 प्रतिशत से अधिक मामले केवल 5 राज्यों से संबंधित हैं जिनमें उत्तर प्रदेश शीर्ष पर है। शेष चार राज्यों में बिहार, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश शामिल हैं। वर्तमान में भारत में बाल विवाह के लगभग 22 प्रतिशत मामले हैं जो कि लगातार कम हो रहे हैं।

हमारे देश में प्राचीन समय से कुछ ऐसी प्रथाएं चली आ रही है। जिसका लोगों के दैनिक जीवन पर बुरा प्रभाव पड़ता है। जिनमें बाल विवाह भी एक हैं। किसी भी बच्चे की शादी उसके निश्चित आयु से पहले यानी बाल्यकाल में होना बाल विवाह कहलाता है। यह एक रूढ़िवादी प्रथा है। यह प्रथा बच्चों की सारे मनवा अधिकारों को खत्म कर देता है। जैसे- खेलकूद, मनोरंजन, शिक्षा आदि के अधिकारों को समाप्त कर उन्हें ऐसे बंधन में बांध दिया जाता है, जिसके बारे में उन्हें बिल्कुल भी ज्ञान नहीं होता है। प्राचीन सभी प्रथाओं में बाल विवाह सबसे बड़ा कुप्रथा है। क्योंकि कम उम्र में बच्चों की शादी कर देने से उनके स्वास्थ्य, शारीरिक और मानसिक विकास के साथ-साथ उनके खुशहाल जीवन पर असर पड़ता है। साथ ही वह अपने शिक्षा और खेलकूद के अधिकारों आदि से वंचित रह जाते हैं। इस कुप्रथा का शिकार ज्यादातर कम उम्र की लड़कियां होती है। बाल्यकाल में विवाह होने से बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास नहीं हो पाता है।

विकास के दौर में बाल विवाह एक नासूर के समान है। देश में हर व्यक्ति को शिक्षित करने की मुहिम चल रही है। हर व्यक्ति को उत्तम स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे में बाल विवाह होना समाज के माथे पर एक कलंक के समान है। देश में अक्षय तृतीया (आखा तीज) पर हर वर्ष हजारों की संख्या में बाल विवाह किए जाते हैं। तमाम प्रयासों के बाबजूद हमारे देश में बाल विवाह जैसी कुप्रथा का अन्त नही हो पा रहा है। भारत में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसे अभियान के शुरू होने के बावजूद एक नाबालिग बेटी की जबर्दस्ती शादी करा दी जा रही है। बाल विवाह मनुष्य जाति के लिए एक अभिशाप है। यह जीवन का एक कड़वा सच है कि आज भी छोटे-छोटे बच्चे इस प्रथा की भेंट चढ़े जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर जगह बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देते हैं। देश के सभी प्रदेशों में बेटियां शिक्षित हो रही है। ऐसे में समाज को आगे आकर कम उम्र में लड़कियों के होने वाले बाल विवाह रुकवाने के प्रयास करने होंगे। आजकल कई लड़कियां खुद भी आगे आकर अपना बाल विवाह रुकवाने का प्रयास करने लगी है। भारत में यह प्रथा लम्बे समय से चली आ रही है जिसके तहत छोटे बच्चों का विवाह कर दिया जाता है। आश्चर्य की बात तो यह है कि आज के पढ़े लिखे समाज में भी यह प्रथा अपना स्थान बनाए हुए है। जो बच्चे अभी खुद को भी अच्छे से नहीं समझते। जिन्हें जिन्दगी की कड़वी सच्चाईयों का कोई ज्ञान नहीं। जिनकी उम्र अभी पढने लिखने की होती है। उन्हे बाल विवाह के बंधन में बांधकर क्यों उनका जीवन बर्बाद कर दिया जाता है।



देश में बाल विवाह के 50 प्रतिशत से अधिक मामले केवल 5 राज्यों से संबंधित हैं जिनमें उत्तर प्रदेश शीर्ष पर है। शेष चार राज्यों में बिहार, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश शामिल हैं। वर्तमान में भारत में बाल विवाह के लगभग 22 प्रतिशत मामले हैं जो कि लगातार कम हो रहे हैं। इसके प्रमुख कारणों में महिलाओं में साक्षरता और जागरूकता का बढ़ना, शिक्षा के प्रसार के कारण लड़कियों के प्रति अभिभावकों की सोच में परिवर्तन आना, शहरीकरण में वृद्धि तथा कठोर कानूनों की उपस्थिति को माना जा सकता है।

भारत में बाल विवाह में गिरावट आई है। लेकिन देश में पांच लड़कियों में से एक और छह लड़कों में से एक की अभी भी बचपन में शादी कर दी जाती है। हाल के वर्षों में यह प्रथा कुछ राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में अधिक प्रचलित हो गई है। दिसंबर 2023 में द लैंसेट ग्लोबल हेल्थ में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार यह अनुमान लगाने वाले पहले अध्ययनों में से एक है कि राज्य व केंद्र शासित प्रदेश स्तर पर समय के साथ लड़की और लड़के के बाल विवाह की दर में क बदलाव आया है। अध्ययन में पाया गया कि 1993 से 2021 के बीच राष्ट्रीय स्तर पर बाल विवाह में गिरावट आई है। बालिका बाल विवाह का प्रचलन 1993 में 49 प्रतिशत से घटकर 2021 में 22 प्रतिशत हो गया। जबकि बालक बाल विवाह 2006 में 7 प्रतिशत से घटकर 2021 में 2 प्रतिशत हो गया। बाल विवाह के प्रचलन में सबसे बड़ी कमी 2006 और 2016 के बीच हुई। सबसे कम कमी 2016 से 2021 के बीच हुई। इन बाद के वर्षों के दौरान छह राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में बालिका विवाह में वृद्धि देखी गई।

आंकड़ों से साफ है कि आजादी के 77 साल बाद भी इस देश में महिलाओं की स्थिति में कोई खास सुधार नहीं आया है। हम अपनी बेटियों को बाल विवाह और कम उम्र की गर्भावस्था से नहीं बचा पाए हैं। यही कारण है कि इस देश में 50 फीसदी से ज्यादा महिलाएं और बच्चे एनीमिया (रक्ताल्पता) के शिकार हैं। यूनिसेफ द्वारा जारी की एक रिपोर्ट में कहा गया था कि भारत के कई क्षेत्रों में अब भी बाल विवाह हो रहा है। इसमें कहा गया है कि पिछले कुछ दशकों के दौरान भारत में बाल विवाह की दर में कमी आई है। लेकिन कई प्रदेशों में यह प्रथा अब भी जारी है। रिपोर्ट के अनुसार बाल विवाह की यह कुप्रथा आदिवासी समुदायों सहित कुछ विशेष जातियों के बीच प्रचलित है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि बालिका शिक्षा की दर में सुधार, किशोरियों के कल्याण के लिये सरकार द्वारा किये गए निवेश व कल्याणकारी कार्यक्रम और इस कुप्रथा के खिलाफ सार्वजनिक रूप से प्रभावी संदेश देने जैसे कदमों के चलते बाल विवाह की दर में कमी देखने को मिली है। यूनिसेफ के अनुसार अन्य सभी राज्यों में बाल विवाह की दर में गिरावट लाए जाने की प्रवृत्ति दिखाई दे रही है। किंतु कुछ जिलों में बाल विवाह का प्रचलन अब भी उच्च स्तर पर बना हुआ है।

# लोकसभा चुनाव में हवा नहीं, हक की बात, समझिए बिहार की चुनावी स्थिति

**मंदिर का असर- एनडीए इस बार 2019 के अपने प्रदर्शन को दोहराना चाहता है, जब उसने 40 में से 39 सीटों पर जीत दर्ज की थी। लेकिन, उसका समीकरण गड़बड़ाया हुआ है। भाजपा के धुर समर्थकों को छोड़कर अयोध्या का राम मंदिर बहुत कम लोगों को उत्साहित कर रहा है। वोटरों का ध्यान भविष्य के वादों पर केंद्रित है। आरजेडी के युवा चेहरे और पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव बिहार में जाति जनगणना का श्रेय ले रहे हैं।**

(उदय चंद)

पहले अनुमान लगाया जा रहा था कि लोकसभा चुनाव एकतरफा होगा। लेकिन, बिहार को देखकर पता चलता है कि क्यों मुकाबला उम्मीद से अधिक करीबी हो सकता है और कैसे गठबंधनों के बीच सीधी टक्कर है।

**मुश्किल में थी बीजेपी-** बिहार के सीएम और जेडीयू प्रमुख नीतीश कुमार ने जनवरी में दोबारा पाला बदला। उससे पहले तक लग रहा था कि भाजपा को राज्य में कोई रास्ता नहीं सूझ रहा। पड़ोसी राज्य यूपी के विपरीत बिहार में भाजपा के पास कोई प्रमुख क्षेत्रीय नेता नहीं था। न तो पीएम नरेंद्र मोदी के संदेश पर्याप्त लग रहे थे और न ही अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा। विपक्ष ने बिहार की तरह पूरे देश में जातिगत जनगणना का वादा कर हिंदुत्व के रथ को एक बार फिर से रोक दिया था।

**ओबीसी पर नजर-** भाजपा के लिए चुनौतियां बहुत ज्यादा थीं। इसी बीच ओबीसी मतदाताओं को लुभाने के लिए पार्टी ने आखिरी प्रयास किया। केंद्र सरकार ने कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत भारत रत्न देने का ऐलान कर दिया। नीतीश भाजपा के साथ चले गए, क्योंकि उनके पास विकल्प बहुत कम थे।

**कमजोर कड़ी-** आरजेडी, कांग्रेस और कम्युनिस्ट सहयोगियों से पिछड़कर नीतीश कुमार महागठबंधन की सबसे कमजोर कड़ी थे। जेडीयू के जातीय समीकरण सबसे अच्छे फिट बैठते हैं भाजपा के साथ। वहां उम्मीद रहती है कि भाजपा का परंपरागत सवर्ण वोटर पिछड़ी जाति के उम्मीदवारों को भी वोट देगा। नीतीश के लिए तीसरी अहम बात यह हुई कि एनडीए में जाकर वह चिराग पासवान पर भी नजर रख सकते हैं, जो पिछले चुनाव में उनके धुर विरोधी थे।

**मंदिर का असर-** एनडीए इस बार 2019 के अपने प्रदर्शन को दोहराना चाहता है, जब उसने 40 में से 39 सीटों पर जीत दर्ज की थी। लेकिन, उसका समीकरण गड़बड़ाया हुआ है। भाजपा के धुर समर्थकों को छोड़कर अयोध्या का राम मंदिर बहुत कम लोगों को उत्साहित कर रहा है। वोटरों का ध्यान भविष्य के वादों पर केंद्रित है। आरजेडी के युवा चेहरे और पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव बिहार में जाति जनगणना का श्रेय ले रहे हैं। उनका दावा है कि उन्होंने इसके लिए अनिच्छुक नीतीश कुमार पर दबाव डाला था।

**नया समाजवाद-** जाति जनगणना पर आधारित नैशनल पॉलिसी का वादा कर कांग्रेस का घोषणापत्र शायद और आगे निकल गया। दिल्ली के गलियारों में इसे मंडल 2.0 के तौर पर देखा जा रहा है। हकीकत में यह डिजिटल युग के लिए नया समाजवाद है, जो 'जितनी आबादी उतना हक' के विचार पर आधारित है। तेजस्वी का नया समाजवाद उस राजनीति से ऊपर उठना चाहता है, जिसमें किसी से उसकी जाति पूछी जाती है। बिहार में अगड़ी जातियां यानी ब्राह्मण, भूमिहार और राजपूत आबादी के छठे हिस्से से भी कम हैं। ऐसे में जाति जनगणना का मुद्दा एक मजबूत चुनावी गठबंधन बना सकता है।

**मजबूत विपक्ष-** कई जिलों में, जहां मुस्लिमों की संख्या आबादी के पांचवें हिस्से के करीब है, विपक्ष पहले से ज्यादा मजबूत दिख रहा है। यह स्थिति खासकर मध्य और दक्षिण बिहार में है। इसके अलावा, आरजेडी के नेतृत्व वाले विपक्ष ने लाखों नई नौकरियों का वादा किया है। यह सीधे तौर पर बिहार के प्रवासी मजदूरों की दुर्दशा को जाहिर करता है।

**हिंदुत्व को टक्कर-** दिल्ली की सुर्खियों से दूर बिहार में हिंदुत्व को एक नया प्रतिद्वंद्वी मिला है। यह प्रतिद्वंद्वी है जाति, वर्ग और अल्पसंख्यकों के अधिकारों की राजनीति का मिश्रण। अब बीजेपी को जवाब देना चाहिए कि उसका झुकाव अगड़ी जातियों की ओर नहीं है। लेकिन, साथ में उसे अगड़े वोटबैंक को भी साधे रखना है।

**कठिन चुनाव-** दोनों विरोधी एक समान मजबूत हैं। ऐसे में स्विंग वोटर्स को दो विरोधी धारणाओं के बीच चुनाव करना होगा। एक पक्ष मजबूत व्यक्तित्व केंद्रित सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का वादा करता है। साथ में, कल्याणकारी योजनाओं के तहत लोगों तक लाभ पहुंचा रहा है। दूसरा पक्ष सामाजिक न्याय की नई राजनीति की पेशकश कर रहा। ऐसे में सात चरणों में बिहार में मतदाताओं को कठिन विकल्पों का सामना करना पड़ेगा। इस बात की संभावना है कि निर्णय बंटा हुआ हो। ऐसे चुनाव में जहां कोई राजनीतिक हवा न चल रही हो, वहां राजनेता वोटरों से व्यावहारिक अपील करने के लिए मजबूर होते हैं। मतदाताओं को भी उतने ही कठिन निर्णय लेने पड़ते हैं।

**काम पर मुहर-** लोकतांत्रिक जीवन में, सभी राजनीतिक दलों में करिश्माई नेता फले-फूले। फिर हमने देखा कि उनकी अपील का चुनावों पर असर घटता गया। एक बार जब जादू टूटता है तो मतदाता अक्सर भ्रमित और निराश हो जाते हैं। नागरिकों के सामाजिक और आर्थिक अधिकारों को राजनेताओं द्वारा अधिकतर अनदेखा किया जाता है, फिर चाहे वे लेफ्ट से हों या राइट से या फिर बीच से। चुनावों में जहां एक भावना प्रबल नहीं होती, मतदाता निर्णय के माध्यम से विकल्प चुनते हैं कि कौन उनके लिए क्या कर सकता है।

## वर्ग पहेली 5367

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | | | 6 |
| 7 | | | | | ■ | ■ | |
| | ■ | | ■ | 8 | 9 | 10 | |
| 11 | 12 | | | ■ | 13 | | ■ |
| 14 | | | ■ | 15 | | ■ | 16 |
| ■ | | ■ | 17 | | ■ | 18 | |
| 19 | | | ■ | 20 | | | |
| 21 | | ■ | 22 | | ■ | | ■ |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 20 जून 2001 को इन्हें पाकिस्तान का राष्ट्रपति बनाया गया (8)
7. चलचित्र दिखाने का पर्दा (5)
8. शैलीकार को यह भी कहते है (4)
11. ये छत्रपति शिवाजी के गुरू थे (4)
13. किन्हीं दो स्थानों के बीच दूर तय करने वाली विभक्ति, पर्यंत (2)
14. माता का वह दुलार या लाड़-प्यारजो उसकी संतान पर होता है (3)
15. रामायणनुसार यह सुग्रीव का भ्राता तथा अंगद का पिता था, कान में पहनने का आभूषण, कर्ण श्रृंगार (2)
17. कार्य या शक्ति का मात्रक (2)
18. दायक, देने वाला (2)
19. आरजू, तमन्ना, हसरत, आकांक्षा (3)
20. आलोकित, दीप्त, चमकता हुआ (4)
21. फतह (2)
22. सड़क पथ, मार्ग (2)

**ऊपर से नीचे**

1. जनदग्नि के पुत्र जो ईश्वर के सोलहवें अवतार माने जाते है, वैशाख शुक्ल तीज को इनकी जयंती मनाई जाती है (5)
2. धूल, गर्द, पराग के कण (2)
3. तनख्वाह या वेतन देने वाला (5)
4. किसी मंत्र आदि को बारंबार दोहराना, नाम स्मरण (2)
5. गठरी, पोटली, बंडल, मोटरी (3)
6. भिक्षुक, संयासी, दरवेश, भिखमंगा (3)
9. रंग-बिरंगे पंख वाला कीट, इसे चित्रपतंग भी कहते है (3)
10. काग, कौआ (2)
12. ममतापूर्ण, माता के लाड़-प्यार से भरा हुआ (5)
15. रामायण का एक भाग जिसमें श्रीराम के बाल्यकाल का वर्णन है (4)
16. औलाद, संतति, पुत्र या पुत्री (3)
18. जो रिश्तें में बेटी का पति हो, जंवाई (3)
19. बटन का घर, कार्य, मंगलोत्सव (2)

### वर्ग पहेली 5366 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रा | हु | ल | गां | धी | ■ | ना | ते |
| म | त | ■ | धा | र | क | ■ | ज |
| च | ■ | म | री | ज | ■ | ■ | ■ |
| रि | वा | ज | ■ | ■ | न | मा | ना |
| त | ■ | बू | टा | ■ | ज | ल | न |
| मा | हि | र | ■ | क | र | ■ | क |
| न | त | ■ | ■ | पा | बं | दी | ■ |
| स | ■ | ■ | फ | ल | द | ■ | ■ |

# चुनाव में चंद सूबे कर देंगे फैसला

(नारायण रामचंद्रन, वित्त विशेषज्ञ व उद्यमी)

भारत 18वीं लोकसभा के चुनाव के बीच पहुंच गया है। आजादी के बाद हुए पहले आठ लोकसभा चुनावों में जीतने वाली पार्टी के पास सरकार बनाने के लिए जरूरी बहुमत से ज्यादा सीटें हुआ करती थीं। साल 1967 में इंदिरा गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस को बहुमत से 22 सीटें ज्यादा मिली थीं, जबकि साल 1984 में कांग्रेस के ही राजीव गांधी की झोली में बहुमत से 143 सीटें ज्यादा आई थीं।

वैसे, कुल लोकसभा सीटों की संख्या भी समय के साथ बदलती रही है, साल 1951 में हुए पहले चुनाव के लिए 489 के निचले स्तर से लेकर वर्तमान 543 सीटों तक। साल 2009 में नौवें से लेकर 15वें आम चुनाव तक, जीतने वाली पार्टी बहुमत से दूर रही थी, साल 2004 में मनमोहन सिंह कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार के प्रधानमंत्री बने, तब कांग्रेस के पास बहुमत से 127 सीटें कम थीं, जबकि साल 1991 में जब पीवी नरसिम्हा राव प्रधानमंत्री बने, तब कांग्रेस के पास बहुमत से 24 सीटें कम थीं। किसी एक पार्टी के पास अगर बहुमत न हो, तो जाहिर है, गठबंधन सरकारों की जरूरत पड़ती है। खैर, साल 2014 और 2019 के आम चुनाव में प्रारूप बदल गया, जब भारतीय जनता पार्टी को बहुमत के आंकड़े से क्रमश- 10 और 31 सीटें ज्यादा हासिल हुईं।

अब लोकसभा चुनाव 2024 में क्या भाजपा या कांग्रेस संसद में बहुमत से ज्यादा सीटें हासिल करने वाली किसी एक पार्टी की परंपरा को बरकरार रखेगी? बहुमत के लिए जरूरी सीटों से ज्यादा सीटें पाने का कारनामा यही दो पार्टियां कर सकती हैं, क्योंकि केवल यही दो हैं, जो बहुमत के लिए जरूरी 272 सीटों से अधिक पर चुनाव लड़ रही हैं। भाजपा उम्मीदवारों ने 446 निर्वाचन क्षेत्रों में और कांग्रेस नेताओं ने 327 निर्वाचन क्षेत्रों में पंजीकरण कराया है। सांख्यिकीय रूप से अगर देखें, तो अकेले दम पर कांग्रेस को बहुमत का आंकड़ा पार करने के लिए 82 प्रतिशत सीटें जीतनी होंगी। ऐसे में, फिलहाल कांग्रेस के लिए अकेले दम पर बहुमत से आधी सीटें भी जीतने की संभावना कम लगती है। उम्मीदवारों के मामले में इस समय तीसरी सबसे बड़ी पार्टी सपा है, जो 62 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। बसपा ने अभी तक अपने उम्मीदवारों की पूरी सूची की घोषणा नहीं की है, बहु-चरणीय चुनाव में राजनीतिक दलों को यह सुविधा मिलती है।

दुनिया भर में अनेक प्रकार की मतदान प्रणालियां हैं। ब्रिटेन की तरह ही भारत 'फर्स्ट-पास्ट-द-पोस्ट सिस्टम' (एफपीटीपी) का इस्तेमाल करता है। यह शब्द घुड़दौड़ के संदर्भ में आता है, जहां पोस्ट या विजय रेखा को पार करने वाला पहला घोड़ा एकमात्र विजेता होता है, चाहे वह सिर्फ नाक भर आगे रहा हो या मील भर आगे। सबसे अधिक वोट पाने वाला उम्मीदवार ही जीतता है, भले ही उस व्यक्ति का मत प्रतिशत डाले गए कुल मतों के आधे से भी कम हो और ऐसा अक्सर होता है, जब मैदान में दो से ज्यादा उम्मीदवार उतरते हैं।

साल 2019 के चुनावों में 224 संसदीय क्षेत्रों में भाजपा उम्मीदवारों को 50 प्रतिशत से ज्यादा मतदाता हिस्सेदारी के साथ जीत हासिल हुई थी। इन 224 सीटों में से ज्यादातर पांच राज्यों, उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, मध्य प्रदेश और गुजरात में हासिल हुई थीं। इन पांच राज्यों में कुल मिलाकर 200 लोकसभा सीटें पड़ती हैं। गुजरात को छोड़ दीजिए, तो शेष राज्यों में इस बार भाजपा अपेक्षाकृत कम जोर लगा रही है,

# आज का राशिफल

### मेष

आज का दिन अनुकूल है और आपको भाग ?य का पूरा साथ मिलेगा। जो काम हाथ में लेंगे उसमें आपको सफलता मिलेगी। उत्तम राज योग का संयोग बन रहा है। आज आपकी मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि के योग हैं। कुछ आकस्मिक लाभ भी हो सकते हैं। शाम से लेकर रात्रि तक शुभ व धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

### वृषभ

आज का दिन आर्थिक लाभ से भरा होगा और आज आपकी कार्य से संबंधित योजनाएं सफल होंगी। आज आपको सम्?मान की प्राप्ति होगी। आप अपने किए कार्यों की प्रशंसा से फूले नहीं समाएंगे। रात्रि के समय किसी सामाजिक समारोह में शामिल होने का मौका आपको मिलेगा। आज आपको जरूरी कार्य में खर्च करना पड़ सकता है।

### मिथुन

आज भाग ?य साथ दे रहा है और आज आपके लिए ग्रहों के शुभ योग बन रहे हैं। आज घर में भाइयों से आपका विवाद उग्र रूप धारण कर सकता है। शत्रु पक्ष के लोग आपकी परेशान कर सकते हैं। आप अपनी कार्यकुशलता से समस्या का समाधान निकालने का प्रयास करेंगे। आपको लाभ होगा।

### कर्क

आज का दिन सफलता देने वाला होगा। आज ग्रहों के शुभ योग से आपके भाग ?य में वृद्धि होगी। पुराने किसी मुकदमे में आपकी जीत हो सकती है। कोई खोई मूल्यवान वस्तु अकस्मात् मिल जाएगी। सायं से लेकर रात्रि तक सक्रिय राजनीति में बिजी रहेंगे।

### सिंह

आज परेशानियों में बीतेगा। कारोबार में अकस्मात् लाभ मिलने से हर्ष होगा। आपको खोया हुआ विश्वास पुन: प्राप्त होगा। संतान पक्ष से भी अपेक्षित समाचार मिलेगा। आज आपके परिवार का कोई व?यक्ति आपके मन की बात को जानने का प्रयास करेगा। सावधान रहें और अपनी प्रगति की बातें

### कन्या

आज काफी समय से जो असमंजस बना है, आज उसका अंत होगा और मायूसी भी समाप्त हो जाएगी। जिस वजह से आपके सभी कार्य अभी तक नहीं बन रहे थे आज वह रुकावट हट जाएगी और आपको किस्?मत का साथ मिलेगा। ज्ञान कला और लेखन कार्य में आपकी दक्षता रंग लाएगी। शाम का वक ?त आनंद में बीतेगा।

### तुला

आज भाग ?य साथ दे रहा है और आज जो भी कार्य आप मेहनत से करेंगे उसमें आपको लाभ होगा। आप ऑफिस के कार्य में कोई रिस्?क न लें तो आपके लिए अच ?छा होगा। आप यही सोचकर आगे बढ़ें कि किसी संकट में फंस जाते हैं तो क्या कर सकते हैं। आपके धन में वृद्धि होगी।

### वृश्चिक

आज का दिन सफलता से भरा होगा और पूरा दिन काफी व?यस्?त रहेंगे। कई प्रकार के विवाद और झंझट आपके सामने आ सकते हैं। शात तक आप अपना कुछ समय लगाकर अपने कार्य कौशल से अपनी मुसीबतें कम कर सकते हैं। रात का समय किसी सामाजिक कार्यक्रम में बीतेगा।

### धनु

आज परीक्षा को पास करने में सफलता मिलेगी। जिस तरीके से आप अपनी रणनीति को लागू कर रहे हैं, उसमें आपके लिए सफलता के योग बन रहे हैं। आर्थिक स्थिति में भी धीरे-धीरे सुधार होगा। रात में किसी की सेहत को लेकर आपको भागदौड़ करनी पड़ सकती है। भाग ?य आपका साथ देगा।

### मकर

आज का दिन भाग ?यशाली है और आज आपका मूड सुबह से ही अच ?छा रहेगा। किसी बड़े लाभ के चक्कर में आप दिनभर भागदौड़ करने के लिए भी तत्पर रहेंगे। परिस्थितियां जब सुधरने लगेंगी तो आपको लाभ होगा। व्यर्थ की जद्दोजहद तथा तनाव भी समाप्त होने लगेंगे।

### कुंभ

आज आपके विरोधी भी आपका कुछ नहीं बिगाड़ पाएंगे। आप फालतू कामों में उलझे रहे हैं तो आपकी परेशानियां और बढ़ सकती हैं। अपने वरिष्?ठ अधिकारी को इसकी जानकारी अवश्य दें। आज के दिन आपका जरूरी कार्य में काफी खर्च होगा। आपके धन में वृद्धि होगी और भाग्य साथ देगा। आपके धन में वृद्धि होगी।

### मीन

आज का दिन मिलाजुला रहेगा। आज व्यवसाय के विस्तार के लिए पर्याप्त अवसर और अनुकूल समय आपको मिलेगा। बाहर की सुविधाएं भी आपको मिल रही हैं और आर्थिक मामलों में पैसों कमी नहीं होगी। अगर संतान के विवाह का बात चल रही है तो आज बात पक ?की हो सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### युवक ने मां-पत्नी और 3 बच्चों को मारने के बाद खुद को गोली से उड़ाया

**सीतापुर, एजेंसी।** यहां एक सिरफिरे नशेले युवक ने अपने ही परिवार को खत्म कर दिया। उसने मां पत्नी और तीन बच्चों को गोली मारने के बाद खुद को भी उड़ा लिया। घटना थाना रामपुर मथुरा के पाल्हापुर गांव की है। जहां एक युवक ने अपनी मां, पत्नी और तीन छोटे बच्चों को मार डाला। एक साथ पांच हत्याएं करने के बाद खुद को गोली से उड़ा लिया है। पुलिस मौके पर पहुंची है। घटनास्थल पर रक्तरंजित हथौड़ा मिलने की बात कही जा रही है। गांव अनुराग सिंह पुत्र वीरेंद्र सिंह ने इस घटना को अंजाम दिया है। बताया जा रहा है कि अनुराग शराब के नशे में था। उसने पहले मां सावित्री देवी (62) पत्नी वीरेंद्र सिंह को सिर में गोली मारी। उसके बाद पत्नी प्रियंका सिंह (40) के सिर पर हथौड़ा मारकर मौत के घाट उतार दिया। बेटी आष्वी (12), आरना (08) को छत से फेंक दिया। उनकी मौके पर मौत हुई है। पुत्र आदविक (04) को लखनऊ ट्रामा सेंटर में मृत घोषित कर दिया गया। घटना को अंजाम देने के बाद अनुराग सिंह (45) ने खुद को गोली मार ली। शनिवार की तड़के यह वारदात बताई जा रही है। सुबह घटना की सूचना मिलने पर गांव में कोहराम मच गया। सीओ दिनेश शुक्ल पुलिसबल के साथ मौके पर मौजूद हैं। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने हत्या के सम्बंध में बताया है कि युवक मानसिक विक्षिप्त बताया जा रहा है। उसने अपने परिवार के पांच की हत्या की है।

### रेवन्ना पर आरोप लगाने वाले भाजपा नेता भी गिरफ्तार, यौन उत्पीड़न की दर्ज हुई थी शिकायत

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक में उजागर हुए सेक्स स्कैंडल मामले में भाजपा नेता जी देवराजे गौड़ा को गिरफ्तार किया गया है। भाजपा के नेता और पेशे से वकील जी. देवराजे गौड़ा को हासन से जनता दल सेक्युलर के सांसद प्रज्वल रेवन्ना से कथित तौर पर जुड़े एक अश्लील वीडियो के मामले में रात गिरफ्तार किया गया। हालांकि वह सिरे से खारिज कर चुके हैं। वहीं एक महिला ने देवराजे गौड़ा के खिलाफ यौन उत्पीड़न का मामला भी दर्ज करवाया था। आरोप है कि उन्होंने महिला की संपत्ति बिकवाने के नाम पर छेड़छाड़ की थी। पुलिस के अनुसार, पेन ड्राइव के जरिए वीडियो लीक करने के आरोप में देवराजे गौड़ा को हिरियुर पुलिस ने चित्रदुर्ग जिले के गुलिहाल टोल नाका पर गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि गौड़ा को हासन पुलिस से मिली गुप्त सूचना पर गिरफ्तार किया गया। साल 2023 में गौड़ा ने प्रज्वल के पिता एचडी रेवन्ना के खिलाफ होलेनारसीपुर से विधानसभा का चुनाव लड़ा था। वहीं गौड़ा का कहना है कि प्रज्वल के वीडियो उन्होंने नहीं बल्कि कांग्रेस ने लीक किए हैं। गौड़ा ने कहा कि उन्होंने पहले भी भाजपा नेतृत्व को सावधान किया था कि प्रज्वल को हासन लोकसभा सीट से टिकट ना दिया जाए। हालांकि जेडीएस और भाजपा में गठबंधन के बाद प्रज्वल को ही चुनाव में उतार दिया गया। बता दें कि हासन लोकसभा सीट पर मतदान होने के चार दिन बाद प्रज्वल का सेक्स स्कैंडल सामने आया। यहां 26 अप्रैल को मतदान हुए थे। वीडियो में दावा किया गया कि प्रज्वल ने कई महिलाओं का यौन शोषण किया। बता दें कि प्रज्वल रेवन्ना पूर्व प्रधानमंत्री और जेडीएस सुप्रीमो एचडी देवगौड़ा के पोते हैं। वीडियो वायरल होने के बाद ही प्रज्वल रेवन्ना जर्मनी चल गए। बाद में उन्हें जेडीएस से सस्पेंड भी कर दिया गया। रेवन्ना के खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस भी जारी किया गया है। रेवन्ना के खिलाफ रेप, छेड़छाड़, ब्लैकमेलिंग, धमकी के मामले दर्ज किए गए हैं। वहीं रेवन्ना के पिता एचडी रेवन्ना को महिला के अपहरण के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया।

### केरल के मंदिरों में ओलियंडर के फूलों का इस्तेमाल होगा बंद

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।** केरल के मंदिरों में ओलियंडर के फूलों का इस्तेमाल बंद करने के लिए कहा गया है। राज्य ज्यादातर मंदिरों का प्रबंधन करने वाले 2 प्रमुख देवास्वोम बोर्ड ने प्रसाद के लिए इन फूलों का उपयोग बंद करने का निर्देश दिया। त्रावणकोर देवास्वोम बोर्ड और मालाबार देवास्वोम बोर्ड ने इन फूलों की जहरीली प्रकृति के बारे में चिंता जताई और यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया। बोर्ड ने कहा कि इन फूलों से मनुष्यों और जानवरों को नुकसान पहुंच सकता है। टीडीबी के अध्यक्ष पीएस प्रशांत ने गुरुवार को बोर्ड की बैठक के बाद अपने अधिकार क्षेत्र के तहत मंदिरों के संबंध में इस निर्णय की घोषणा की। प्रशांत ने तिरुवनंतपुरम में पत्रकारों से कहा, 'टीडीबी के तहत मंदिरों में नैवेद्य (ईश्वर को चढ़ाए जाने वाले पदार्थ) और प्रसाद में ओलियंडर के फूलों के उपयोग से पूरी तरह से बचने का निर्णय लिया गया है। इसके बजाय, तुलसी की मंजरी, थेची (इक्सोरा), चमेली और गुलाब जैसे अन्य फूलों का उपयोग किया जाएगा। मालाबार देवास्वोम बोर्ड के अध्यक्ष एम आर मुरली ने कहा कि उसके अधिकार क्षेत्र के तहत 1,400 से अधिक मंदिरों में अनुष्ठानों के लिए अरली के फूलों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। मुरली ने से कहा, 'मंदिरों में अनुष्ठानों में अरली के फूल का व्यापक रूप से उपयोग नहीं किया जाता है, लेकिन भक्तों की सुरक्षा को देखते हुए इसके उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। अध्ययन में पाया गया है कि इस फूल में जहरीले पदार्थ होते हैं।' उन्होंने कहा कि इस संबंध में शुक्रवार को आदेश जारी किया गया। सूत्रों ने कहा कि यह फैसला अलप्पुझा और पथानामथिट्टा में सामने आई कई घटनाओं के बाद लिया गया है। अलाप्पुझा में एक महिला की हाल में कथित तौर पर ओलियंडर के फूल और पत्तियां खाने के बाद मृत्यु हो गई थी।

# इस साल अबतक 103 नक्सली ढेर, माओवादियों की मांद में घुसकर उनका शिकार कर रहे जवान

**बस्तर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बस्तर में शुक्रवार को सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में 12 माओवादियों को मार गिराया। इस दौरान दो जवान भी घायल हुए। वैसे अगर आंकड़ों की बात करें तो यह साल सुरक्षाबलों के लिए बहुत ही शानदार साबित हो रहा है, और नक्सल मोर्चे पर उन्हें लगातार कामयाबियां मिल रही हैं। इस साल नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ों में सुरक्षाबलों ने अबतक कुल 103 माओवादियों को मार गिराया है, जबकि अभी तो यह साल आधा भी नहीं गुजरा है, वहीं पिछले दो सालों में यह आंकड़ा सिर्फ 22 और 30 यानी कुल 52 ही था। जिसके बाद पूर्व अधिकारियों को यकीन हो चला है कि सालों से नक्सलियों की मांद में घुसकर उन्हें चुनौती दे रहे सुरक्षाबलों की मेहनत अब रंग लाने लगी है और अब वे घने जंगलों में रणनीतिक रूप से भारी पड़ने वाले नक्सलियों पर भी दबाव बनाने में कामयाब हो गए हैं।



विशेषज्ञों का मानना है कि बस्तर के घने जंगलों में लगातार हो रही मुठभेड़ का माओवादियों की भर्ती पर गहरा नकारात्मक प्रभाव पड़ना तय है। इस बारे में छत्तीसगढ़ के पूर्व पुलिस महानिदेशक आरके विज ने कहा, पिडिया क्षेत्र जहां शुक्रवार को मुठभेड़ हुई वो कभी बस्तर में माओवादियों का गढ़ हुआ करता था। माओवादियों के बड़े नेता पिडिया के इन्हीं जंगलों में बैठकें करते थे। आज सुरक्षा बलों का उस जंगल में ऑपरेशन चलाना एक बड़ी उपलब्धि है। मेरा मानना है कि इन मुठभेड़ों का माओवादियों के भर्ती अभियान पर निश्चित रूप से प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। हालांकि कुछ साल पहले तक सुरक्षाबलों द्वारा नुकसान पहुंचाए जाने पर नक्सलियों की तरफ से पलटवार करते हुए बदला लेने की आशंका भी बनी रहती थी, लेकिन अब तो जैसे उनकी कमर टूट चुकी है। क्योंकि पलटवार के नाम पर वे केवल आम नागरिकों की जान ले रहे हैं। इस साल के शुरुआती चार महीनों में ही माओवादियों ने 21 आम नागरिकों को मारा है। जबकि बीते साल यह संख्या 41 थी।

वहीं एक अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि पिडिया का जंगल बस्तर में माओवादियों का कोर एरिया है और जब भी सुरक्षा बल टॉप नक्सली नेताओं पर दबाव बढ़ाते हैं तो यह उनके लिए छत्तीसगढ़ से तेलंगाना और आंध्र भागने के काम भी आता है। ऐसे में सुरक्षाबलों का यहां शुक्रवार को हुई मुठभेड़ को लेकर दक्षिणी बस्तर के उप पुलिस महानिरीक्षक कमलोचन कश्यप ने कहा- बीजापुर जिला मुख्यालय से लगभग 55 किलोमीटर दूर पिडिया के जंगलों में एक प्रमुख माओवादी नेता के मौजूद होने की खुफिया सूचना मिलने के बाद ऑपरेशन की योजना बनाई गई थी। सुबह करीब 9 बजे सुरक्षाकर्मियों पर गोलीबारी के बाद माओवादियों के साथ भीषण मुठभेड़ शुरू हो गई, जो कि शाम करीब 5 बजे खत्म हुई। उम्मीद है कि शनिवार को मृत नक्सलियों की पहचान होने के बाद हमें पता चल जाएगा कि कोई वरिष्ठ माओवादी मारा गया है या नहीं। शुक्रवार की मुठभेड़ दिसंबर 2023 के बाद से दक्षिण छत्तीसगढ़ के बस्तर में चल रही एक बड़ी लड़ाई का संकेत है, जब भाजपा ने विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को मात देकर छत्तीसगढ़ सरकार की कमान संभाली थी। इसके बाद से ही सुरक्षा बलों की नीति में परिवर्तन आया और वे कहीं ज्यादा आक्रामकता के साथ नक्सलियों पर कार्रवाई कर रहे हैं। इसके अलावा सुरक्षाबलों द्वारा दिसंबर 2023 से घोर नक्सली एरिया में 17 नए फॉरवर्ड कैंपों का निर्माण भी किया गया है, इससे भी सुरक्षाबलों की पकड़ इन इलाकों में काफी ज्यादा बढ़ चुकी है। अधिकारियों ने बताया कि इससे इन क्षेत्रों में नागरिक पहुंच में सहायता मिली है, साथ ही सुरक्षाबलों को खुफिया सूचना प्राप्त होने पर उन पर अधिक तेजी से कार्रवाई करने की अनुमति मिलती है।

## मोदी की गारंटी बनेगी भाजपा के हार का कारण: अशोक गहलोत



**जयपुर , एजेंसी।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस प्रतिष्ठा से जुड़ी अमेठी सीट के सीनियर ऑब्जर्वर अशोक गहलोत ने शुक्रवार को लोकसभा चुनाव में भाजपा की हार की भविष्यवाणी कर दी। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के बयानों में उनकी बौखलाहट झलक रही है. इससे लगता है कि वे चुनाव हार रहे हैं। इसका प्रमुख कारण है कि इस बार भाजपा का नाम ही नहीं है, सिर्फ मोदी की गारंटियों को भुनाया जा रहा है। अमेठी के लिए रवाना होने से पहले अपने आवास पर मीडिया से बातचीत में गहलोत ने कहा कि लगता है कि अमित शाह और नरेंद्र मोदी ने गलती कर दी। उन्होंने चुनाव से पहले यह साफ कर दिया कि चुनाव सिर्फ मोदी के नाम पर होगा। अबकी बार फिर मोदी सरकार और मोदी की गारंटी के नाम पर चुनाव होगा. किसी सांसद का नाम नहीं आएगा। पूरे देश में जो ब्रांडिंग हो रही है। उसमें भाजपा तक का का नाम नहीं है। सिर्फ मोदी की गारंटी है। यही इनकी हार का सबसे बड़ा कारण बनेगा।

उन्होंने कहा कि राजस्थान के विधानसभा चुनाव में पीएम मोदी उन पर हमला करते थे कि अब कभी सीएम नहीं बनूंगा। वो भविष्यवाणी कर रहे थे, लेकिन मैं भविष्यवाणी नहीं कर रहा हूं, जो अभी चुनाव में दिख रहा है, वो बता रहा हूं कि जिस तरह पीएम मोदी कभी हमारे चुनावी घोषणा पत्र को मुस्लिम लीग से जोड़ते हैं। ऐसा लग रहा है कि भाजपा सरकार जा रही है। कभी पाकिस्तान लाते हैं, कभी मंगलसूत्र लाते हैं और कभी कहते हैं कि आपके दो भैंस है तो कांग्रेस एक भैंस लेकर उनको दे देगी, जिनके ज्यादा बच्चे हैं. यह क्या बयान हुआ। अंअशोक गहलोत ने कहा कि अब पीएम मोदी ने अडानी और अंबानी का नाम लेकर इतिहास बना दिया है। पूरा देश हंस रहा है और गुस्से में भी है। लोग समझ नहीं पा रहे हैं कि वे ऐसा क्यों बोले। भाजपा वाले भी यह नहीं समझ पा रहे हैं कि इस पर क्या कमेंट करें। पीएम अंबानी-अडानी पर सीधा आरोप लगा रहे हैं कि कालाधन बोरे और टैंपो में भर भरके कांग्रेस को दिए. इसलिए राहुल गांधी ने उनके ऊपर अटैक करना बंद कर दिया है।

## शादी की खुशियां मातम में बदली- सड़क हादसे में दूल्हा सहित 4 की मौत

**झांसी, एजेंसी।** यूपी के झांसी-कानपुर हाईवे पर बड़ा हादसा हुआ है। यहां बारात लेकर जा रहे एक दूल्हे की कार में डीसीएम ट्रक से टक्कर के बाद आग लग गई। इसमें दूल्हा समेत चार लोगों की जलकर दर्दनाक मौत हो गई। हादसा झांसी के बड़ा गांव थाना क्षेत्र के पारीछा ओवर ब्रिज के पास हुआ। बताया जा रहा है कि पीछे से आ रहे डीसीएम ने कार में टक्कर मार दी। जिससे डीसीएम अचानक से बेकाबू होकर लहराते हुए कार से टकराया और उस पर चढ़ गया। इसमें कार और डीसीएम दोनों में आग लग गई। हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई। मारे गए लोगों में दूल्हा आकाश अहिरवार (उम्र 25 साल), दूल्हे का सगा भाई आशीष अहिरवार, भतीजा मयांक (उम्र 4 साल) और कार का ड्राइवर जयकरन उर्फ भगत शामिल हैं। वहीं दो लोगों रवि अहिरवार और रमेश को बचा लिया गया। उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। झांसी के एरच थाना क्षेत्र के बिलाटी गांव में रहने वाले आकाश अहिरवार की 10 मई दिन शुक्रवार को शादी थी। बारात बड़ा गांव थाना क्षेत्र के छपार गांव के लिए निकली थी। कार जब बड़ा गांव थाना क्षेत्र में कानपुर हाईवे स्थित पारीछा ओवर ब्रिज के पास पहुंची तो पीछे से आ रही डीसीएम गाड़ी ने टक्कर मार दी। हादसे के तुरंत बाद कार और डीसीएम में आग लग गई।दूल्हे के परिवारीजनों का कहना है कि डीसीएम ट्रक काफी देर से कार के पीछे-पीछे चल रहा था।

# चौथे चरण में 360 उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 1710 प्रत्याशी ताल ठोकने वाले हैं। इनमें से 360 यानी 21 फीसदी के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्सकी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। इसमें बताया गया कि चौथे चरण में 274 ऐसे उम्मीदवार हैं जिनके खिलाफ अपराध के गंभीर मामले दर्ज हैं। साथ ही इनमें से 17 को सजा भी सुनाई जा चुकी है। 11 कैंडिडेट्स ने बताया कि उनके खिलाफ आईपीसी की धारा 302 के तहत केस दर्ज हुआ था जो कि हत्या से जुड़े मामलों में लागू होती है। रिपोर्ट के मुताबिक, चौथे चरण में 30 ऐसे प्रत्याशी हैं जिनके खिलाफ आईपीसी की धारा 307 के तहत केस दर्ज हैं। 50 उम्मीदवारों पर महिलाओं के खिलाफ अपराध से संबंधित आपराधिक मामले दर्ज हैं जबकि 5 उम्मीदवारों पर दुष्कर्म के आरोप हैं।



प्रमुख राजनीतिक दलों में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के तीन में से तीन उम्मीदवार, शिवसेना के तीन में से दो उम्मीदवार, भारत राष्ट्र समिति के 17 में से 10 उम्मीदवार, कांग्रेस के 61 में से 35 उम्मीदवार और भारतीय जनता पार्टी के 70 में से 40 उम्मीदवारों ने शपथपत्र में अपने खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों की जानकारी दी है। इसके अलावा तेलुगू देशम पार्टी के 17 में से 9 उम्मीदवार, बीजू जनता दल के चार में से दो उम्मीदवार, राष्ट्रीय जनता दल के 4 में से 2 उम्मीदवार, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के चार में से दो उम्मीदवार, वाईएसआरसीपी के 25 में से 12 उम्मीदवार, तृणमूल कांग्रेस के आठ में से तीन उम्मीदवार और समाजवादी पार्टी के 19 में से सात उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों की जानकारी दी है।

**1710 में से कुल 476 उम्मीदवार करोड़पति :** एडीआर की रिपोर्ट आपराधिक मामलों के अलावा उम्मीदवारों की वित्तीय पृष्ठभूमि के बीच महत्वपूर्ण विविधता पर भी प्रकाश डालती है। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के मतदान के लिए 1710 में से कुल 476 उम्मीदवार करोड़पति हैं, जिनकी संपत्ति 1 करोड़ रुपये से अधिक है। करोड़पति उम्मीदवारों में से डॉ. पेम्मासानी सबसे अमीर हैं। जबकि 24 उम्मीदवार ऐसे हैं जिन्होंने घोषित किया है कि उनके पास कोई संपत्ति नहीं है। एडीआर ने इन विश्लेषणों के आधार पर राजनीति के अपराधीकरण पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से कई सुधारों का प्रस्ताव रखा है। इनमें गंभीर अपराधों के लिए दोषी ठहराए गए उम्मीदवारों की स्थायी अयोग्यता, राजनीतिक दलों को सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत लाना और चुनावी हलफनामे में गलत जानकारी देने वाले उम्मीदवारों के लिए सख्त दंड लागू करना शामिल है।

# राहुल ने दिए कांग्रेस में बदलाव के संकेत, बोले गलतियां तो हुई हैं

**लखनऊ, एजेंसी।** आने वाले समय में यानी लोकसभा चुनाव के बाद कांग्रेस में बड़े पैमाने पर बदलाव हो सकते हैं। इसके संकेत कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने खुद दिए हैं। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी ने भी गलतियां की हैं और उन्हें भविष्य में अपनी राजनीति बदलनी होगी। ये बात मैं कांग्रेस पार्टी से होते हुए कह रहा हूं। हालांकि, राहुल गांधी ने इस बात का जिक्र नहीं किया कि कांग्रेस ने क्या गलतियां की। अब जानकार बयान के मायने निकाल रहे हैं। माना जाने लगा है कि लोकसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद कांग्रेस पार्टी में बड़े बदलाव के संकेत हो सकते हैं। बता दें कि चुनाव के दौरान कई कांग्रेस नेता सक्रिय होकर ऐसे बयान देते हैं जिससे कई बार कांग्रेस को नुकसान उठाना पड़ता है।



राहुल गांधी ने आगे कहा कि 90 प्रतिशत आबादी एससी/एसटी, ओबीसी, दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक और सामान्य समुदाय के गरीबों की है, जिन्हें समान भागीदारी नहीं दी जाती है। अगर देश को मजबूत करना है, तो 90 फीसदी को शामिल किए बिना ऐसा नहीं किया जा सकता। अगर आप कहते हैं कि 90 फीसदी नौकरशाही, खेल, मीडिया, न्यायपालिका और यहां तक कि सौंदर्य प्रतियोगिताओं में भी नहीं आएंगे, तो आप कौन सी महाशक्ति बनेंगे। क्या आप 10 प्रतिशत आबादी को महाशक्ति बनाना चाहते हैं

लोकसभा चुनाव 2024 के बीच कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने लखनऊ में मोदी सरकार के खिलाफ निशाना साधा। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में शुक्रवार को समृद्ध भारत फाउंडेशन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में राहुल गांधी ने कहा कि राजनीति में दो तरह के लोग होते हैं। एक, जो सुबह से शाम तक सत्ता के लिए दौड़ते हैं। सच्चाई नहीं स्वीकार करते हैं। बस किसी भी तरह सत्ता में आ जाएं, इसी में लगे रहते हैं। दूसरे वे लोग होते हैं जो सच्चाई सामने दिख रही है उसको स्वीकार करते हैं। आंबेडकर, गांधी, बुद्ध, पेरियार ने यही किया। राहुल गांधी ने आगे कहा कि वो पीएम मोदी के साथ डिबेट करने के लिए तैयार थे, लेकिन उन्हें पता था कि पीएम मोदी उनके साथ डिबेट नहीं करेंगे। राहुल गांधी ने ये भी दावा किया कि लोकसभा चुनाव में सत्तारूढ़ भाजपा 180 से कम सीटों पर सिमट जाएगी।

गौरतलब है कि कांग्रेस नेता ने इस कार्यक्रम में एक ऐसी बात कही, जिस पर काफी राजनीतिक चर्चा हो रही है। राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि उनकी पार्टी ने भी गलतियां की हैं और उन्हें भविष्य में अपनी राजनीति बदलनी होगी। ये बात मैं कांग्रेस पार्टी से होते हुए कह रहा हूं। हालांकि, राहुल गांधी ने इस बात का जिक्र नहीं किया कि कांग्रेस ने क्या गलतियां की।

# केजरीवाल के बाहर आते ही आक्रमक होगा आप का चुनावी प्रचार, पार्टी में आई नई जान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जेल से रिहाई हो गई है। आज वे दो रोड शो करने जा रहे हैं। उनके बाहर आने से आप में नई जान आ गई है। अब आप का चुनाव प्रचार और आक्रामक हो जाएगा। सीएम शनिवार को कनॉट प्लेस स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में दर्शन करने के बाद प्रेसवार्ता करेंगे। इसके बाद आप के चुनाव प्रचार की कमान केजरीवाल के इर्द-गिर्द ही घूमेगी।चुनावी रणनीति में सीएम के कार्यक्रमों को अंतिम रूप देना शुरू गया है। केजरीवाल के जेल जाने के बाद आप का चुनाव अभियान उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल ने संभाल रखा था। उन्होंने दिल्ली के रामलीला मैदान में जनसभा को संबोधित किया और राजधानी में आप प्रत्याशियों के लिए रोड शो किया।दिल्ली में चार लोकसभा सीटों पर आप और तीन पर कांग्रेस चुनाव लड़ रही है। आप सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री कम समय में ज्यादा से ज्यादा चुनावी कार्यक्रम कर सकते हैं। इसके लिए शनिवार तक केजरीवाल से बातचीत कर रणनीति तैयार कर ली जाएगी।

आम आदमी पार्टी राजधानी में उनके रोड शो और जनसभाओं की रूपरेखा बनाने में जुट गई है। मुख्यमंत्री आप के साथ-साथ सहयोगी दलों की सीटों पर भी प्रचार करेंगे। लंबे समय से केजरीवाल चुनाव से पहले और बाद में सीपी के हनुमान मंदिर जाते रहे हैं। इस बार हनुमान जयंती पर उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल अकेली ही हनुमान मंदिर पहुंची थीं और उन्होंने कहा था कि जल्दी सर जी के साथ आऊंगी। जेल से अंतरिम जमानत पर छूटने के बाद केजरीवाल ने सबसे पहले हनुमान मंदिर जाने की घोषणा की है। इसके बाद वह पार्टी कार्यालय पहुंचेंगे। अब तक पार्टी का चुनाव प्रचार 'जेल का जवाब वोट से' नारे पर चल रहा था। केजरीवाल के जेल से छूटने के बाद आप चुनाव प्रचार तेज करेगी। छोटी जनसभा और रोड शो के साथ सोशल मीडिया पर भी पार्टी प्रचार तेज करेगी। सीएम की गिरफ्तारी पर वह केंद्र सरकार पर विपक्ष को जबरन जेल में डालने का आरोप लगाती रही है, अब मुख्यमंत्री खुद इस मामले पर कमान संभालेंगे।



# शादी टूटी तो भड़क गया दूल्हा, कलम किया दुल्हन का सिर और ले गया अपने साथ

**कोडागु , एजेंसी।** कर्नाटक के कोडागु जिले में प्रस्तावित विवाह स्थगित होने से नाराज एक युवक ने 16 वर्षीय लड़की की कथित तौर पर धारदार हथियार से हमला करके हत्या कर दी। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि लड़की के नाबालिग होने के चलते दोनों का विवाह स्थगित कर दिया गया था। पुलिस ने बताया कि विवाह स्थगित होने के बाद 32 वर्षीय प्रकाश लड़की मीना के घर में घुस गया। पुलिस ने बताया युवक ने लड़की के पिता एवं मां पर हमला किया और लड़की का सिर धड़ से अलग करके उसका सिर अपने साथ ले गया। घटना सुरलब्बी गांव की है। इंडिया टुडे की रिपोर्ट की मानें तो अब प्रकाश ने भी खुदकुशी कर ली है।

**क्यों टूट गई शादी :** पुलिस के मुताबिक गुरुवार को लड़की की प्रकाश के साथ सगाई थी, लेकिन किसी ने चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर पर सूचना दे दी जिसके बाद बाल कल्याण विभाग के अधिकारी नाबालिक लड़की मीना के घर पहुंचे और दोनों परिवारों को समझाया। पुलिस के अनुसार अधिकारियों ने दोनों परिवारों को समझाया कि अगर वे शादी के लिए आगे बढ़ते हैं तो इसमें यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम और बाल विवाह अधिनियम के प्रावधान लागू होंगे।

**दोनों परिवार की बीच हुई थी रजामंदी :** पुलिस के अनुसार दोनों परिवार इस बात पर सहमत हुए कि मीना के 18 साल के होने के बाद ही उसकी शादी प्रकाश से की जाएगी। इसके बाद अधिकारी और दूल्हे का परिवार वहां से चला गया। पुलिस अधीक्षक (कोडागु) रामराजन ने बताया कि हालांकि गुरुवार शाम लगभग 5.30 बजे प्रकाश ने मीना के घर में घुसकर उसके पिता को लात मारी और उसकी मां पर धारदार हथियार से हमला किया। उन्होंने बताया कि प्रकाश ने साथ ही लड़की को लगभग 100 मीटर तक बाहर घसीटा और धारदार हथियार से हमला करके उसका सिर धड़ से अलग कर दिया और सिर अपने साथ लेकर वहां से भाग गया। उन्होंने कहा कि पीड़िता की मां और पिता को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और आरोपी को पकड़ने के प्रयास जारी हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 307 (हत्या का प्रयास) और 302 (हत्या) एवं यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।



**हिमाचल के 6 बागी कांग्रेसी विधायकों का यू-टर्न, अयोग्यता के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट से याचिका वापस ली : शिमला, एजेंसी।** कांग्रेस के छह पूर्व विधायकों ने हिमाचल प्रदेश विधानसभा से अयोग्य ठहराए जाने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दायर अपनी याचिका शुक्रवार को वापस ले ली। कांग्रेस के इन 6 विधायकों को पार्टी व्हिप ना मानने पर 29 फरवरी को विधानसभा अध्यक्ष द्वारा अयोग्य करार दिया गया था। वरिष्ठ वकील अभिनव मुखर्जी ने पूर्व विधायकों की तरफ से कोर्ट में पेश होते हुए जस्टिस संजीव खन्ना और दिपांकर दत्ता की बेंच को बताया कि सभी छह विधायक अपनी याचिका वापस लेना चाहते हैं। जिसके बाद पीठ ने उन्हें ऐसा करने की अनुमति देते हुए कहा कि हम जानते थे कि चुनाव के कारण ऐसा होने वाला है। बता दें कि याचिका वापस लेने वाले सभी छह पूर्व कांग्रेसी विधायक अयोग्य ठहराए जाने के बाद भाजपा में शामिल हो गए थे, और अब उपचुनावों में भाजपा उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। हिमाचल प्रदेश में लोकसभा चुनाव के साथ-साथ इन छह विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए भी 1 जून को वोटिंग होगी। इससे पहले इन विधायकों की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने 18 मार्च को इन्हें अयोग्य ठहराने के हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष के आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था।

# बृजभूषण पर आरोप तय, साक्षी बोलीं- यह महिला पहलवानों के लिए बड़ी जीत है, बजरंग ने कही यह बात

## रेसलिंग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाले बजरंग ने 'एक्स' पर लिखा, बृजभूषण पर आरोप तय हो गये हैं। माननीय अदालत का धन्यवाद। उन्होंने लिखा- महिला पहलवानों के संघर्ष की बहुत बड़ी जीत है।

स्टार पहलवान साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया ने शुक्रवार को पूर्व डब्ल्यूएफआई (भारतीय कुश्ती महासंघ) प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप तय करने के दिल्ली की अदालत के फैसले का स्वागत किया और इसे देश की महिला पहलवानों के लिए एक बड़ी जीत बताया। दिल्ली की एक अदालत ने छह बार के सांसद सिंह के खिलाफ मामले में धारा 354 (महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से हमला या आपराधिक बल), 354 ए (यौन उत्पीड़न), 354 डी (पीछा करना) और भारतीय दंड संहिता की धारा 506 (आपराधिक धमकी) के तहत आरोप तय करने का आदेश दिया। टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाले बजरंग ने 'एक्स' पर लिखा, बृजभूषण पर आरोप तय हो गये हैं। माननीय अदालत का धन्यवाद। उन्होंने लिखा- महिला पहलवानों के संघर्ष की बहुत बड़ी जीत है। देश की



बेटियों को इतने कठिन समय से गुजरना पड़ा है, पर यह फ़ैसला राहत देगा। जिन लोगों ने महिला पहलवानों को ट्रोल किया था उनको भी शर्म आनी चाहिए। सत्यमेव जयते। रियो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साक्षी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा- माननीय न्यायालय ने बृज भूषण सिंह के खिलाफ आरोप तय किए हैं। हम माननीय अदालत का धन्यवाद करते हैं। हाल ही में खेल से संन्यास लेने वाली साक्षी ने कहा- हमें कई रात गर्मी बारिश में सड़क पर सोना पड़ा, अपना अच्छा खासा करियर त्यागना पड़ा, तब जाके आज न्याय की लड़ाई में कुछ कदम आगे बढ़ पाएं हैं। उन्होंने कहा- जिन लोगों ने प्यार और आशीर्वाद दिया उनका दिल से आभार और जिन्होंने 'ट्रॉलिंग' और घटिया बातें की, भगवान उनका भी भला करे। भारत माता की जय। साक्षी, बजरंग और विनेश फोगाट की तिकड़ी लगभग एक साल तक राष्ट्रीय राजधानी के जंतर मंतर पर पिछले साल लंबे समय तक चले विरोध प्रदर्शन के प्रमुख चेहरे थे। दिल्ली पुलिस ने छह बार के सांसद सिंह के खिलाफ मामले में 15 जून को धारा 354 (महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से हमला या आपराधिक बल), 354 ए (यौन उत्पीड़न), 354 डी (पीछा करना) और भारतीय दंड संहिता की धारा 506 (आपराधिक धमकी) के तहत आरोप पत्र दायर किया था। अदालत 21 मई को औपचारिक रूप से आरोप तय करेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### Chess

### रैपिड एवं ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट में गुकेश ने कार्लसन से ड्रॉ खेला, प्रगनानंदा संयुक्त तीसरे स्थान पर



**वारसॉ, एजेंसी।** प्रगनानंदा ने पांचवें दौर में हालैंड के अनीष गिरी को पराजित किया और फिर छठे दौर में केमर पर जीत हासिल की। नार्वे के कार्लसन ने आठ अंक लेकर चीन के वेई यि के साथ संयुक्त बढ़त बनाई हुई है. विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर डी गुकेश ने धीमी शुरुआत के बाद वापसी करते हुए शुक्रवार को यहां सुपरबेट रैपिड एवं ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट के छठे दौर में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन से ड्रॉ खेलने से पहले हमवतन आर प्रगनानंदा और जर्मनी के विन्सेंट केमर को शिकस्त दी।

प्रगनानंदा ने पांचवें दौर में हालैंड के अनीष गिरी को पराजित किया और फिर छठे दौर में केमर पर जीत हासिल की। नार्वे के कार्लसन ने आठ अंक लेकर चीन के वेई यि के साथ संयुक्त बढ़त बनाई हुई है, जबकि प्रगनानंदा और शेवचेंको 7-7 अंक लेकर संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर बने हुए हैं। उज्बेकिस्तान के नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव, गुकेश और अर्जुन एरिगेसी 6-6 अंक लेकर संयुक्त पांचवें स्थान पर हैं।

ये सभी स्थानीय स्टार डुडा जान क्रिस्तोफ से पूरे एक अंक आगे हैं। चार अंक से केमर नौवें स्थान पर हैं और गिरी से पूरे एक अंक आगे हैं। हालांकि रोमानिया के किरिल शेवचेंको का स्वप्निल सफर एरिगेसी ने समाप्त किया जिन्होंने टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत हासिल की। पहले दो दौर में हार के बाद ड्रॉ खेलने वाले गुकेश ने चौथे दौर में प्रगनानंदा को 41 चाल में पराजित किया। इसके बाद गुकेश ने केमर को हराया और कार्लसन से बाजी ड्रॉ कराई।

### Paris Olympic

### पहलवान निशा दहिया का शानदार प्रदर्शन, भारत को दिलाया पांचवां ओलंपिक कोटा



**इस्तांबुल, एजेंसी।** भारत की चार महिला पहलवानों ने पहले ही ओलंपिक कोटा हासिल कर लिया था जिसमें अंतिम पंघाल (53 किग्रा), विनेश फोगाट (50 किग्रा), अंशु मलिक (57 किग्रा) और रीतिका हुड्डा (76 किग्रा) शामिल हैं।

भारतीय महिला पहलवान निशा दहिया ने शुक्रवार को विश्व ओलंपिक खेल क्वालीफायर के दौरान देश को पेरिस ओलंपिक का कोटा दिलाया। निशा पांचवीं भारतीय महिला पहलवान हैं जिन्होंने इस साल जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल किया है। निशा 68 किग्रा वर्ग के फाइनल में पहुंच गई हैं। निशा ने सेमीफाइनल में रोमानिया की 58वीं रैंकिंग की एलेक्सांद्रा अनघेल को 8-4 से हराया।

#### निशा ने किया था शानदार प्रदर्शन

सभी छह ग्रीको रोमन पहलवानों के निराशाजनक प्रदर्शन के एक दिन बाद महिला पहलवान निशा दहिया ने पांचवां पेरिस कोटा दिलाने की उम्मीदें जीवंत रखी थी। निशा ने बेलारूस की युवा अलिना शाउचुक को 3-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

#### मानसी को मिली हार

मानसी (62 किग्रा) प्री क्वार्टर फाइनल में बेलारूस की प्रतिद्वंद्वी वेरानिका इवानोवा से हार गईं। हालांकि वह रेपचेज से कांस्य पदक के दौर में जगह बना सकती हैं और ओलंपिक कोटा जीतने की उम्मीद कर सकती हैं लेकिन इसके लिए वेरानिका को फाइनल में पहुंचना होगा। भारत की चार महिला पहलवानों ने पहले ही ओलंपिक कोटा हासिल कर लिया है जिसमें अंतिम पंघाल (53 किग्रा), विनेश फोगाट (50 किग्रा), अंशु मलिक (57 किग्रा) और रीतिका हुड्डा (76 किग्रा) शामिल हैं।

## दोहा डायमंड लीग:2024

# दो सेंटीमीटर से शीर्ष स्थान से चूके नीरज चोपड़ा

**दोहा , एजेंसी।** वादलेच का सर्वश्रेष्ठ प्रयास 88.38 मीटर, नीरज का सर्वश्रेष्ठ प्रयास 88.36 मीटर और पीटर्स का सर्वश्रेष्ठ प्रयास 86.62 मीटर का रहा। वादलेच पहले, नीरज दूसरे और पीटर्स तीसरे स्थान पर रहे।

दोहा डायमंड लीग 2024 में नीरज चोपड़ा दो सेंटीमीटर से पहले स्थान पर आने से चूक गए। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रयास 88.36 सेंटीमीटर का रहा। वहीं, चेक गणराज्य के जाकुब वादलेच 88.38 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ पहले स्थान पर रहे। नीरज और वादलेच दोनों का ही यह सीजन बेस्ट थ्रो रहा। वहीं, एंडरसन पीटर्स 86.62 के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

भारत के एक और भाला फेंक खिलाड़ी किशोर जेना 76.31 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ नौवें स्थान पर रहे। दोहा डायमंड लीग में शीर्ष तीन स्थान पर रहने वाले तीनों भाला फेंक खिलाड़ी के व्यक्तिगत बेस्ट थ्रो की बात करें तो वादलेच का सर्वश्रेष्ठ थ्रो 90.88 मीटर का रहा है, जबकि नीरज का सर्वश्रेष्ठ थ्रो 89.94 मीटर का रहा। वहीं, एंडरसन पीटर्स का सर्वश्रेष्ठ थ्रो 93.07 मीटर का रहा है।




### पहला प्रयास

नीरज का पहला प्रयास फाउल रहा था। वहीं, वादलेच ने अपने पहले प्रयास में 85.87 मीटर और एंडरसन पीटर्स ने 80.68 मीटर का थ्रो किया। किशोर जेना का पहला प्रयास 75.72 मीटर का रहा था।

### दूसरा प्रयास

नीरज ने अपने दूसरे प्रयोस में 84.93 मीटर का थ्रो किया। वादलेच का दूसरा प्रयास 86.93 मीटर का और पीटर्स का दूसरा प्रयास 85.75 मीटर का रहा। जेना ने अपने दूसरे प्रयास में फाउल किया। जेना नौवें स्थान पर रहे थे। ऐसे में दो प्रयासों के बाद एलिमिनेट हो गए।

### तीसरा प्रयास

नीरज का तीसरा प्रयास 86.24 मीटर का रहा और वह दूसरे स्थान पर आ गए। वहीं, वादलेच ने 88.38 मीटर के थ्रो के साथ पहले स्थान पर जगह बना ली। पीटर्स का तीसरा थ्रो फाउल रहा।

चौथा प्रयास

नीरज का चौथा प्रयास 86.18 मीटर का रहा और उन्होंने दूसरा स्थान बरकरार रखा। वहीं, वादलेच ने 84.04 मीटर और पीटर्स ने 82.89 मीटर का थ्रो किया।

# आयरलैंड ने पहली बार पाकिस्तान को हराया

- पहला टी-20 5 विकेट से जीता, सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाई



**डबलिन, एजेंसी।** डबलिन में शनिवार को खेले गए मैच में आयरलैंड ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला किया। पाकिस्तान के लिए सबसे ज्यादा रन कप्तान बाबर आजम ने बनाए। पाकिस्तान के कप्तान ने 39 गेंदों पर अपना 35वां टी-20 अर्धशतक लगाया। बाबर 15वें ओवर में 43 गेंद पर 57 रन बनाकर आउट हुए। सईम आयूब ने 29 गेंदों पर 45 रनों का योगदान दिया। आयरलैंड की ओर से क्रेग यंग ने 2 विकेट लिए। गैरेथ डेलानी और मार्क अडायर को 1-1 विकेट मिला। बाबर आजम ने 43 गेंद पर 57 रन की पारी खेली।

### आयरलैंड एक बॉल शेष रहते जीता

आयरलैंड की शुरुआत भी खराब रही। पॉल स्टर्लिंग 8 और फिर लोर्कन टकर 4 रन बनाकर आउट हो गए। 27 रनों पर दो विकेट गिरने के बाद एंड्रयू बलबिरनी और हैरी टेकर ने पारी को संभाला। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 77 रनों की साझेदारी हुई।

बलबिरनी ने 55 गेंद पर 77 रनों की पारी खेली। उनके अलावा हैरी टेकर 27 गेंद पर 36 रन बनाकर आउट हुए। पाकिस्तान की ओर से अब्बास अफरीदी 2 विकेट झटके। शाहीन शाह अफरीदी, नसीम शाह और इमाद वसीम को 1-1 विकेट मिला। आखिरी ओवर में आयरलैंड को 11 रन चाहिए थे। पहले ही गेंद पर अब्बास अफरीदी के खिलाफ कर्टिस कैम्पर ने चौका मारा। तीसरे गेंद पर दो रन और चौथे गेंद पर चौका मारकर उन्होंने मैच बराबर कर दिया। 5वीं गेंद पर लेग बाई के रन ने आयरलैंड को जीत दिला दी।

### वर्ल्ड कप से पहले दो टी-20 सीरीज खेलेगी पाक टीम

पाकिस्तान को वर्ल्ड कप से पहले आयरलैंड के खिलाफ तीन और इंग्लैंड के खिलाफ उसके घर में चार टी-20 मैचों की सीरीज खेलनी है

। पाकिस्तान और आयरलैंड के बीच तीन मैचों की टी-20 सीरीज की शुरुआत 10 मई से हो गई। वहीं, पाकिस्तान की टीम 22 मई से इंग्लैंड के खिलाफ उनके घर में चार मैचों की टी-20 सीरीज खेलेगी।

# धोनी के निचले क्रम में खेलने से चेन्नई सुपर किंग्स को प्लेऑफ के पड़े लाले

**नईदिल्ली, एजेंसी।** महेंद्र सिंह धोनी का आईपीएल 2024 में निचले क्रम पर आकर बल्लेबाजी करना गुजरात के खिलाफ भी जारी रहा. वह 10 मई को हुए गुजरात के खिलाफ मैच में भी 8वें नंबर पर आए. खास बात यह रही है धोनी का स्ट्राइक गुजरात और चेन्नई के मैच में सभी बल्लेबाजों में सबसे ज्यादा रहा. सोशल मीडिया पर फैन्स धोनी के नीचे आकर खेलने से नाराज दिखे. वहीं इससे कहीं ना कहीं चेन्नई का प्लेऑफ समीकरण भी गड़बड़ा गया है.

धोनी अगर ऊपर आते हैं तो जाहिर है कि चेन्नई का नेट-रनरेट भी बेहतर रहेगा, वह तब और कारगर होगा जब प्लेऑफ के लिए दो टीमें बराबर पॉइंट्स पर होंगी. इंडियन प्रीमियर लीग 2024 का मैच नंबर 59 चेन्नई सुपर किंग्स और गुजरात टाइटन्स के बीच 10 मई को अहमदाबाद में खेला गया. इस मैच में गुजरात टाइटन्स ने चेन्नई को अपने घरेलू मैदान नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 35 रनों से मात दी. इस मैच में भी महेंद्र सिंह धोनी आठवें



नंबर पर खेलने आए और ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की. धोनी का स्ट्राइक रेट इस दौरान 236.36 का रहा, जो इस मैच के शतकवीर शुभमन गिल और साई सुदर्शन से भी शानदार रहा. साई ने मैच में 201.96 तो गिल ने 189.09 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए.

धोनी के निचले क्रम पर खेलने को लेकर इस पूरे आईपीएल में कई बार सवाल उठ चुके हैं. यहां तक थाला के साथी रह चुके हरभजन सिंह और इरफान पठान भी उन पर बरस चुके हैं. बहरहाल, धोनी 10 मई को हुए मैच में भी उस समय खेलने उतरे जहां से लगभग चेन्नई के लिए मैच खत्म हो चुका था. धोनी जब आए तब मैच में केवल 20 गेंदें बाकी थी और उनकी टीम को जीत के लिए 67 रन चाहिए थे.

धोनी ने गुजरात के खिलाफ 11 गेंदों पर 26 रनों की पारी खेली. इसमें एक चौका और 3 छक्का शामिल रहा, धोनी का स्ट्राइक रेट भी 236.36 का रहा. ऐसे में सवाल है कि जब पूरा मैच ही खत्म हो जा रहा है तब उस मौके पर आकर रन बनाने से क्या फायदा?

### धोनी के पास मैच में पहुंचा क्रिकेट फैन

इस मैच में अंतिम ओवर के दौरान (19.3 ओवर के बाद) एक क्रिकेट फैन नरेंद्र मोदी स्टेडियम में सुरक्षा तोड़कर अंदर पिच तक पहुंच गया. वह महेंद्र सिंह धोनी के पास गया, उनको गले लगाया और थाला के पैर छुए. कुछ देर बाद सुरक्षा से जुड़े लोग उसे बाहर ले गए. इस फैन की हरकत के कारण मैच भी कुछ देर के लिए रुक गया. एक बार तो धोनी भी फैन के अचानक उसे पास देखकर चौंक गए थे. हालांकि धोनी ने राशिद खान का आखिरी ओवर खेला, इसमें उन्होंने दो छक्के और एक चौका जड़ा.

# मजबूरी में जेम्स एंडरसन जल्द ही क्रिकेट को कहेंगे अलविदा?



**नईदिल्ली, एजेंसी।** जेम्स एंडरसन अब शायद अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर के आखिरी पड़ाव पर पहुंच गए हैं. इंग्लैंड के दिग्गज तेज़ गेंदबाज़ एंडरसन के संन्यास को लेकर खबरें तेज़ हो गई हैं. रिपोर्ट्स की माने तो एंडरसन खुद नहीं बल्कि मजबूरी में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की ओर देख रहे हैं. दरअसल इंग्लैंड टेस्ट टीम के हेड कोच ब्रेंडन मैकुलम ने इंग्लिश पेसर को संन्यास के बारे में सोचने को कहा है. बता दें कि एंडरसन ने 2002 में अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू किया था. उन्होंने अपने करियर का पहला टेस्ट मैच 2003 में खेला था.

हाल ही में भारत और इंग्लैंड के बीच खेली गई पांच मैचों की टेस्ट सीरीज़ के दौरान एंडरसन ने 700 टेस्ट विकेट पूरे किए थे. वह टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में 700 विकेट चटकाने वाले पहले तेज़ गेंदबाज़ बने थे. 41 साल के एंडरसन जुलाई में 42 साल के हो जाएंगे. अब दिग्गज गेंदबाज़ के संन्यास का वक़्त करीब दिख रहा है. द गार्जियन की रिपोर्ट की माने तो इंग्लिश टेस्ट टीम के हेड कोच ब्रेंडन मैकुलम ने कहा कि वह एशेज 2025-26 में भविष्य की तरफ देख रहे हैं. ऐसे में यही पता चलता है कि एंडरसन को अगली एशेज में इंग्लैंड टीम का हिस्सा नहीं बनाया जा सकता है. हालांकि अभी आधिकारिक जानकारी आना बाकी है. इंग्लैंड जुलाई में घरेलू सरज़मीं पर वेस्टइंडीज़ के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज़ खेलेगी. फिर श्रीलंका की टीम तीन मैचों की टेस्ट सीरीज़ के लिए इंग्लैंड का दौरा करेगी. श्रीलंका और इंग्लैंड के बीच सीरीज़ का पहला टेस्ट ओल्ड ट्रैफर्ड के मैदान पर खेला जाएगा, जो एंडरसन का होम ग्राउंड है.

### बच सकता है सचिन तेंदुलकर का महारिकॉर्ड

एंडरसन ने अब तक अपने करियर में 187 टेस्ट खेल लिए हैं. वह क्रिकेट के इतिहास में सबसे ज़्यादा टेस्ट खेलने वाले दूसरे खिलाड़ी हैं. भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज़ सचिन तेंदुलकर ने अपने करियर में 200 टेस्ट खेले थे. ऐसे में अगर एंडरसन श्रीलंका के खिलाफ सीरीज़ के बाद क्रिकेट को अलविदा कह देते हैं, तो वह 200 टेस्ट का आंकड़ा नहीं छू पाएंगे.

## गांगुली ने बताया ये नाम

# टी20 वर्ल्ड कप में कौन बनेगा रोहित शर्मा का ओपनिंग पार्टनर?

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने कहा कि भारतीय टीम मैनेजमेंट को विराट कोहली की मौजूदा IPL में शानदार फॉर्म को देखते हुए अगले महीने होने वाले टी20 वर्ल्ड कप में उनसे पारी का आगाज कराना चाहिए. इस आईपीएल में 12 मैच में 153.51 के शानदार स्ट्राइक रेट से 70.44 के औसत से 634 रन बनाकर कोहली 'ऑरेंज कैप' पहने हुए हैं और यह स्ट्राइक रेट उनके करियर के 134.31 के स्ट्राइक रेट से काफी अधिक है.

**कौन बनेगा रोहित शर्मा का ओपनिंग पार्टनर?**

सौरव गांगुली ने कहा, 'विराट बहुत ही शानदार खेल रहा है. बीती रात कोहली ने जो पारी खेली जिसमें उसने तेजी से 90 रन बना दिए, उसे देखते हुए आपको उसे टी20 वर्ल्ड कप में बतौर सलामी बल्लेबाज इस्तेमाल करना चाहिए. उसकी पिछली कुछ आईपीएल पारियां देखें तो ये अद्भुत रही हैं इसलिए उसे पारी का आगाज करना चाहिए.'



**भारत में टी20 वर्ल्ड कप जीतने की काबिलियत**

सौरव गांगुली ने कहा कि भारत ने संतुलित टीम का चयन किया है जिसमें 17 साल के अंतराल बाद टी20 वर्ल्ड कप की ट्रॉफी जीतने की काबिलियत है. भारत ने दक्षिण अफ्रीका में 2007 में शुरुआती टी20 वर्ल्ड कप का खिताब जीता था. सौरव गांगुली ने कहा, 'यह बहुत अच्छी टीम है. मुझे लगता है कि उन्होंने सर्वश्रेष्ठ टीम चुनी है. बल्लेबाजी में गहराई के अलावा गेंदबाजी भी बेहतरीन दिखती है. बुमराह इस समय दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज हैं. हमारे पास कुलदीप, अक्षर और सिराज का अनुभव है. इस बार टीम संयोजन आदर्श है.'

**टी20 अब ताकत का खेल बन गया**

आईपीएल के मौजूदा चरण में 250 रन का स्कोर आसानी से बन रहा है और 51 साल के इस पूर्व कप्तान ने कहा कि भविष्य में भी यही चलन जारी रहेगा. सौरव गांगुली ने कहा, 'आने वाले वर्षों में भी यही चलन जारी रहेगा. टी20 अब ताकत का खेल बन गया है और ऐसा होना ही था. मैं संजू सैमसन की प्रतिक्रिया पढ़ रहा था जिसमें उन्होंने कहा कि आधुनिक टी20 में सुस्ताने की कोई जगह नहीं है. आपको सिर्फ हिट करना होता है और यह ऐसा ही रहेगा.

## गिल-सुदर्शन की चली आंधी...



# गुजरात ने CSK से लिया पिछली हार का बदला

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के मैच नंबर-59 में गुजरात टाइटन्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को 35 रनों से हरा दिया. 10 मई (शुक्रवार) को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में हुए इस मैच में गुजरात ने सीएसके को जीत के लिए 232 रनों का टारगेट दिया था, जिसका पीछा करते हुए वह आठ विकेट पर 196 रन ही बना सकी. गुजरात टाइटन्स की मौजूदा सीजन में यह 12 मैचों में पांचवीं जीत रही और उसकी प्लेऑफ में जाने की उम्मीदें अब भी कायम हैं. दूसरी ओर पांच बार की चैम्पियन सीएसके की यह 12 मैचों में छठी हार रही. चेन्नई के लिए इस मैच में डेरिल मिचेल ने सबसे ज्यादा 34 गेंदों पर 63 रन बनाए, जिसमें सात चौके और तीन छक्के शामिल रहे. मोईन अली ने 56 रनों की पारी खेली. मोईन ने 36 गेंदों की पारी में चार चौके और इतने ही छक्के लगाए. वहीं एमएस धोनी ने 11 गेंदों पर नाबाद 26 रन बनाए, जिसमें तीन छक्के के अलावा एक चौका शामिल रहा. गुजरात टाइटन्स की ओर से मोहित शर्मा ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए. वहीं राशिद खान को दो सफलताएं हासिल हुईं.

गिल-सुदर्शन ने खेली रिकॉर्डतोड़ पारी

इससे पहले टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए गुजरात टाइटन्स ने 3 विकेट पर 231 रन बनाए.

# भव्यता से संपन्न हुआ श्रीमानसपीठ पाटोत्सव कार्यक्रम

## श्रीमानसपीठ खजुरीताल धाम में 7 दिवस लगा रहा श्रद्धालुओं का मेला

**मैहर।** हिन्दू राष्ट्र में धार्मिक अनुष्ठानों का एक अलग ही महत्व है जिसके चलते भारत भूमि में लगातार धार्मिक कार्यक्रम चलते रहते हैं। इसी क्रम में श्रीमानसपीठ खजुरीताल में 4 मई से प्रारंभ हुए बृहद धार्मिक अनुष्ठान पाटोत्सव कार्यक्रम के दौरान प्रत्येक दिन प्रात: कालीन,शायं कालीन एवं रात्रिकालीन प्रहर में अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिस दौरान श्रीमानसपीठ खजुरीताल धाम में सप्ताहभर श्रद्धालुओं का मेला लगा रहा, जो पुरातन काल से आस्था का केंद्र बना हुआ है। पाटोत्सव कार्यक्रम को भव्यता के साथ सफल बनाने के लिए कार्यक्रम के आयोजक श्रीमानसपीठ खजुरीताल पीठाधीश्वर जगद्गुरू श्रीरामललाचार्य जी महाराज ने कथाव्यास ब्रह्मर्षि डॉ. रामविलास दास बेदांती जी महराज का वंदन करते हुए प्रतीक चिह्न भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया एवं कार्यक्रम में उपस्थित साधुओं,संतों,महंतों व आचार्यों को सम्मानित कर सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। श्रीमानसपीठ



खजुरीताल धाम के शिष्य पाटोत्सव कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी पंडित सचिन शर्मा सूर्या के नेतृत्व में युवा एकता परिषद के युवाओं ने पाटोत्सव कार्यक्रम के आयोजक श्रीमानसपीठाधीश्वर जगद्गुरू श्रीरामललाचार्य जी महराज का गजमाला से अभिनंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। श्रीमानसपीठ पाटोत्सव के अंतिम दिवस प्रभात बेला में प्रात: 9 बजे 21 बटुकों का व्रतबंध संस्कार हुआ साथ ही मध्यकालीन बेला में दोपहर 12 बजे विशाल भंडारे का आयोजन किया गया एवं शायंकालीन बेला में शाम 5 बजे हनुमतगाथा सुनाते हुए कथाव्यास डॉक्टर रामविलास दास बेदांती जी महराज ने कहा की रामायण में जीवों के कल्याण हेतु पाँच उपाय बताए गए हैं, हनुमान जी ने कहा हे प्रभु मैं आपके माया के बस में चारो ओर घूम रहा हूँ। बिना आपके कृपा से उसका निस्तार नहीं हो सकता। जीवात्मा में हर्ष होता है, जीवात्मा में ज्ञान होता है,जीवात्मा में अज्ञान होता है इसलिए मैं अपने अज्ञानवस आपसे प्रश्न किया की आप कौन हैं कहाँ से आए हैं। श्रीमानसपीठ खजुरीताल धाम के पीठाधीश्वर जगद्गुरू श्रीरामललाचार्य जी महाराज जी ने शोक संवेदना प्रकट करते हुए कहा है की श्रीमानसपीठ खजुरीताल में चल रहे पाटोत्सव उत्सव में निरंतर जलपान की सेवा दे रहे धाम के सेवक अजय पांडेय घुईशा के पुत्र सौरभ पाण्डेय का सतना में आकस्मिक निधन हो जाने से समस्त श्रीमानसपीठ खजुरीताल परिवार बेहद दुखी है एवं इस दुखद घड़ी में शोकाकुल परिवार जनों को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान कर दिवंगत आत्मा को ईश्वर अपने श्रीचरणों में स्थान दे। इस दु:खद घड़ी में श्रीमानसपीठ खजुरीताल परिवार शोकाकुल परिवार के साथ है। इस दुखदायी घटना के चलते रात्रिकालीन होने वाले भजन गायिका शहनाज अख्तर के सांस्कृतिक कार्यक्रम को निरस्त कर दिया गया है। साथ ही अंत में श्री मानसपीठ खजुरिताल में आयोजित सात दिवसीय श्रीमानसपीठ पाटोत्सव कार्यक्रम के बेहतरीन मीडिया कबरेज व कुशल प्रकाशन हेतु श्रीमानसपीठ परिवार के द्वारा कार्यक्रम में सहयोग देने वाले मीडिया टीम एवं सम्मानित पत्रकार बंधुओं को श्री रामलला का छायाचित्र व श्रीफल देकर श्री मानसपीठ खजुरिताल धाम में सम्मानित किया गया। अंत में महाराज अखिलेश दास जी ने कहा की आपके द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आपके द्वारा किए गए मीडिया कबरेज का अहम योगदान रहा एवं आपने धर्म ध्वजा को लहराने में अपना योगदान दिया इस हेतु श्रीमानसपीठ परिवार सदैव आपका आभारी रहेगा। इस सुअवसर पर अपर कलेक्टर राजीव पाण्डेय जी, गृह मंत्री सचिव डॉ. राकेश मिश्रा,कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष दिलीप मिश्रा,राम शंकर पयासी रामपुर,रोहित कांत सिंह,युवा नेता विनीत पाण्डेय,युवा समाजसेवी परमजीत सिंह डंग,प्रकाश गुप्ता,हरीशकांत त्रिपाठी मैहर विधायक विधायक नारायण त्रिपाठी,समाजसेवी अखिलेश द्विवेदी,बघेली कलाकार अविनाश तिवारी,भोजपुरी अभिनेता कान्हा मिश्रा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# शहर के हर गली-मौहल्लों में बने हुए अवैध स्पीड़ ब्रेकर, आए दिन होते है हादसे





**पन्ना।** शहर की विभिन्न सड़कों पर नियमों को तोड़ते हुए स्पीड ब्रेकर बना दिए गए हैं। इससे जहां पीठ दर्द के मरीजों की संख्या बढ़ रही है, अमानक और ऊंचे ब्रेकर खासतौर पर गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों के लिए घातक हैं। इससे लगने वाले झटके दोनों को नुकसान पहुंचा रहे है । इसके बाद भी सड़कों पर बने इन ब्रेकरों को हटाने पर विभागों के अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। हर गली-मोहल्ले व मुख्य सड़कों पर बने अवैध स्पीड ब्रेकर हादसे को न्यौता दे रहे हैं। नियमों को ताक पर बनाए स्पीड ब्रेकर इतने बेतरतीब है कि यहां पर आए दिन हादसे होते रहते है। शहर के बीचों-बीच कई गली-मोहल्लों में कदम-कदम पर अवैध स्पीड ब्रेकर बने हुए है। वाहन चालकों को इससे हर समय हादसे की आशंका सताती है। ऐसे में रात के समय कई दुपहिया वाहन चालक दुर्घटना के शिकार होते है। इतना कुछ होने के बाद भी जिम्मेदार इन स्पीड ब्रेकर को हटाने की जहमत नहीं उठा रहे। खासकर रात के समय दुपहिया वाहन चालकों के लिए इन स्पीड ब्रेकर के ऊपर से गुजरना किसी चुनौती से कम नहीं है। लोगों का कहना है कि यह स्पीड ब्रेकर नियम विरूद्ध बने हुए है।

शासन के नियम अनुसार स्पीड ब्रेकर की अधिकतम ऊंचाई 4 इंच होनी चाहिए। ब्रेकर के दोनों ओर 2-2 मीटर का स्लोप दिया जाए ताकि वाहन धीमा होकर बगैर झटका खाए निकल जाए। 6 से 8 इंच तक ऊंचाई वाले और बगैर स्लोप के ब्रेकर नहीं बनाए जाने चाहिए। स्पीड ब्रेकर के पहले चेतावनी चिह्न लगे होने चाहिए। साथ ही ब्रेकर में सफेद या पीला पेंट एवं रेडियम होना चाहिए, जिससे दिन एवं रात में ब्रेकर दूर से ही वाहन चालकों को नजर आ जाए।

# शासकीय पंप हाउस की जमीन पर दबंग ने किया कब्जा

## स्थगन आदेश के बावजूद नही हुई कार्यवाही

**पन्ना।** गुनौर तहसील अंतर्गत सलेहा कस्बा मे पचास वर्षो से पंप हाउस देवेन्द्रनगर कटन रोड पर बना हुआ है तथा उस पंप हाउस के अगल बगल मे शासकीय जमीन भी पंप हाउस के नाम दर्ज है उक्त जमीन पर स्थानीय व्यक्ति रंगनाथ शर्मा द्वारा अवैध कब्जा किया जा रहा है तथा पंप हाउस को बंद कर कनेक्शन भी कटाने का आवेदन विघुत विभाग मे दिया है क्त मामले को लेकर स्थानीय लोगो ने आपत्ती जताई है तथा अवैध कब्जा हटाने के लिये तहसीलदार गुनौर को आवेदन दिया गया था जिस पर तहसीलदार गुनौर ने चार मार्च को राजेन्द्र प्रसाद शर्मा पिता गुरू प्रसाद शर्मा के आवेदन पर स्थगन दिया गया था लेकिन आज दिनांक तक कार्यवाही न होने पर फिर से एसडीएम गुनौर के संज्ञान मे मामला लाया गया जिस पर एसडीएम द्वारा थाना प्रभारी सेलहा को ततकाल कार्यवाही करने के निर्देश दिये है। आगे देखना है एसडीएम के आदेश पर पुलिस द्वारा कबतक कार्यवही की जाती है तथा पंप हाउस को अवैध कब्जाधारियो से मुक्त कराया जाता है। ज्ञात हो कि शासकीय जमीनो पर दबंगो द्वारा लगातार अवैध कब्जा किया जा रहा है।

# बाल विवाह पर होगी कार्यवाही

## निर्धारित आयु सीमा से कम उम्र के बालक-बालिका का विवाह कानूनन अपराध

**पन्ना।** बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अनुसार 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की एवं 21 वर्ष से कम उम्र के लड़के का विवाह बाल विवाह की श्रेणी में आता है। साथ ही ऐसे विवाह में शामिल होने वाले सभी व्यक्ति भी अपराध की श्रेणी में आते हैं। बाल विवाह में शामिल परिवार वालों व सभी सेवा प्रदाताओं को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की धारा 10 के तहत बाल विवाह का अनुष्ठान करने के लिए दण्ड का प्रावधान किया गया है, जिसके तहत किसी व्यक्ति द्वारा बाल विवाह को संपन्न अथवा संचालित करने, निर्दिष्ट या दुष्प्रेरित करने पर दो वर्ष तक के कठोर कारावास अथवा एक लाख रूपए तक के जुर्माना से दण्डित किया जा सकेगा। संबंधित को यह साबित करना होगा कि उसके पास यह विश्वास करने का कारण था कि संपन्न होने वाला विवाह बाल विवाह नहीं था। जिला कार्यक्रम अधिकारी ऊदल सिंह ठाकुर ने बताया कि बाल विवाह के कारण बालिकाओं की शिक्षा व स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है, जिससे उनका मानसिक एवं शारीरिक विकास नहीं हो पाता। समस्त जनप्रतिनिधियों, जातीय संगठनों के प्रतिनिधि, स्वयंसेवी संस्था तथा समाज सेवकों से अपने क्षेत्र में बाल विवाह की रोकथाम के लिए सक्रिय सहयोग की अपील की गई है। साथ ही जिन परिवारों में बाल विवाह आयोजित हो रहे हैं, उनसे संपर्क कर बाल विवाह न करने की समझाईश देने और नहीं मानने की स्थिति में निकटतम थाने में सूचना देने के लिए कहा गया है। सभी के सहयोग से यह प्रयास बाल विवाह को रोकने में मददगार साबित होने के साथ ही स्वस्थ्य समाज को जन्म देगा। बाल विवाह आयोजन संबंधी सभी सूचनाएं कॉल सेन्टर नंबर 07732-250022 अथवा चाइल्ड लाइन नंबर 1098 या डायल 100 पर भी दी जा सकती है।

# प्रतिभावान खिलाड़ियों से खेलवृत्ति के लिए आवेदन आमंत्रित

**पन्ना।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक विजेता जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों से खेलवृत्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। एक अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 की अवधि में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी आगामी 31 मई तक जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी कार्यालय, पन्ना से आवेदन प्राप्त कर जमा कर सकते हैं। अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी को 10 हजार रूपए, रजत पदक विजेता खिलाड़ी को 08 हजार रूपए एवं कांस्य पदक विजेता खिलाड़ी को 06 हजार रूपए की खेलवृत्ति प्रदान की जाएगी। खेलवृत्ति के लिए निर्धारित दिशा निर्देश एवं नियमावली विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

# नान प्रभारी की हिटलर शाही, छतरपुर में बैठकर चला रही है पन्ना जिले के खरीदी केंद्र



**पन्ना।** जिले में इन दिनों गेहूं खरीदी केंद्र में गेहूं सहित सरसों, चना, मसूर की तुलाई का भी कार्य चल रहा है, लेकिन नागरिक आपूर्ति अधिकारी द्वारा छतरपुर जिले में बैठकर पन्ना जिले के सभी केंद्रों को चलाया जा रहा है, नान अधिकारी रिंकी साहू की मनमानी हिटलरशाही लगातार चल रही है जिले भर मे वेयर हाउसो मे पूर्व से वारदाना रखा हुआ है तथा लाखो रूपये का वारदाना विभाग की लापरावही से चलते खराब हो गया है कमीशन के चलते नया वारदाना मंगाया जा रहा है । बताया जाता है कि वह लगातार मनमानी कर रही है तथा शासन एंव वरिष्ट अधिकारियों के आदेश को भी नही मान रही है । इनके द्वारा जिले भर में मनमाने ढंग से कार्य कियें जा रहे है । विभाग मे जो वाहन लगाये गये है वह वाहन भी कार्यलय के कर्मचारियो के लगे हूये है । मिलर संचालको से भी मनमाने ढंग से कमीशन वसूला जाता है । स्थानीय किसानो तथा आमजनता ने जिला कलेक्टर से कार्यवाही करने की मांग की है।

# चाईल्ड पोर्नोग्राफी के संबंध में एडवायजरी

पन्ना

राज्य सायबर पुलिस मुख्यालय द्वारा चाईल्ड पोर्नोग्राफी के संबंध में जारी एडवायजरी के जरिए आवश्यक एहतियात बरतने के बारे में अवगत कराया गया है, जिसके तहत किसी भी तरह के सोशल मीडिया के ऐसे ग्रुपों में नहीं जुड़ने की सलाह दी गई है, जिनमें चाईल्ड पोर्नोग्राफी का आदान-प्रदान होता हो। व्हाट्सएप एवं टेलीग्राम की सेटिंग को मजबूत रखने के लिए भी अवगत कराया गया है, जिससे बगैर अनुमति के कोई व्यक्ति किसी ग्रुप में न जोड़ सके। सेटिंग में जाकर ऑटो डाउनलोड को बंद रखने के बारे में भी सूचित किया गया है, जिससे कोई तस्वीर या वीडियो मोबाइल में डाउनलोड न हो सके। चाईल्ड पोर्नोग्राफी संबंधी सामग्री आने वाले ग्रुपों को छोड़ने और ग्रुप के मेंबर्स को जानकारी से अवगत कराने की सलाह भी दी गई है। एडवायजरी में बताया गया है कि ऐसी किसी भी वेबसाइट को विजिट न करें एवं न ही किसी एप्लीकेशन को इंस्टॉल करें, जहां चाईल्ड पोर्नोग्राफी से संबंधित सामग्री हो। सायबर अपराध घटित होने या जानकारी मिलने पर नजदीकी पुलिस थाना अथवा वेबसाइट सायबर क्राइम डॉट जीओव्ही डॉट इन या हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क किया जा सकता है।

### क्या है चाईल्ड पोर्नोग्राफी

सायबर पुलिस मुख्यालय द्वारा अवगत कराया गया है कि वर्तमान डिजिटल परिवेश में परिचितों व अनजान व्यक्तियों द्वारा लोगों को कई ग्रुपों में जोड़ लिया जाता है। ग्रुपों में विभिन्न तरह की पोस्ट, तस्वीरें और वीडियोज का आदान-प्रदान होता है। ऐसा वीडियो या चलचित्र सामग्री जिनमें 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को लैंगिक प्रदर्शन करते हुए या इस तरह की गतिविधि में संलिप्त दिखाया जाता है, उसको चाईल्ड पोर्नोग्राफी कहा जाता है। चाईल्ड पोर्नोग्राफी तैयार करने सहित संग्रहित करने, डाउनलोड, आदान-प्रदान, वितरित अथवा ब्राउज/सर्च करने या बढ़ावा देने का कृत्य आईटी एक्ट की धारा 67बी, आईपीसी की धारा 354 सी तथा पॉक्सो की धारा 11/12 के तहत अपराध है। सरकार निरंतर ऐसी गतिविधियों पर नजर रखती है तथा फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप, गूगल इत्यादि द्वारा ऐसे विभिन्न प्रोफाइलों की जानकारी जो किसी भी तरह से चाईल्ड पोर्नोग्राफी की विभिन्न गतिविधियों के तहत किसी को भेजने पर एकत्रित कर पुलिस के साथ साझा की जाती है। इस तरह की शिकायतों पर राज्य पुलिस द्वारा कार्यवाही की जाती है।

# पन्ना टाइगर रिजर्व की मोहनकली और कृष्णकली हथिनी नर हाथी व मादा को दिया जन्म

**पन्ना।** पन्ना टाइगर रिजर्व की एक के बाद एक दो हथिनियों ने एक नर और एक मादा बच्चों को जन्म देकर पार्क में हाथियों के कुनबे को बढ़ाया है, वही पार्क प्रबंधन में भी खुशी का माहौल देखा जा रहा है। मालूम हो कि मोहनकली हथिनी ने शुक्रवार की सुबह एक नर हाथी को पन्ना परिक्षेत्र के राजाबरिया कैम्प में जन्म दिया है। मां और बच्चा दोनों स्वस्थ्य है। इसके दो दिन पूर्व दिनांक 1 अप्रैल 2024 को पार्क की हथनी कृष्णाकली ने एक मादा हाथी को जन्म दिया था। 3 दिन के अंदर दो हाथियों के जन्म से खुशी का माहौल है।

# जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय दल गठित

पन्ना

पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा संचालनालय एवं जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय बाढ़ नियंत्रण दल का गठन किया गया है। जिला स्तरीय दल में उप संचालक डॉ. डी.पी. तिवारी, पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ डॉ. प्रियंका सिंह एवं पारी प्रबंधक आर.के. मिश्रा शामिल हैं।

इसी तरह विकासखण्ड स्तरीय दल में पन्ना विकासखण्ड स्तर पर मड़ला क्षेत्र के 6 बाढ़ प्रभावित ग्रामों के लिए पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ डॉ. प्रियंका सिंह को नोडल अधिकारी बनाया गया है। अजयगढ़ विकासखण्ड अंतर्गत देवराभापतपुर क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित 12 ग्रामों के लिए पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ डॉ. एम.एल. प्रजापति, गुनौर विकासखण्ड अंतर्गत अमानगंज क्षेत्र के 12 बाढ़ प्रभावित ग्रामों के लिए पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ डॉ. अंकित निगम, पवई विकासखण्ड अंतर्गत सिमरिया, सुनवानी, मुराछ, पड़रिया और चांदनपुर क्षेत्र के 52 बाढ़ प्रभावित ग्रामों के लिए पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ डॉ. मोहर सिंह तथा शाहनगर विकासखण्ड के हरदुआ, खमरिया एवं रैपुरा क्षेत्र के 20 बाढ़ प्रभावित ग्रामों के लिए व्हीएस विनय सिंह एवं पशु चिकित्सा विस्तार अधिकारी डॉ. बी.एस. तिवारी को नोडल अधिकारी बनाया गया है। उक्त दलों के लिए सहायक कर्मचारियों की ड्यूटी भी निर्धारित की गई है। दल में शामिल अधिकारी-कर्मचारियों को जारी निर्देशानुसार दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया है। बाढ़ की स्थिति निर्मित होने पर आस-पास के जिलों से संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों की सेवाएं भी ली जा सकेंगी। इसके अलावा पशु माता महामारी पन्ना एवं मुख्य ग्राम योजना पन्ना के अधिकारी-कर्मचारियों की सेवाएं भी बाढ़ की स्थिति निर्मित होने पर आवश्यकतानुसार ली जाएगी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में छात्र की मौत

**सतना।** सिविल लाइन थाना अंतर्गत पतेरी में इंजीनियरिंग के छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई, जिस पर मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ की गई है। पुलिस ने बताया कि सौरभ पुत्र अजय पांडेय 21 वर्ष, निवासी घुईंसा, थाना ताला, इंजीनियरिंग के तृतीय वर्ष का छात्र था। वह अपने एक दोस्त के साथ पतेरी में तेजपाल सिंह के मकान की पहली मंजिल में किराये पर रहता था। परीक्षा के चलते उसका एक अन्य साथी भी कमरे में कुछ दिन के लिए रहने आ गया था। बुधवार रात को काफी देर तक जागने के बाद तकरीबन 2 बजे तीनों दोस्त कमरे में सो गए। यह भी पढ़े -मध्यप्रदेश के सतना में उचित मूल्य की सरकारी दुकानों में राशन घोटाला, 4 सेल्समैन के खिलाफ एफआईआर गुरुवार की सुबह लगभग 5 बजे जब मकान मालिक तेजपाल ड्यूटी से लौटे तो सौरभ उन्हें घर के ठीक सामने सडक़ पर औंधे मुंह पड़ा मिला। उन्होंने फौरन छात्र को सडक़ से उठाया और परिजनों की मदद से जिला अस्पताल ले गए, जहां कुछ देर तक चले उपचार के बाद युवक की सांसें थम गईं।

डॉक्टर टीम से हुआ पोस्टमार्टम मौत की सूचना मिलने पर छात्र के परिजन भी गांव से सतना आ गए और सौरभ के साथ किसी प्रकार की घटना होने का संदेह जताया। यह भी पढ़े -सर्किट हाउस चौक पर बोलेरो की ठोकर से किराना दुकानदार की मौत ऐसे में डॉक्टर पैनल से शव का परीक्षण कराया गया तो घरवालों की मौजदूगी में ही फॉरेन्सिक, फिंगर प्रिंट और साइबर एक्सपर्ट की मौजूदगी में मृतक के कमरे से लेकर सडक़ पर उसके मिलने की जगह का बारीकी से मुआयना कर भौतिक साक्ष्य जुटाए गए।

# संत परमहंस संत शिरोमणि डॉ श्री सदानंद महाराज को राष्ट्रपति द्वारा दिया जायेगा पद्मश्री अवार्ड

**पन्ना।** श्री 5 पद्मावती पुरी धाम पन्ना के लिए समर्पित व श्री 108 प्राणनाथ जी मंदिर ट्रस्ट बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष व वर्तमान संरक्षक के साथ साथ प्रणामी मिशन के प्रमुख संत परमहंस स्वामी सदानंद जी महाराज को महामहिम राष्ट्रपति द्वारा 28 मई को पद्मश्री अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा।

पुज्य गुरुदेव को पद्मश्री आवार्ड देने की घोषणा से क्षेत्र के प्रणामी समुदाय में खुशी की लहर देखने को मिल रही है। मानव जीवन का ये सार-तुम सेवा से पाओगे पार को जीवन का मुख्य उद्देश्य बनाते हुए पुज्य गुरुदेव ने अपने जीवन का प्रत्येक क्षण दीन-दुखियों की सेवा में लगा रखा है। वे सुबह 4 बजे से रात को 1 बजे तक सेवाकार्य में लगे रहते हैं। एक दिन में महज 3 से 4 घंटे तक विश्राम करके पुन: पूरी एनर्जी के साथ वे सेवाकार्य में लग जाते हैं।

परमहंस स्वामी सदानंद जी महाराज का जन्म 1 अगस्त 1945 को हरियाणा के जिला भिवानी के गांव जुई में हुआ था। वह एक ब्राह्मण परिवार से थे। उनके पिता बृजलाल और माता शिव बाई हिंदू संस्कृति और परंपराओं के कट्टर अनुयायी थे। उन्होंने धीरे-धीरे धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों में रुचि लेना शुरू कर दिया, जिसके परिणाम स्वरूप उनके बहुमुखी चरित्र ने बहुत ही निर्णायक तरीके से आकार लिया। वह कम उम्र में ही बहुत गतिशील हो गए और उनमें अपार क्षमताएं प्रदर्शित हुई। बचपन में ही गुरुदेव राधिकादास जी ने उनका अभिषेक और जागरण किया था। शिक्षा प्राप्त करके शिक्षक बनें। हालांकि नियति



उन्हें कहीं और ले गई। राष्ट्र की सेवा करने की आंतरिक इच्छा ने उन्हें सेना में शामिल कर दिया। वहाँ वे अधिक धार्मिक हो गए और उनमें वैराग्य की भावना विकसित हुई।

भारतीय सेना में आठ साल तक सेवा करने के बाद इस्तीफा देना पड़ा। 1972 में बसंत पंचमी के शुभ दिन पर गुरुदेव मंगलदास जी की उपस्थिति में, युवा भानु ने विकारों और सांसारिक सुखों को त्यागने की पवित्र शपथ ली और %ब्रह्मचर्य% को अपनाया - संत बनने की दिशा में पहला कदम। इसी दिन गुरुदेव मंगलदास जी ने भानु को सदानंद नाम दिया था। गुरुदेव श्री मंगलदास जी के चुने हुए शिष्यों में से एक होने के नाते,स्वामी सदानंद जी ने अत्यंत विनम्रता, प्रेम, दयालुता और सादगी के साथ सभी मार्गों और कष्टों को शामिल करते हुए उदात्तता, वाक्पटुता और निस्वार्थ सेवा के साथ धार्मिकता का मार्ग अपनाया। उन्होंने तारतम सागर और श्रीमद्भागवत कथा का अध्ययन किया और गुरुजी मंगलदास जी द्वारा भागवत कथा का गायन बहुत गंभीरता से सुना।

1979 में सिलीगुड़ी में तारतम वाणी का साप्ताहिक पारायण महायज्ञ बड़े पैमाने पर आयोजित किया गया था। यहीं पर सुंदरसाथ और संत मंडल के बीच सदानंद महाराज जी ने अपनी बहुआयामी विशेषताओं और ज्ञान को बड़े उत्साह और गतिशीलता के साथ प्रदर्शित किया था। उनकी भक्ति ने गुरुदेव मंगलदास जी को बहुत प्रभावित किया, जिससे अंतत: उन्हें भागवत कथा और तारतम वाणी पर चर्चा करने और प्रवचन शुरू करने का अधिकार और पवित्र आशीर्वाद मिला। तब से महाराज श्री सदानंद जी ने पिछले 52 वर्षों से विभिन्न धर्मों के माध्यम से अपने गुरुदेव के आशीर्वाद को वास्तविकता में अनुवादित किया है।

गुरुदेव श्री मंगलदास जी व श्री राधिकादास जी के अशीर्वाद से स्वामी सदानंद जी ने सेवा कार्य को जीवन में सबसे ज्यादा महत्व दिया। उन्होंने आमजन को जागृति करते हुए मंत्र दिया कि मानव जीवन का ये सार—तुम सेवा से पाओगे पार। स्वामी सदानंद जी ने अब तक सैंकड़ों गौशालाएं, अनाथालयों, वृद्धाश्रमों, मानसिक रोगियों के लिए सदगुरु अपना घर, मंदिरों, अस्पतालों, सत्संग भवन, स्कूलों, कॉलेजों की स्थापना की। इसके अलावा पोलियों रोगियों के लिए जगह-जगह आप्रेशन कैंप लगाकर पोलियों से अपाहिज हुए लोगों को पुन: स्वास्थ जीवन प्रदान करने का कार्य लगातार चल रहा है। गरीब कन्याओं के विवाह का कार्य, रक्तदान शिविर, नेत्र जांच व आप्रेशन शिविर, स्वास्थ शिविर, जैविक खेती जागरूकता, पौधारोपण, अन्नदान व भंड़ारे जैसे दर्जनों सेवा कार्य लगातार उनके द्वारा संचालित किए जा रहे हैं। कोरोना काल में गुरुदेव ने जगह - जगह भोजन व स्वास्थ्य सेवा की व्यवस्था करवाई और केंद्र व विभिन्न प्रदेश की सरकारों को आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर

सीधी, रविवार 12 मई 2024




शासन की स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ दिलाए जाने के उद्देश्य से हर माह की 14 तारीख को आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस सम्बन्ध में आयोजित बैठक में सीएमओ ने निर्देश प्रदान किया।



## किताबें और ड्रेस खरीदने में नहीं चलेगी मनमानी

### निजी विद्यालयों एवं पुस्तक विक्रेताओं के लिए पारदर्शिता हेतु धारा 144 के तहत आदेश जारी

**रीवा।** मऊगंज जिले के शासकीय और निजी स्कूल में बड़ी संख्या में विद्यार्थी पढ़ाई कर रहे हैं। जिले की विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं के प्रबंधन द्वारा शिक्षण संस्थाओं में विद्यार्थियों द्वारा खरीदी जाने वाली किताबें और ड्रेस खरीदने के संबंध में गंभीर शिकायतें मिली हैं। इन पर नियंत्रण के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अजय श्रीवास्तव ने ने दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। यह आदेश दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 (5) के तहत एक पक्षीय रूप से जारी किया गया है। आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति, शिक्षण संस्था के प्राचार्य तथा प्रबंधक के विरूद्ध धारा 188 के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी। जारी आदेश के अनुसार विद्यार्थियों के अभिभावकों को स्कूल अथवा अन्य शिक्षण संस्थान पुस्तकें, ड्रेस अथवा अन्य सामग्री खरीदने के लिए किसी विशेष दुकान से बाध्य नहीं कर सकेंगे। जिले के सभी अशासकीय स्कूल जो मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल अथवा केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा मण्डल (सीबीएसई) अथवा आईसीएसई से संबद्ध हैं उनमें यह आदेश पूरी तरह से लागू होगा। निजी स्कूल प्रबंधन द्वारा स्कूल के प्रवेश प्रारंभ की तिथि, प्रक्रिया, स्कूल में उपयोग की जाने वाली पाठ्य पुस्तकों, स्टेशनरी, पठन-पाठन सामग्री, स्कूल बैग, ड्रेस, स्पोर्ट्स किट की राशि स्कूल के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित करना आवश्यक होगा। इसे स्कूल की आधिकारिक वेबसाइट पर भी प्रदर्शित करें। जारी आदेश के अनुसार निजी स्कूल उसमें प्रवेश की विवरण पुस्तिका एवं प्रवेश आवेदन पत्र प्राप्त करने के संबंध में पूरी जानकारी स्कूल के सूचना पटल और वेबसाइट में उपलब्ध कराएं। इसके लिए यदि अभिभावकों से किसी भी तरह की राशि ली जाती है तो उसका स्पष्ट उल्लेख करें। सभी निजी स्कूल केवल उन्ही पाठ्यपुस्तकों का निर्धारण करें जो उसकी संबद्धता वाले बोर्ड से स्वीकृत हों। निजी स्कूल प्रबंधन विद्यार्थियों तथा उनके अभिभावकों को केवल चुने हुए दुकानदार से पुस्तकें, ड्रेस, टाई, जूते, स्टेशनरी आदि खरीदने के लिए बाध्य नहीं करेंगे। इन सामग्रियों को खुले बाजार से खरीदने के लिए विद्यार्थी स्वतंत्र होंगे। स्कूल संचालक विद्यार्थी की ड्रेस को छोड़कर किसी भी पाठ्य सामग्री पर स्कूल का नाम उल्लेखित नहीं करेंगे। कोई भी विक्रेता किसी भी कक्षा के पूरे सेट को क्रय करने के लिए बाध्य नहीं करेगा। यदि किसी विद्यार्थी के पास पुरानी किताबें उपलब्ध हैं तो उसे केवल उसकी आवश्यकता की पुस्तकें ही विक्रेता के द्वारा उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही नोटबुक, कॉपी, पुस्तकों व उन पर चढ़ाए जाने वाले कवर पर विद्यालय का नाम मुद्रित नहीं किया जाएगा। कोई भी विद्यालय अधिकतम दो से अधिक यूनिफार्म निर्धारित नहीं कर सकेंगे। ब्लेजर/स्वेटर इसके अतिरिक्त होगा। विद्यालय प्रशासन द्वारा यूनिफार्म का निर्धारण इस प्रकार किया जा सकेगा कि कम से कम तीन वर्ष तक कोई परिवर्तन नहीं होगा। विद्यालय प्रशासन द्वारा वार्षिकोत्सव एवं अन्य किसी आयोजन का किसी भी प्रकार की वेशभूषा को विद्यार्थियों/पालकों को क्रय करने हेतु बाध्य नहीं किए जाएंगे। जारी आदेश के अनुसार सभी निजी स्कूल संचालक आगामी शिक्षण सत्र शुरू होने से पहले अनिवार्य रूप से कक्षावार पुस्तकों और उनके लेखक एवं प्रकाशक के नाम तथा मूल्य सूचना पटल पर प्रदर्शित करें। विद्यार्थियों अथवा अभिभावकों द्वारा मांगे जाने पर सूची उन्हें उपलब्ध कराएं। जारी आदेश के अनुसार सभी निजी स्कूल प्रबंधक सूचना पटल पर स्पष्ट रूप से इस बात का उल्लेख करें कि पुस्तकें, ड्रेस तथा अन्य सामग्री किसी विशेष दुकान से खरीदने की बाध्यता नहीं है। पुस्तकों के अतिरिक्त स्कूलों द्वारा यूनिफार्म, जूते, कॉपियाँ आदि की बिक्री का प्रयास नहीं किया जाएगा। स्कूल की स्टेशनरी, ड्रेस तथा अन्य पठन-पाठन सामग्री में स्कूल का नाम प्रिंट करवाकर दुकानों से क्रय करके अथवा किसी एक विशिष्ट दुकान से बिक्री कराना पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। कलेक्टर ने सभी एसडीएम तथा जिला शिक्षा अधिकारी को आदेश का कठोरता से पालन कराने के निर्देश दिए हैं।

## वार्षिक पुनरीक्षण की जानकारी जनसम्पर्क संचालनालय में जमा कराएं

**रीवा।** जनसम्पर्क संचालनालय की विज्ञापन अनुमोदित सूची में शामिल सभी दैनिक समाचार पत्रों का वर्ष 2023-24 के लिए वार्षिक पुनरीक्षण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इसके तहत एक अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 तक की जानकारी निर्धारित प्रपत्र में जनसम्पर्क संचालनालय भोपाल के विज्ञापन प्रभाग में 22 मई तक शासकीय कार्य दिवसों में जमा की जा सकती है।

## मऊगंज में पुस्तक मेला 16 मई से

**रीवा।** नवीन शैक्षणिक सत्र के प्रारंभ से क्रय किए जाने वाली पुस्तकों, गणवेश, कॉपी तथा स्टेशनरी सामग्री उचित मूल्य पर सुलभ कराए जाने हेतु पुस्तक मेले का आयोजन 16 मई से 18 मई तक मऊगंज में किया गया है। पुस्तक मेला मऊगंज जनपद के सभागार में आयोजित किया जाएगा।

## केन्द्रीय जेल में नेशनल लोक अदालत एवं विधिक साक्षरता शिविर संपन्न



**रीवा।** केन्द्रीय जेल रीवा में प्रधान जिला न्यायाधीश श्री सुबोध कुमार जैन, विशेष न्यायाधीश श्री सुरेन्द्र कुमार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं जिला सत्र न्यायाधीश श्री आशीर्वाद भिलाला, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री रूप सिंह कनेल, डीआर पन्ना नागेश तथा जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय मिश्रा के माध्यम से नामांकित अधिवक्ता द्वारा जेल के आंतरिक भाग का निरीक्षण कर नेशनल लोक अदालत एवं विधिक साक्षरता शिवर का आयोजन किया गया। शिविर में परिरूद्ध बंदियों को विधिक सहायता के संबंध में जानकारी दी। नेशनल लोक अदालत के माध्यम से समझौता हेतु प्राप्त बंदियों को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किए जाने के निर्देश दिए गए। इस दौरान जेल अधीक्षक सतीश कुमार उपाध्याय, संजीव कुमार गेदले, योगेन्द्र परमार, श्याम सिंह कुशवाह सहित जेल का स्टॉफ व बंदी उपस्थित रहे।

## रंगमंच के कला संवर्धन, संभावना और विकास रीवा में कलाकारों के साथ वार्ता

**रीवा।** रीवा की संस्कृति में रंगमंच ने बड़ा स्थान घेरा है, रीवा में नियमित रंगमंच हो रहा है इस क्रम को निर्बाध निरंतरता बनाए रखने के साथ ही क्रमोन्नत और उत्कृष्ट हों की आवश्यकता के साथ ही तकनीकी माध्यमों के समावेश के लिए प्रेरित करने के लिए आज शाम 6 बजे स्थानीय आर्ट प्वाइंट में रीवा के कलाकारों के साथ मनोज कुमार मिश्रा द्वारा वार्ता किया जाएगा, यहां यह बता दें कि मनोज कुमार मिश्रा को उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा केंद्रीय संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार प्राप्त हुआ है आप विंध्यप्रदेश के प्रथम कलाकार है। आपको रंगमंच में प्रकाश परिकल्पना में विशेष उपलब्धि के लिए सम्मान प्राप्त हुआ है साथ ही आप भारतेन्दु नाट्य अकादमी में मंच शिल्प विषय के सहायक प्राध्यापक हैं।

## जिले में अब तक समर्थन मूल्य पर हुई 68453.63 मी. टन गेंहू की खरीद

रीवा

जिले में निर्धारित खरीदी केन्द्रों में एक अप्रैल से सहकारी समितियों द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद की जा रही है। जिले में 11 मई तक 14153 किसानो से 68453.63 मीट्रिक टन गेंहू की खरीद अब तक की गयी है। इसके लिए किसानों को 16428.87 लाख रुपए की राशि मंजूर की गयी है। इस संबंध में अपर कलेक्टर तथा प्रभारी जिला आपूर्ति नियंत्रक श्रीमती सपना त्रिपाठी ने बताया कि उपार्जित गेहू का भण्डारण कराया जा रहा है। अब तक खरीदे गये गेहू में से 54775.82 मी टन क्विंटल गेहू का परिवहन किया जा चुका है। अब तक किसानों के बैंक खाते में 15418.97 लाख रूपये की राशि का भुगतान किया जा चुका है। गेहू खरीदी के लिए अब तक 20121 किसानों ने स्लॉट बुक किये हैं। गेंहू खरीद की अंतिम तिथि 20 मई है।

## अपर मुख्य सचिव 17 मई को संभागीय समीक्षा बैठक लेंगे

**रीवा।** अपर मुख्य सचिव वन की अध्यक्षता में आगामी 17 मई को प्रातः 11 बजे से कमिश्नर कार्यालय के सभाकक्ष में संभागीय बैठक आयोजित की गई है। बैठक में अपर मुख्य सचिव पूर्व में आयोजित समीक्षा बैठकों के कार्यवाही बिन्दुओं के पालन प्रतिवेदन की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करेंगे। कमिश्नर रीवा संभाग गोपाल चन्द्र डाड ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को कार्यवाही बिन्दुओं से संबंधित प्रगति की जानकारी 16 मई तक प्रेषित करने के निर्देश दिए हैं।

## आयुष्मान आरोग्य शिविर के आयोजन की तैयारी बैठक संपन्न



**रीवा।** शासन की स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ दिलाए जाने के उद्देश्य से हर माह की 14 तारीख को आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में प्रत्येक संजीवनी एवं यूपीएचसी क्लीनिक में मातृ स्वास्थ्य, टीकाकरण, ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, कैंसर, मानसिक स्वास्थ्य, वृद्धजन टीबी स्क्रीनिंग, परिवार नियोजन, ओरल हेल्थ, स्तन कैंसर, बच्चेदानी कैंसर स्क्रीनिंग, ब्लड डोनेशन सहित संचारी एवं असंचारी रोग से संबंधित स्वास्थ्य सेवाओं के साथ ही संबंधितों को चिकित्सकीय परामर्श दिया जाएगा। इस दौरान हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड एवं आभा आईडी कार्ड भी बनाई जाएगी। शिविर की तैयारी के संबंध में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सीएमएचओ डॉ संजीव शुक्ला द्वारा शहर में स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सभी नर्सिंग होम्स के साथ गर्भवती महिलाओं के शत-प्रतिशत एएनसी पंजीयन कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने शासकीय एवं अशासकीय संस्थाओं में टीकाकरण किए जाने के भी निर्देश दिए। बैठक में यूनिसेफ क्वार्डिनेटर सत्यप्रकाश श्रीवास्तव सहित नर्सिंग होम के संचालक तथा स्वास्थ्य विभाग से संबंधित अधिकारी-कर्मचारी व चिकित्सक उपस्थित रहे।

## उप मुख्यमंत्री द्वारा जल जीवन मिशन कार्यो की समीक्षा

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने वी.डी.ओ.कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से रीवा विधानसभा क्षेत्र के रीवा एवं रायपुर कर्चुलियान विकासखण्ड के सरपंचो से जल जीवन मिशन के कार्यो की समीक्षा किया साथ ही जल जीवन मिशन एवं लोक स्वास्थय यांत्रिकी के निर्माण एजेन्सियों को स्पष्ट निर्देश दिये हैं कि इस भीषण गर्मी में ग्रामीण क्षेत्रों की पेयजल योजना किसी भी हालत में बाधित नहीं होनी चाहिये तदासय की जानकारी उप मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि तथा जल जीवन मिशन कार्य के प्रभारी राजेश पाण्डेय ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी। वी.डी.ओ.कान्फ्रेंसिंग में रीवा विधानसभा के करीब 19 सरपंचों ने भाग लिया तथा बिन्दुवार जानकारी उप मुख्यमंत्री को दिये। श्री पाण्डेय ने बताया कि रीवा विधानसभा के रायपुर विकासखण्ड अन्तर्गत 8 पंचायते एवं 3 गांव कदैला समूह योजना के अन्तर्गत सामिल हैं प्रत्येक ग्राम में 70 से 80 प्रतिशत मीठा पेयजल ग्रामीणों को मिल रहा है। जल जीवन मिशन के एकल योजना के तहत रीवा विकास खण्ड के 15 पंचायत एवं 22 गांवो में पेयजल आपूर्ति का कार्य किया गया है। श्री पाण्डेय ने बताया कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा गजट नोटीफिकेशन के तहत ग्राम पंचायतों के सरपंच को ग्राम जल स्वच्छता समिति का अध्यक्ष बनाया गया है अभी तक सरपंचो द्वारा योजनाओं को हस्तांतरित नहीं करने के कारण काफी व्यावहारिक कठिनाईयां आ रही हैं जिसके सम्बन्ध में उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल के द्वारा सरपंचो को व्ही.सी.के माध्यम से आग्रह किया गया है कि गांव की पेयजल योजना को अपने हांथ में लेकर के भीषण गर्मी में ग्रामीणों को पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करें जो अधूरे कार्य हैं उनको लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं जल जीवन मिशन के तहत कराया जायेगा। योजना का संचालन सरपंचगण करें योजना हस्तांतरित होने के पश्चात प्रत्येक ग्राम पंचायत को अधिसूचना समाप्त के बाद 5-5 लाख रुपये पेयजल हेतु प्रोत्साहित राशि दी जायेगी इसके अतिरिक्त जिला पंचायत से भी राशि स्वीकृत कराई जायेगी। बैठक में आई.एच.पी.के अधिकारियों द्वारा योजना को शीघ्र पूरा करने का आश्वासन दिया गया है। बैठक में सरपंचों द्वारा उप मुख्यमंत्री को पंचायतवार जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर सरपंच सावित्री पाल, विनीता पटेल, सतेन्द्र कुमार साहू, रामाधार विश्वकर्मा, दिवाकर प्रसाद मिश्रा, भाष्करदत्त साहू, सरोज मिश्रा, अजय तिवारी, राकेश कुशवाहा, श्रीमती ललिता कोल, नीलेश कुमार तिवारी, आशा पाण्डेय, रेखा तिवारी, अजय कुमार दाहिया, कौशल सिंह, अशोक मिश्रा, अरविन्द सिंह दुवे एवं कार्यालय प्रभारी ओमप्रकाश श्रीवास्तव, चेतन तिवारी, चेतन यादव उपस्थित रहे।

## पुलिस पर फायरिंग करने वाले को 10 साल का कारावास, न्यायालय ने सुनाया फैसला

रीवा

हत्या के प्रयास, अपहरण व डकैती के आरोपी को न्यायालय ने कारावास व अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड जमा न करने पर उसे अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी पड़ेगी।

1 मार्च 2018 को पनवार थाने की पुलिस ने आर्म्स एक्ट में फरार आरोपी भागवेन्द्र सिंह को पकडने के लिए घेराबंदी की। जैसे ही पुलिस पहुंची तो आरोपी ने अपनी पिस्टल से पुलिस पर फायर कर दिया। उसने पांच फायर किए जिसमें एक गोली आरक्षक सुनील मर्सकोले की ऊंगली पर लगी। बाद में आरोपी फायर करते हुए गांव से भाग गया।

आरक्षक की शिकायत पर पनवार थाने में हत्या के प्रयास का मामला दर्ज हुआ और जांच के उपरांत धारा 332 व डकैती अधिनियम की धारा बढ़ाई गई। आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने न्यायालय में पेश किया। मामले की विवेचना कर चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया। अतिरिक्त विशेष न्यायाधीश विक्रम सिंह के न्यायालय में सुनवाई हुई।

अभियोजन की ओर से पैरवी लोक अभियोजक शशि तिवारी ने की। न्यायालय ने दोनों पक्षों की दलीलों को सुना और आरोपी को पुलिस पर हमले का दोषी मानते हुए उसे दस वर्ष के कारावास व अर्थदंड से दंडित किया है।

## नगर निगम की आईईसी टीम द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक एवं चार डस्टबिन को लेकर किया गया नुक्कड़ नाटक



**रीवा।** स्वच्छता अभियान के अंतर्गत निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देशानुसार दिनांक 11/05/2024 को नगर निगम की आईईसी टीम द्वारा शहर में साई मंदिर, प्रकाश चौराहा में सिंगल यूज प्लास्टिक एवं चार डस्टबिन को लेकर नुक्कड़ नाटक किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नागरिको को यह संदेश दिया गया कि सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंधित है इसका उपयोग करने से हमारे शहर में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ता है इसलिए इसकी जगह पर कपड़े एवं कागज के झोले, जूट के झोले आदि का उपयोग करें, सिंगल यूज प्लास्टिक का हमे पूर्ण रूप से त्याग करना चाहिए। इसके साथ साथ चार डस्टबीन में चार प्रकार के कचरे को अलग अलग कर कचरा गाड़ी में देने के लिए नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यह भी सन्देश दिया गया की आप के घरों से जो कचरा निकलता है उसको डस्टबीन में अलग कर के कचरा गाड़ी में ही दे जिससे हम अपने शहर को स्वच्छ और सुंदर बना सके। इस दौरान वॉर्ड के स्वच्छता चौंपियन, आईईसी टीम के सदस्य एवं नागरिकगण मौजूद रहे।

## मउगंज में धूमधाम से मनाई गई परशुराम जयंती




**मउगंज।** मऊगंज जिले में भगवान परशुराम जी की पूजा अर्चना कर भव्य शोभा यात्रा रैली निकाली गई कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं वर्तमान विधायक देवतालाब माननीय गिरीश गौतम जी उपस्थित रहे एवं अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित मोहन लाल तिवारी जी, मऊगंज जिला अध्यक्ष श्री नर्मदा प्यासी जी, प्रदेश प्रभारी अखिलेश कुमार पाण्डेय जी के नेतृत्व में यह कार्यक्रम हुआ और सभी रीवा की मातृ शक्ति और विप्र समुदाय द्वारा बड़े हनुमान मंदिर से शोभा यात्रा सैकड़ों चार पहिया वाहन, 500 दो पहिया वाहन, एवं हजारो विप्र एवं सनातनी के बीच मूनलैंड गार्डन तक विशाल शोभायात्रा निकाली गई । जिसमें ग्रामीण एवं शहरों के गणमान्य नागरिको महिलाओं एवं पुरुषों द्वारा बढ़-चढ़कर उत्साह के साथ हिस्सा लिया गया शोभायात्रा समापन पर मऊगंज जिले के विप्र समुदाय द्वारा भगवान परशुराम के अवतार उनकी शक्तियों एवं समाज सुधार की दिशा में किए गए प्रयासों पर चर्चा की गई उनके बताएं रास्ते पर चलने से अनेक प्रेरणा एवं मानव जीवन सफल होता है उक्त बातें अपने-अपने विचारों में कही गई इस अवसर पर राकेश शर्मा, दलवीर द्विवेदी, आरती मिश्रा, पुष्पां द्विवेदी, उमेश तिवारी, उत्तकम मिश्रा, उदित पयासी, प्रकाश पयासी, प्रिंस गौतम, महेन्द्र मिश्रा, पूनम मिश्रा, सुनीती व्योस, सुमन शुक्लाा, प्रवीण मिश्रा, जयंती पाण्डेमय, राखी पाण्डेरय, नीतू पाठक, डा सबिता मिश्रा, प्रभा सोहगौरा, संध्याम द्विवेदी, अर्चना द्विवेदी, आकांक्षा पयासी, अराधना गौतम, श्रीमती विमला पयासी, गीता तिवारी, राजेन्द्रव मिश्रा, मृगेन्द्र सिंह सेंगर, मृगेन्द्रत सिंह बघेल, संजय सोनी, विनोद कोल, रामरूप भारती, महेन्द्र सिंह अतरैला, डा ब्रम्हसप्रकाश, डा संतोष समदिया, जर्नादन पयासी, कान्हाम, नारायण पाण्ड्य, देवेन्द्रर सिंह, उदय सिंह, सुनीता पटेल, राकेश गौतम, मृत्युंजय चतुर्वेदी, अरुणा तिवारी, कैप्टन संतोष पयासी, कृष्ण शंकर शर्मा, कवी तिवारी, मृगेंद्र सिंह अधिवक्ता, संतोष मिश्रा, विपिन मिश्रा, संजू तिवारी , सुरेंद्र गिरी, राकेश सिंह, संदीप शुक्ला, संतोष मिश्रा, पप्पू सिंह, यूके चतुर्वेदी विश्वनाथ मिश्र मुद्रिका चतुर्वेदी जयकुमार तिवारी पंकज मिश्रा संजय मिश्रा, राकेश तिवारी, संतोष मिश्रा, ब्रह्मा विद्या तपो ज्योति, कर्दम ऋषि, गया प्रसाद मिश्रा, चष्ठ शुक्ला, रामसजीवन शर्मा, बृजेन्द्र गुप्ता, मन्नू लाल गुप्ता, महेंद्र सिंह अतरैला, सुरेंद्र सिंह, डॉ हरिहर शुक्ला, सुरेंद्र मिश्रा, रामसजीवन पाण्डेय, केसव प्रसाद मिश्रा, गोपाल नारायण प्यासी, सहित हजारों परशुराम भक्ति उपस्थित रहे!


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : **MP/SDL/DN/-30/2015-17,** दूरभाष : 09424315633,7389444833